सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 14 नवम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 124, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



भारत का कुल निर्यात रिकॉर्ड 89.99 अरब डॉलर पर

भारत का वस्तुओं और सेवाओं सहित कुल निर्यात 29 .9 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 89 .99 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। } 11

भारत में विज्ञान व आध्यात्मिकता साथ-साथ चलते हैं : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता साथ-साथ चलते हैं और भारतीय युवा खगोल भौतिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहे हैं। } 12

जाकिर नाइक के संगठन पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विवादित उपदेशक जाकिर नाइक के संगठन इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर लगे प्रतिबंध को शुक्रवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह संगठन देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल रहा है और इसकी गतिविधियों से शांति तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। मंत्रालय की ओर से जारी राजपत्रित अधिसूचना में कहा गया है कि विधि विरुद्ध क्रिया-कलाप (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए आईआरएफ को गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया था। इस फैसले को विधि विरुद्ध क्रिया-कलाप (रोकथाम) न्यायाधिकरण ने भी बरकरार रखा था। संगठन पर लगाया गया पिछला प्रतिबंध 14 नवंबर को समाप्त हो रहा है।

शांति व सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका के चलते बढ़ाया गया बैन

अधिसूचना में कहा गया केंद्र सरकार का मानना है कि आईआरएफ और उसके सदस्य, विशेष रूप से संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. जाकिर अब्दुल करीम नाइक उर्फ डॉ. जाकिर नाइक अपने अनुयायियों को धर्म के आधार पर विभिन्न धार्मिक समुदायों और समूहों के बीच वैमनस्य, शत्रुता, घृणा और द्वेष की भावना फैलाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और उन्हें सहायता दे रहे ...शेष पृष्ठ 11 पर

राष्ट्रपति से अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार पाकर खिले खिलाड़ियों के चेहरे

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में खिलाड़ियों और कोचों को अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जिससे वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद मिले इस सम्मान से खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे।

इस मौके पर खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धियों पर खुशी जताने के साथ भविष्य के बड़े लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प भी दोहराया। डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर, शतरंज ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती और हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी के लिए यह सम्मान खास रहा। इनके अलावा बधिर निशानेबाज धनुष श्रीकांत और पैरा निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को भी अर्जुन पुरस्कार दिया गया। कोच नेहा चव्हाण और छोटे लाल यादव को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस साल किसी खिलाड़ी को खेल रत्न का पुरस्कार नहीं दिया गया। देश में इससे पहले 2014 में किसी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया था। तेजस्विन शंकर ने कहा कि यह सम्मान उनके खेल करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन उनका सफर अभी खत्म नहीं हुआ है। तेजस्विन ने कहा यह निश्चित रूप से मेरे खेल करियर का एक बड़ा मुकाम है। मैंने एशियाई और राष्ट्रमंडल स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अब मेरा अगला लक्ष्य विश्व स्तर पर पदक जीतना है। मैं ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेना चाहता हूं। मुझे लगता है कि मेरा सफर अभी आधा ही पूरा हुआ है। यह तो बस शुरुआत है। शतरंज ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने कहा कि पुरस्कार मिलने से ज्यादा खुशी उन्हें अपने परिवार के चेहरों पर गर्व और खुशी देखकर हुई। उन्होंने कहा यह बहुत अच्छा अहसास है। अपने परिवार के सदस्यों को खुश देखकर अच्छा लग रहा है। शुरुआती वर्षों में हमने काफी संघर्ष किया। हमने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा दिन भी आएगा। परिवार को खुश और गर्व महसूस करते देखना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। बधिर निशानेबाज धनुष श्रीकांत के लिए यह सम्मान कई चुनौतियों से भरे सफर का सुखद पड़ाव रहा। उनकी मां आशा ने उन्हें निशानेबाजी में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। बधिर और सामान्य खिलाड़ियों की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले धनुष के नाम डेफलम्पिक्स का रिकॉर्ड भी है। पुरस्कार समारोह में धनुष अपनी मां के साथ पहुंचे थे। आशा ने उनके शुरुआती दिनों के संघर्ष को याद करते हुए कहा, जब उन्होंने शुरुआत की थी तो काफी मुश्किलें थीं। मैं हर जगह उनके साथ जाती थी। कोच और अन्य बड़े लोगों से बातचीत करती थी। उनके लिए मैं एक तरह से दुभाषिये का काम करती थी। हॉकी खिलाड़ी ...शेष पृष्ठ 11 पर


संक्षेप

अगले साल 23 मई को होगी जेईई-एडवांस्ड

नयी दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली ने शुक्रवार को घोषणा की कि आईआईटी में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड 23 मई, 2027 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का आयोजन आईआईटी दिल्ली करेगा। जेईई-मेन में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले शीर्ष 2.5 लाख अभ्यर्थियों को जेईई-एडवांस्ड में शामिल होने की अनुमति दी जाती है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड 23 मई, 2027 को आयोजित की जाएगी। इसमें कहा गया जेईई-एडवांस्ड में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 10-12 अंकों की डिस्प्ले वाले बेसिक (गैर-वैज्ञानिक) ऑन-स्क्रीन कैलकुलेटर का इस्तेमाल करने की सुविधा मिलेगी। अभ्यर्थियों को लगातार दो वर्षों में अधिकतम दो बार परीक्षा देने की अनुमति है। पहली बार परीक्षा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले वर्ष में और दूसरी बार उसके अगले वर्ष दी जा सकती है।

माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं हुईं ठप

बर्लिन। माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं तकनीकी खराबी के कारण ठप क्या हुईं, बहुत से दफ्तरों में कामकाज पर इसका सीधा असर दिखने लगा। आउटलुक और टीम्स पर ईमेल और मैसेज का आदान-प्रदान बंद हो गया लेकिन सोशल मीडिया पर इसे लेकर मजाकिया संदेशों और मीम की जैसे बाढ़ ही आ गयी। इस गतिरोध से कितने इंटरनेट उपयोगकर्ता प्रभावित हुए हैं, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह संख्या 43 करोड़ तक हो सकती है, यह वही आंकड़ा है जिसे यह प्रौद्योगिकी दिग्गज उन लोगों की संख्या के रूप में बताती है जो माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप का इस्तेमाल करते हैं। इन उपयोगकर्ताओं में से बहुत से लोग एक ही चीज बार-बार कर रहे थे : रिफ्रेश, रिफ्रेश और फिर रिफ्रेश।



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- गोरखपुर में फिशरीज ऑफिस खोलेगा मलेशिया (पृष्ठ-02)
- जलकल कर्मचारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं (पृष्ठ-02)
- रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 94.20 प्रति डॉलर (पृष्ठ-12)
- जेलेंस्की से मिलने अमेरिकी दूत डबलिन रवाना (पृष्ठ-12)
- यात्री वाहनों की थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी (पृष्ठ-12)

यूपी में भाजपा को हैट्रिक लगाने से कोई नहीं रोक सकता : योगी

भाजपा के मतदाता जोड़ो अभियान के तहत सीएम योगी और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को दी सीख

शैलेन्द्र श्रीवास्तव



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के मतदाता जोड़ो अभियान के तहत आयोजित विशेष कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्येक पात्र वयस्क नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना उसका संवैधानिक अधिकार है, वहीं प्रत्येक अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटवाना लोकतंत्र को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी है। जो व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं है, वयस्क नहीं है अथवा जिसका नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज है, उसका नाम मतदाता सूची में बने रहना उचित नहीं है। मतदाता सूची का शुद्धीकरण केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का संवैधानिक दायित्व है। पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और 19 नवंबर से बूथ स्तर पर युद्धस्तर पर अभियान शुरू करें। कार्यशाला की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोपहर में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के निकट एक बेहद दुखद दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि मृतकों में कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल कई लोगों का बोकाखाट सिविल अस्पताल और जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। शर्मा ने कहा, मंत्री रानोज पेगू जल्द ही काजीरंगा जाएंगे और मैं भी कल वहां जाऊंगा। इससे पहले गोलाघाट जिले के एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने संवाददाताओं से कहा था कि हादसे में मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

उन्होंने कहा घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए पहले से ही नौ एम्बुलेंस तैनात हैं। यहां के चिकित्सकों ने 20 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जोरहाट भेजा है। उन्होंने बताया कि मृतकों में से आठ की पहचान ज्योति माझी, दर्पणा माझी, अनुराग गोआला (12 वर्षीय बालक), अब्दुल मुजीद (मिनी बस का चालक), सुभाष (मिनी बस का सहायक), राशिद अली, हफीजा खातून और फरहाना यास्मीन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मिनी बस गोलाघाट से नगांव जा रही थी, जबकि कंटेनर ट्रक ऊपरी असम की ओर जा रहा था। इससे ...शेष पृष्ठ 11 पर

ओडीओपी की तर्ज पर अब वन डिस्ट्रिक्ट वन आर्ट को बढ़ावा देगी यूपी सरकार : सीएम

आशीष मौर्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन की तर्ज पर अब वन डिस्ट्रिक्ट वन आर्ट को बढ़ावा देने का बड़ा आह्वान किया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोमती नगर स्थित संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित धरोहर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति को नष्ट कर उसे स्थायी रूप से गुलाम बनाने के बहुत षड्यंत्र हुए लेकिन हमारी सनातन संस्कृति और लोक कलाओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी देश की आत्मा को जीवित रखा। इस अवसर पर उन्होंने संस्कृति विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि अकादमी में मानव संसाधन की कमी को तत्काल दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया की ...शेष पृष्ठ 11 पर

अब अग्निवीरों के पास नियमित नौसैनिक बनने का अतिरिक्त अवसर

नयी दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने शुक्रवार को आईएनएस चिल्का में अग्निवीरों के नौवें बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए अग्निपथ योजना में किए गए बदलावों का जिक्र किया और कहा कि अब अग्निवीरों के पास नियमित नाविक बनने का एक अतिरिक्त अवसर है।

एडमिरल ने कहा एक ही बैच में 3,358 प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण पूरा करने के साथ यह आईएनएस चिल्का का अब तक का सबसे बड़ा बैच है। इनमें 142 महिला अग्निवीर भी शामिल हैं, जो आज लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। किसी छोटे शहर या गांव में उन्हें देख रही कोई युवा लड़की भी कहेगी कि मैं भी ऐसा करना चाहती हूं। ओडिशा स्थित नौसेना के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान में बैच 02/26 की भव्य पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। इसके साथ ही 3,358 प्रशिक्षुओं का प्रारंभिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया। नौसेना ने कहा कि इस बैच में 142 महिला अग्निवीरों सहित कुल 2,756 अग्निवीर, भारतीय नौसेना के 286 चिकित्सा सहायक और भारतीय तटरक्षक बल ...शेष पृष्ठ 11 पर

मिनी बस-कंटेनर ट्रक की टक्कर, 26 की मौत

असम में काजीरंगा के पास हुआ भीषण हादसा, 20 अन्य यात्री घायल

एजेंसी



काजीरंगा (असम)। असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के निकट शुक्रवार को एक मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 26 लोगों की मौत हो गई तथा 20 अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि उनमें से कई कॉलेज के छात्र थे, जो कक्षाएं खत्म होने के बाद घर लौट रहे थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर कोहोरा रेंज स्थित हाथीकुली चाय बागान के निकट रंगाजान में बस की ट्रक से टक्कर हो गई।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विश्वनाथ में एक आधिकारिक

राजनाथ ने दिया नैतिकता व राष्ट्र निर्माण का संदेश

आध्यात्मिक ऊंचाइयां प्राप्त करने के लिए भी मन का विशाल होना आवश्यक

अनिल द्विवेदी



लखनऊ। आध्यात्मिक चेतना और मानवीय मूल्यों के प्रसार को समर्पित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना के 90 वर्ष तथा लखनऊ में 72 वर्षों की गौरवशाली सेवा यात्रा के उपलक्ष्य में निर्मित दिव्य संस्कृति भवन एवं गुलजार उपवन (राजयोग प्रशिक्षण केंद्र) का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने भवन का उद्घाटन कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद रामचंद्र सिंह प्रधान, मुकेश शर्मा, पवन सिंह चौहान, विधायक ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, अमरेश कुमार, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव, ओम शांति रिट्रीट सेंटर दिल्ली की निदेशिका आशा दीदी, ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू के अतिरिक्त महासचिव मृत्युंजय भाई, मनोरमा बहन, राधा बहन सहित गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मनुष्य का मन छोटा नहीं होना ...शेष पृष्ठ 11 पर

विशेष ख़बर योगी सरकार की दूरदर्शी पहल से स्कूली शिक्षा के साथ कौशल विकास को मिल रही नयी दिशा

कौशल मानकों को पूरा करने वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

शैलेन्द्र श्रीवास्तव



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय उन्हें रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए तैयार करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के व्यावसायिक शिक्षा के तहत निर्धारित कौशल विकास के पांचों मानकों को पूरा करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इन सभी मानकों को अपने कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।

योगी सरकार की इस पहल के तहत अब स्कूली विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, सॉफ्ट स्किल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं डिजिटल कौशल के साथ वित्तीय जागरूकता और उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) की योजना 'प्रोजेक्ट प्रवीण' में दो नए मॉड्यूल शामिल किए जाने से विद्यार्थियों के सर्वांगीण कौशल विकास को नई मजबूती मिली है। मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर शुरू किए गए इन मॉड्यूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को कम उम्र से ही आर्थिक समझ, वित्तीय प्रबंधन और स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा को स्कूली शिक्षा से जोड़ने और विद्यार्थियों को शुरूआती स्तर से ही व्यावहारिक कौशल उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया है। इसी उद्देश्य से निर्धारित पांच प्रमुख मानकों में तकनीकी कौशल प्रशिक्षण, सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण, एआई एवं डिजिटल कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय कौशल और उद्यमिता विकास शामिल हैं। उत्तर प्रदेश ने प्रोजेक्ट प्रवीण के माध्यम से इन सभी मानकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा बनाकर स्कूली शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

अब तक प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत विद्यार्थियों को न्यूनतम 180 घंटे का तकनीकी कौशल प्रशिक्षण, 30 घंटे का सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण और चार घंटे का एआई एवं डिजिटल कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा था। अब इसमें दो घंटे का वित्तीय कौशल और दो घंटे का उद्यमिता विकास मॉड्यूल भी जोड़ दिया गया है। वित्तीय कौशल मॉड्यूल के माध्यम से विद्यार्थियों को बचत, वित्तीय प्रबंधन और आर्थिक निर्णय लेने ...शेष पृष्ठ 11 पर

गाजियाबाद में 10 लाख पात्र लोग मतदाता सूची से बाहर

मो. दानिश सिद्दीकी

गाजियाबाद/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को बताया कि गाजियाबाद में करीब 10 लाख पात्र नागरिकों के नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं।

उन्होंने अधिकारियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के दौरान अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिणवा ने गाजियाबाद में आयोजित समीक्षा बैठक में बताया 17 नवंबर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त आवेदनों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची चार जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। उन्होंने बताया कि नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-छह, किसी नाम को शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराने या अपात्र व्यक्ति का नाम हटवाने के लिए फॉर्म-सात और नाम, पता सहित अन्य विवरणों में संशोधन के लिए फॉर्म-आठ भरा जा सकेगा।

अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान 21-22 नवंबर और 28-29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। रिणवा के अनुसार इन दिनों बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) मतदान केंद्रों पर मौजूद रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। गाजियाबाद की ...शेष पृष्ठ 11 पर

गोरखपुर में फिशरीज प्रोजेक्ट ऑफिस खोलेगा मलेशिया का वर्ल्डफिश सेंटर

मत्स्य विभाग व वर्ल्डफिश सेंटर के मध्य शुक्रवार को हुआ एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। वर्ल्डफिश गोरखपुर में उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट ऑफिस खोलेगी। इस निमित्त शुक्रवार को उत्तर प्रदेश, मत्स्य विभाग तथा वर्ल्ड फिश सेंटर, मलेशिया के बीच एमओयू हुआ। समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान उत्तर प्रदेश सरकार की महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. व वर्ल्डफिश सेंटर, मलेशिया के महानिदेशक डॉ. ईसाम यासीन मोहम्मद ने किया।योजना के माध्यम से पूर्वांचल के मत्स्य पालकों, हैचरी संचालकों, युवाओं, शोधकताओं एवं विभागीय कार्मिकों को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज की उपलब्धता, आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों के प्रसार तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना है। योजना के माध्यम से प्रदेश में आधुनिक मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र/ हैचरी विकसित कर उन्नत मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य उत्पादन व उत्पादकता एवं खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना साथ ही उन्नत प्रजातियों के गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज उत्पादन तकनीक का विकास एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं मत्स्य पालकों का तकनीकी प्रशिक्षण व एक्सपोजर विजिट के माध्यम से क्षमता विकास करना है। डीजी मत्स्य ने बताया कि वर्ल्डफिश उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट की ओर से पेंगेसियस एवं गिफ्ट तिलापिया जैसी उन्नत मत्स्य प्रजातियों के हैचरी बीज उत्पादन के लिए तकनीकी सहयोग एवं हैंडहोल्डिंग प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत ब्रूड स्टॉक प्रबंधन, प्रजनन, स्पॉन, फ्राई एवं फिंगरलिंग उत्पादन की समस्त प्रक्रियाओं में तकनीकी विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त अमृत कतला, जयन्ती रोहू एवं अमूर कॉमन कार्प सहित आनुवंशिक रूप से उन्नत मत्स्य प्रजातियों के बीज उत्पादन एवं संरक्षण के लिए स्टेट ब्रूड स्टॉक मल्टीप्लीकेशन एंड रिसर्च फैकल्टी, न्यूक्लियस ब्रूड बैंक तथा पेडीग्री जर्मप्लाज्म संरक्षण जैसी सुविधाओं के विकास में तकनीकी सहयोग दिया जाएगा। वर्ल्डफिश उत्तर प्रदेश फिशरीज योजना शत-प्रतिशत राज्य पोषित योजना है, यह योजना प्रदेश में उच्च उत्पादकता वाली आनुवंशिक रूप से उन्नत मत्स्य प्रजातियों के बीज उत्पादन, आधुनिक तकनीकों के हस्तांतरण, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के माध्यम से मत्स्य क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इन विशिष्ट प्रजातियों के मत्स्य बीज उत्पादन में प्रदेश आत्मनिर्भर बन सकेगा, साथ ही इससे प्रदेश की मत्स्य उत्पादकता एवं आय में वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। एमओयू के दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव (मत्स्य) मुकेश कुमार मेश्राम आई ए एस, वर्ल्डफिश सेंटर, मलेशिया के महानिदेशक डॉ. ईसाम यासीन मोहम्मद, भारत में वर्ल्डफिश के प्रतिनिधि अरुण पड़ियार सहित मत्स्य विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

जनगणना की तैयारियां तेज, 16 से शुरू होगी ऑनलाइन स्वगणना

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की तैयारियों को लेकर नगर निगम लखनऊ ने कार्ययोजना तेज कर दी है। नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार रात आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में जनगणना कार्य को व्यवस्थित, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं जनगणना विभाग के उप निदेशक डॉ. गौरव पाण्डेय ने जनगणना की प्रक्रिया, निर्धारित समय-सारिणी और नगर निगम की भूमिका के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी। बैठक में नगर निगम के सभी जोनल अधिकारी और कर अधीक्षक मौजूद रहे।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में आमजन को पहली बार डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर मिलेगा। 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक नागरिक ऑनलाइन स्वगणना के माध्यम से अपने परिवार और परिवार के सदस्यों का विवरण दर्ज कर सकेंगे। हालांकि, यह सुविधा पूरी तरह वैकल्पिक होगी। जो परिवार ऑनलाइन स्वगणना नहीं कर सकेंगे, उनके घर पहुंचकर प्रगणक जनगणना का कार्य पूरा करेंगे।

ऑनलाइन स्वगणना के दौरान नागरिकों को आधिकारिक पोर्टल पर जाकर राज्य और भाषा का चयन करना होगा। इसके बाद मोबाइल नंबर को ओटीपी के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। डिजिटल मानचित्र पर घर की लोकेशन की पुष्टि करने के बाद परिवार के मुखिया और परिवार के अन्य सदस्यों की आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। सभी जानकारियां भरने के बाद फॉर्म जमा करने पर स्वगणना पहचान संख्या यानी एसई आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना होगा। नगर निगम के अनुसार, स्वगणना पूरी करने के बाद भी जनगणना कर्मी घर पहुंचेंगे। एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 के बीच प्रगणक घर-घर जाकर दर्ज जानकारी का सत्यापन करेंगे। ऐसे में ऑनलाइन स्वगणना करने वाले नागरिकों को जनगणना कर्मियों को अपनी एसई आईडी उपलब्ध कराकर सत्यापन प्रक्रिया में सहयोग करना होगा।

10,467 प्रगणक एवं सुपरवाइजर होंगे तैनात : लखनऊ जनपद में जनसंख्या गणना का कार्य एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक चलाया जाएगा। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के लिए कुल 10,467 प्रगणक एवं सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे। इसके बाद पांच से नौ जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा। वहीं, चार जनवरी को बेघर लोगों की गणना भी की जाएगी। इसके लिए अलग से विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति जनगणना से छूट न सके।

40 सवालों के माध्यम से जुटाई जाएगी जानकारी

जनसंख्या गणना के दौरान निर्धारित प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न शामिल होंगे। इनके माध्यम से परिवार के प्रत्येक सदस्य का नाम, आयु, लिंग, जन्मतिथि, वैवाहिक स्थिति, परिवार के मुखिया से संबंध, धर्म, मातृभाषा, शैक्षिक योग्यता और रोजगार सहित विभिन्न जानकारियां एकत्र की जाएंगी। इसके अलावा जन्मस्थान, वर्तमान निवास, प्रवासन, आजीविका, दिव्यांगता तथा बैंकिंग सुविधाओं से संबंधित जानकारी भी दर्ज की जाएगी। इन आंकड़ों का उपयोग भविष्य में विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के आवंटन और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्धारण में किया जाएगा।

देश की 16वीं और आजादी के बाद आठवीं जनगणना : जनगणना-2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आठवीं जनगणना होगी। इस बार जनगणना की प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से भी संचालित की जा रही है। माना जा रहा है कि डिजिटल व्यवस्था से आंकड़ों के संकलन और प्रबंधन में तेजी और पारदर्शिता आएगी।

सरहद के वीरों के परिवारों के अरमान पूरे करेगी योगी सरकार

कुलवंत सिंह स्टेडियम में आज सजेगा पूर्व सैनिक रैली का मंच

मेरठ। सरहद की रक्षा करते हुए दुश्मनों के मंसूबों को नाकाम करने वाले वीर सैनिकों के सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 14 नवंबर को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में होने वाली इस रैली में 2500 से 3000 पूर्व सैनिक, वीर नारियां और दिवंगत सैनिकों की पत्नियां शामिल होंगी। यह आयोजन न केवल देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों के शौर्य और बलिदान को सम्मान देने का अवसर बनेगा, बल्कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से जुड़ी समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच भी बनेगा।

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य कमान के सेनाध्यक्ष की रहेगी मौजूदगी**

रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भारतीय सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा (एवीएसएम) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। दोनों की मौजूदगी प्रदेश सरकार और भारतीय सेना की ओर से पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाएगी। इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्र की सुरक्षा में पूर्व सैनिकों के अतुलनीय योगदान को याद करने के साथ उनके प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त की जाएगी। रैली का प्रमुख उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और दिवंगत सैनिकों के परिवारों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित मंच उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभिन्न विभागों और संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। पेंशन संबंधी प्रकरणों, दस्तावेजों में त्रुटियों, लंबित दावों और अन्य देय सुविधाओं से जुड़े मामलों में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारी पात्र लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी देंगे। इस पहल से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। साथ ही, उन्हें समय पर सहायता उपलब्ध कराने और उनके अधिकारों का लाभ दिलाने की दिशा में भी प्रयास किया जाएगा। रैली में वीर नारियों और दिवंगत सैनिकों की पत्नियों के त्याग, संघर्ष और योगदान को भी विशेष महत्व दिया जाएगा। देश की रक्षा में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति सम्मान प्रकट करना इस आयोजन का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। यह मंच उन्हें अपनी समस्याएं रखने और संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगा। राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के परिवारों के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना भी इस पहल का अहम हिस्सा है।

जलकल कर्मचारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं, मुख्यालय पर गरजे कर्मचारी

विशेष संवाददाता (vol)

- **नियमित और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग**

लखनऊ। कर्मचारियों की लंबित मांगों, वेतन संबंधी समस्याओं और कथित उत्पीड़न के विरोध में जलकल कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को जलकल विभाग मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को उठाते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि नियमित और आउटसोर्सिंग कर्मचारी जलकल विभाग के अभिन्न अंग हैं। दोनों वर्गों के कर्मचारियों की सेवा संबंधी विसंगतियां, वेतन संबंधी समस्याएं और उत्पीड़न के मामले गंभीर हैं। इनका समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए।


संगठन ने कहा कि कर्मचारी विभागीय व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम और योगदान का सम्मान करने के बजाय उन्हें समस्याओं और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, जो उचित नहीं है। कर्मचारियों के अधिकार, सम्मान और न्याय के मुद्दे पर संगठन किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा।

प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि कर्मचारियों की जायज समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन ने दो टूक कहा कि नियमित हों या आउटसोर्सिंग, सभी कर्मचारी एक परिवार का हिस्सा हैं। उनके अधिकारों और सम्मान की लड़ाई एकजुट होकर लड़ी जाएगी।

भाजपा शिफ्ट हुए वोटों को दोबारा जुड़वाने की कर रही साजिश

सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को हर स्तर पर सतर्क रहने की दी हिदायत

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा मतदाता सूची में फर्जी और शिफ्ट हुए वोटों को दोबारा जुड़वाने की साजिश कर रही है। भाजपा की तैयारी है कि उसके अनरजिस्टर्ड, अंडरग्राउण्ड, सुरंग जीवी लोग मिलकर मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमांचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और अन्य जगहों के लोगों को लाकर उनके वोट बनवा दें, क्योंकि भाजपा वोट के मामले में हार गयी है। अगर वोटरलिस्ट से 1 करोड़ 27 लाख वोट कट गये हैं। 31 हजार वोट हर विधानसभा में कम हो गये हैं तो भाजपा की कितनी सीटें बचेगी। चुनाव में भाजपा का पता नहीं चलेगा।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेस में एसआईआर के दौरान अपना वोट बचाने और वोटरलिस्ट में मतदाताओं का नाम जुड़वाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी लोग पूरी तरह से सावधान रहे, नहीं तो वोट डालने जाएंगे तो बता दिया जाएगा कि वोटरलिस्ट में वोट नहीं है और भगा दिया जाएगा। उन्होंने आधारकार्ड और वोटरआईडी मेटल का बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ा जाए। सभी का बायोमेट्रिक है। मतदान बायोमैट्रिक के जरिए हो। इससे पारदर्शिता आएगी। फर्जी वोट और मतदान पर रोक लेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग के बीच क्या सांठ-गांठ है? विपक्ष को चुनाव आयोग से कोई जानकारी नहीं मिलती और मुख्यमंत्री को सब पता चल जाता है।

अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का लक्ष्य

लखनऊ। सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पार्टी के कैडर, 86 विधानसभा आरक्षित सीटों के विधानसभाध्यक्षों, ब्लाक प्रभारियों और प्रमुख जनपदीय नेताओं की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी को 2027 विधानसभा चुनाव को जिताने का लक्ष्य दिया और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। अखिलेश यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि 2027 का चुनाव जीने-मरने का चुनाव है। लोकतंत्र के लिए भी यह महत्वपूर्ण है। इस चुनाव में भाजपा की चालों से सतर्क रहना है और सावधानी से चुनाव लड़ना है। अपने व्यवहार और भाषा में संयम बरतना है। सपा पर बड़ी जिम्मेदारी है।

आराधना मिश्रा ने नेताओं को दिया जीत का मंत्र



लखनऊ। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार से औपचारिक रूप से चुनावी शंखनाद का उद्घोष कर दिया है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना की अध्यक्षता में प्रदेश भर के सभी जिला एवं शहर अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रमुखों की कार्यशाला का आयोजन हुआ।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का है, हम लड़ेंगे और जीतेंगे। आज मिशन 2027 का आगाज हो रहा है आप सभी कांग्रेस के योद्धा हैं। उन्होंने कहा कि चार महत्वपूर्ण विषय हैं जिन पर हमें आपको कार्य करना है और युद्ध के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि पहला मीडिया है- चुनाव के लिए नैरेटिव सेट करने का काम करता है कैसे माहौल बनेगा इसे तय करना है। दूसरा सोशल मीडिया-राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, इसका किस तरह सकारात्मक रूप से उपयोग करना है यह बहुत आवश्यक है।

तीसरा-वार रूम, जब लड़ाई के लिए युद्ध निकलता है तो किस तरह लड़ाई करनी है इसकी जानकारी वार रूम से दी जाती है कि जन-जन तक और कार्यकर्ताओं तक पार्टी की जानकारी पहुंचायी जाए। चौथा विधि विभाग- एसआईआर के लिए राहुल गांधी के संघर्ष को लेकर आज पूरा देश खड़ा हो गया। हमारे नेताओं ने बहुत मेहनत की और उस मेहनत से जो माहौल बना उसे जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी और आपकी है।

वोटर के वोट को सुरक्षित रखते हुए उसको बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी आपकी है। उन्होंने कहा कि आज के बाद आप लोगों को जिले-जिले कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को मजबूत करना है चुनाव लड़ना है लड़ाना है और हम निश्चित जीतेंगे। इस कार्यशाला में चार प्रमुख विषयों- मीडिया, सोशल मीडिया, विधि विभाग एवं कनेक्ट सेंटर द्वारा प्रजेंटेशन (डिजिटल स्क्रीन) के माध्यम से सभी जिला एवं शहर अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रमुखों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

साइबर अपराधियों के जाल में फंसे लोगों के खाते अनिश्चितकाल तक फ्रीज रखना उचित नहीं, समाधान तलाशे केंद्र सरकार

विधि संवाददाता

- **हाईकोर्ट ने गृह मंत्रालय को पक्षकार बनाकर मांगा जवाब, बैंकों को साइबर सेल से संपर्क कर मामले सुलझाने का निर्देश**

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने साइबर अपराधियों के जाल में फंसकर अपनी पहचान और बैंक खातों का दुरुपयोग झेलने वाले निर्दोष नागरिकों के खाते अनिश्चितकाल तक फ्रीज रहने की समस्या पर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से ऐसे मामलों के समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित करने को कहा है।

कोर्ट ने कहा कि संबंधित मंत्रालयों और विभागों को ऐसी समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए, जिसमें भोले-भाले नागरिक साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाते हैं और उनके विवरण का इस्तेमाल अपराध करने में किया जाता है, जबकि उनके बैंक खाते अनिश्चितकाल तक फ्रीज रहते हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद नियत किया है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने एक बिल्डर की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेष डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एस बी पांडेय को केंद्र से निर्देश प्राप्त कर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। याचिका में कहा गया है कि याची बिल्डर के बेटे ने साइबर अपराधी द्वारा भेजे गए लिंक पर गलती से क्लिक कर दिया था। साथ ही आधार कार्ड का विवरण और अन्य जानकारियां भी साझा कर दी थीं। आरोप है कि साइबर अपराधियों ने इन जानकारियों का दुरुपयोग कर अन्य लोगों से बैंक खातों के माध्यम से ठगी की। इसके परिणामस्वरूप याची के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए, जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो गया। इस मामले में याची ने वर्ष 2020 में स्वयं प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। इससे पहले वह एक बचत खाते को फ्रीज मुक्त कराने के लिए हाईकोर्ट पहुंचे थे। तब कोर्ट ने उन्हें पुराना आधार निरस्त कर नया आधार जारी कराने के लिए यूआइडीएआइ से संपर्क करने की अनुमति दी थी। इसके बाद आधार के नए बायोमेट्रिक लिए गए और मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया, लेकिन बैंक खाते फ्रीज रहने की समस्या दूर नहीं हुई। वहीं बैंकों की ओर से पीठ को बताया गया कि साइबर सेल से संपर्क किया गया था, लेकिन कोई निर्देश नहीं मिलने पर खाते फ्रीज करने की कार्रवाई बंद कर दी गई।

कोर्ट ने संबंधित बैंकों को साइबर सेल के अधिकारियों से संपर्क कर लंबित आपराधिक मामलों की स्थिति पता लगाने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले का समाधान निकालने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त लखनऊ तथा विभूतिखंड थाने के प्रभारी निरीक्षक को भी पक्षकार बनाने का निर्देश दिया।

जनगणना प्रशिक्षण में 42 विभागों के कर्मचारी अनुपस्थित, डीएम को पत्र

- **कर्मचारियों को रिलीव नहीं करने वाले विभागाध्यक्षों पर भी कार्रवाई की मांग**

लखनऊ। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत नगर निगम लखनऊ के आठ जोनल चार्ज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 42 से अधिक विभागों के कर्मचारी अनुपस्थित रहे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी, नगर निगम ने जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी को पत्र लिखकर अनुपस्थित कर्मचारियों के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षण के लिए कार्यमुक्त (रिलीव) नहीं करने वाले संबंधित विभागाध्यक्षों के विरुद्ध भी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

प्रशिक्षण में बेसिक शिक्षा, लोक निर्माण, माध्यमिक शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, लखनऊ विकास प्राधिकरण, उद्यान, वन विभाग, कृषि, विद्युत सुरक्षा, वाणिज्य कर, उच्च शिक्षा, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जल निगम, गन्ना एवं चीनी विकास, मण्डी समिति, पशुपालन, पर्यटन, महिला एवं बाल विकास सहित 42 से अधिक विभागों के कार्मिक अनुपस्थित रहे। इसके अलावा अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ठररड), उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम, जिला पंचायत राज विभाग, सहकारी बैंक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय और निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों के कर्मचारी भी प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए। नगर आयुक्त ने अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जोनल चार्ज अधिकारियों और उनके स्तर से संबंधित विभागाध्यक्षों एवं विभागीय अधिकारियों को कई बार पत्र भेजे जा चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी नहीं दी गई है। साथ ही कर्मचारियों को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए कार्यमुक्त भी नहीं किया जा रहा है।

प्रवासी उत्तराखण्डियों के अनुभव से विकास योजनाओं को मिलेगा विस्तार

तृतीय प्रवासी सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने किया मातृभूमि के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय में आयोजित तृतीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन में कहा कि देश और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्तराखण्ड के लोगों की उपलब्धियां राज्य के लिए बड़ी संपत्ति हैं। उनकी प्रतिभा, तकनीकी दक्षता और उद्यमशीलता प्रदेश की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति को नई गति प्रदान कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में प्रदेश से बाहर गए उत्तराखण्डियों का अपनी जन्मभूमि से जुड़ाव आज भी कायम है। अपनी भाषा, संस्कृति, परंपराओं और गांवों के प्रति उनका लगाव इस बात का प्रमाण है कि भौगोलिक दूरी भावनात्मक रिश्तों को कमजोर नहीं कर सकती। उन्होंने प्रवासियों से इस जुड़ाव को विकास की भागीदारी में बदलने का आग्रह किया।

अपने पैतृक गांवों को गोद लेकर उनके विकास में सहयोग कर रहे 30 प्रवासियों की पहल को सराहनीय बताते हुए धामी ने कहा कि यह प्रयास अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। गांवों में विकास कार्यों के लिए आगे आना अपनी मिट्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का सार्थक माध्यम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार के साथ स्थानीय लोगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में आर्थिक विकास के साथ बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनसुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यटन, कृषि, बागवानी, उद्योग तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में संभावनाओं को विकसित किया जा रहा है। समान नागरिक संहिता लागू कर प्रदेश ने देश में एक अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए सरकारी योजनाओं के साथ जनसहयोग का समन्वय जरूरी है।

प्रवासियों से प्रदेश की विकास प्रक्रिया में भागीदार बनने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अपने ज्ञान और व्यावसायिक अनुभव से स्थानीय युवाओं का मार्गदर्शन करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में उनके सुझाव एवं सहयोग नई संभावनाओं के द्वार खोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी उत्तराखण्डियों की सक्रिय सहभागिता से विकास का लाभ दूरस्थ गांवों तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने राज्य गठन के शुरूआती दौर की परिस्थितियों को याद करते हुए कहा कि इन वर्षों में उत्तराखण्ड ने सड़क और संपर्क सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने प्रदेश की प्राचीन ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि वेद, उपनिषद, योग, संस्कृत और आयुर्वेद की समृद्ध विरासत उत्तराखण्ड को विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान प्रदान करती है।

विधायक विनोद चमोली ने प्रवासियों से अपने पैतृक गांवों में घर बनाने और स्थानीय लोगों के साथ संबंध बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रवासी उत्तराखण्डियों को राज्य के विकास का महत्वपूर्ण सहयोगी बताते हुए कहा कि उनके निवेश, तकनीकी जानकारी और उद्यम स्थापित करने के अनुभव से प्रदेश को लाभ मिल सकता है। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी, दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक किशोर उपाध्याय, प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी, भारत सरकार के सचिव सुधांश पंत, अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चित्रांशी रावत, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ समेत अनेक गणमान्य अतिथि और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रवासी उत्तराखण्डी मौजूद रहे।

पीएम स्वनिधि से 1.33 लाख पथ विक्रेताओं को मिला पहला ऋण

छोटे व्यापारियों की मेहनत शहर की अर्थव्यवस्था की ताकत

लखनऊ। छोटे व्यापारियों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जोन-3 स्थित महानगर कल्याण मंडप में पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने पथ विक्रेताओं को योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेहड़ी-पटरी लगाने वाले छोटे व्यापारी शहर की अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। उनकी मेहनत से न केवल हजारों परिवारों का भरण-पोषण होता है, बल्कि शहर की रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी होती हैं।

महापौर ने कार्यक्रम में सबसे पहले स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में लखनऊ नगर निगम को देशभर में तीसरा स्थान मिलने पर शहरवासियों, सफाई मित्रों और नगर निगम की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि नागरिकों की सहभागिता, सफाई मित्रों की मेहनत और नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2020 में पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की थी। इस योजना के तहत पथ विक्रेताओं को बिना किसी गारंटी के बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना में प्रथम ऋण के रूप में 15 हजार रुपये तक, द्वितीय ऋण के रूप में 25 हजार रुपये तक और तृतीय ऋण के रूप में 50 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को ब्याज में छूट के साथ डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन भी दिया जाता है। महापौर ने बताया कि लखनऊ में पीएम स्वनिधि योजना के तहत अब तक 1,33,313 पथ विक्रेताओं को प्रथम ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके अलावा 51,025 विक्रेताओं को द्वितीय और 9,501 को तृतीय ऋण का लाभ मिला है। वहीं, 1,02,731 पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेन-देन से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने लाभार्थियों से ऋण की धनराशि का उपयोग अपने कारोबार को बढ़ाने में करने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि भविष्य में उन्हें अधिक ऋण सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि फल

तिहरे हत्याकांड के आरोपी के तीनों मकान जमींदोज

दो दिन की कार्रवाई : करीब 300, 1000 व 3000 वर्गफीट में बने थे तीनों अवैध निर्माण

- मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में निकाला गया सामान, एलडीए के पुराने कार्यालय में सील

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सआदतगंज तिहरे हत्याकांड के आरोपी ऋषभ शुक्ला के तीनों मकान दो दिन की कार्रवाई के बाद पूरी तरह ध्वस्त कर दिए गए। बृहस्पतिवार दोपहर शुरू हुआ एलडीए और पुलिस का संयुक्त अभियान शुक्रवार दोपहर तक चला। ध्वस्तीकरण के दौरान मकानों में मिला घरेलू सामान मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में निकलवाकर एलडीए के लालबाग स्थित पुराने कार्यालय के एक कमरे में रखवा दिया गया। कमरे को सील कर दिया गया है। अब यह सामान न्यायालय के आदेश पर ही संबंधित पक्ष को सौंपा जाएगा।

एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि तीनों मकान बंद थे और उनमें कोई रह नहीं रहा था। एक मकान करीब 300 वर्गफीट का था, जो संकरी गली में बना हुआ था। उसके आसपास दूसरे लोगों के मकान होने के कारण बुलडोजर को वहां तक पहुंचाने और ध्वस्तीकरण में काफी समय लगा। इसी वजह से कार्रवाई दो दिन तक चली।

शुक्रवार दोपहर तक तीनों मकानों को पूरी तरह गिरा दिया गया। उन्होंने बताया कि ध्वस्तीकरण के दौरान मकानों से सोफा, बेड, अलमारी, सिलाई मशीन, इंडक्शन, पुरानी मोटरसाइकिल, बिस्तर और बर्तन समेत अन्य घरेलू सामान मिला। पुलिस के पास सामान रखने की पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण उसे एलडीए के लालबाग स्थित पुराने कार्यालय में रखवाया गया है। सामान को एक कमरे में सील कर दिया गया है। एलडीए के उप सचिव माधवेश कुमार के मुताबिक, आरोपी का एक मकान करीब 300 वर्गफीट में एक मंजिला बना था।

दूसरा मकान करीब 1000 वर्गफीट में बना था, जबकि तीसरा करीब 3000 वर्गफीट क्षेत्रफल में था। तीसरे मकान में कुछ दुकानें और पार्किंग बनी हुई थी। बाकी हिस्से में निर्माण नहीं था। तीनों मकानों का मानचित्र एलडीए से स्वीकृत नहीं कराया गया था। प्राधिकरण ने इन्हें अवैध निर्माण मानते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

ध्वस्तीकरण के बाद एलडीए ने मकानों का अधिकांश मलबा मौके पर ही छोड़ दिया है। केवल उतना मलबा हटाया गया, जो सड़क पर आ रहा था। अधिकारियों का कहना है कि मलबा संबंधित मकान मालिक की जमीन पर है, इसलिए उसे वहीं छोड़ा गया है।

अधिकारियों ने उदाहरण देते हुए बताया कि अलीगंज अग्निकांड के बाद ध्वस्त की गई इमारत का मलबा भी उसकी जमीन पर ही छोड़ा गया था। एलडीए सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि फिलहाल ध्वस्तीकरण पर आए खर्च की आरोपी से वसूली को लेकर कोई आदेश नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इलाके के अन्य मकानों पर अभी कोई कार्रवाई प्रस्तावित नहीं है। आरोपी के मकानों में कुछ जमीन सड़क और नजूल की थी, जबकि ज्यादातर हिस्सा निजी भूमि का पाया गया है।

26 अक्टूबर को हुई थी तीन लोगों की हत्या

सआदतगंज थाना क्षेत्र में 26 अक्टूबर 2026 को चबूतरा बनवाने को लेकर ऋषभ शुक्ला और शिवाजी तिवारी के परिवार के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद ऋषभ ने गोली मारकर शिवाजी तिवारी, उनके बेटे सुयश और भाई शिवेंद्र तिवारी उर्फ शंभू की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद एलडीए और पुलिस ने आरोपी के मकानों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की थी।

अब बारूदखाना के एसए अपार्टमेंट को गिराने की तैयारी

लखनऊ। गोलागंज के बारूदखाना स्थित एसए अपार्टमेंट को ध्वस्त करने की कार्रवाई जल्द शुरू होगी। बिल्डर को खुद इमारत गिराने के लिए दी गई 15 दिन की समयसीमा समाप्त हो चुकी है। अब लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अपने स्तर से ध्वस्तीकरण की तैयारी शुरू कर दी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा को एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

करीब दो महीने पहले एसए अपार्टमेंट का एक पिलर अचानक टूट गया था। तेज आवाज सुनकर अपार्टमेंट में रह रहे लोग दहशत में अपने परिवारों के साथ बाहर निकल आए थे। हादसे के बाद पूरी इमारत खाली करा दी गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर एलडीए ने अपार्टमेंट को ग्रीन नेट से घेरने के साथ वहां नोटिस भी चस्पा कर दिया था। आवंटियों को अपना सामान निकालने में परेशानी न हो, इसके लिए एलडीए की विशेष टीम ने जैक लगाकर इमारत को अस्थायी सहारा दिया था। इसके बाद सभी आवंटियों को सामान निकालने का मौका दिया गया। बताया जा रहा है कि अब भी तीन से चार फ्लैटों में कुछ सामान रखा हुआ है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने भी स्पष्ट किया था कि नक्शा स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। ऐसे में मरम्मत के बजाय पूरी बिल्डिंग गिराना जरूरी है। पिलर टूटने की घटना के बाद पूरे अपार्टमेंट के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। एलडीए ने 23 अक्टूबर को बिल्डर को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी करते हुए 15 दिन का समय दिया था। इस दौरान बिल्डर ने आवंटियों के साथ मिलकर मरम्मत का खर्च उठाने का प्रस्ताव दिया, लेकिन प्राधिकरण ने इसे खारिज कर दिया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के मुताबिक, ध्वस्तीकरण का आदेश पहले ही जारी किया जा चुका है और बिल्डर को दी गई मोहलत भी समाप्त हो गई है। अब प्राधिकरण की टीम इमारत को गिराएगी।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी का कार्यकाल एक साल बढ़ा



लखनऊ। प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और उप्र राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी का कार्यकाल दोबारा एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। इस सम्बन्ध में शासन ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष के लिए सरकार ने उन्हें दोबारा निदेशक के रूप में नियुक्त किया था। डॉ. गोस्वामी 30 सितंबर 2025 को एडीजी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उनकी यह पुनर्नियुक्ति अधिकतम एक वर्ष या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) के लिए मान्य की गई है।

ओटीएस में आवेदन का अंतिम मौका आज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की नगरीय सुविधाओं को बेहतर बनाने और आम नागरिकों को राहत देने की दिशा में नगर निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है। योजना के तहत गृहकर, जलकर और सीवरकर के बकायेदारों को ब्याज और सरचार्ज में नियमानुसार छूट का लाभ मिल सकता है। ओटीएस के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर 2026 यानी शनिवार निर्धारित की गई है। ऐसे में पात्र बकायेदारों के पास आवेदन करने का अब अंतिम अवसर है। हालांकि, बकाया धनराशि जमा करने के लिए 15 दिसंबर 2026 तक का समय दिया गया है। योजना के तहत एक अप्रैल 2026 तक के लंबित बकाये की पूरी धनराशि जमा करने पर नियमानुसार ब्याज और सरचार्ज में छूट का प्रावधान है।

फार्मासिस्टों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



लखनऊ। लंबित 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन (डीपीए) उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद लखनऊ के सभी चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्टों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पर धरना दिया। धरने के बाद संघ के अध्यक्ष अरुण अवस्थी, मंत्री कपिल वर्मा और डीपीए के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांडे के नेतृत्व में फार्मासिस्टों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ डॉ. एनबी सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सीएमओ डॉ. सिंह ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए उनकी मांगों पर कार्रवाई करने और उन्हें पूरा कराने का आश्वासन दिया।

नानपारा-मैलानी रेलखंड पर 16 से फिर दौड़ेंगी छह ट्रेनें

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने नानपारा-मैलानी मीटर गेज रेलखंड पर निरस्त चल रही तीन जोड़ी (कुल छह) ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से पुनः बहाल करने का निर्णय लिया है। भीरा खेरी-पलियाकला के बीच पुराने कटाव स्थल पर जल रिसाव की मरम्मत पूरी होने के बाद यह फैसला लिया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु राव के अनुसार, 16 नवम्बर से मैलानी-नानपारा (52264 व 52262) तथा 17 नवम्बर से नानपारा-मैलानी (52261 व 52263) का संचालन शुरू होगा। इसके बाद 21 नवम्बर से बिछिया-मैलानी (52259) और मैलानी-बिछिया (52260) ट्रेनें भी पटरी पर लौट आएंगी। ट्रेनों की बहाली से नानपारा, बिछिया, पलिया और भीरा के दैनिक यात्रियों व व्यापारियों के साथ-साथ दुधवा टाइगर रिजर्व और कतर्नियाघाट जाने वाले पर्यटकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

संदिग्ध परिस्थितिय में किशोरी लापता

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के फिरंगी खेड़ा में रहने वाली किशोरी गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। पीड़ित पिता ने सोशल मीडिया के माध्यम से बेटी के संपर्क में आए युवक पर बहला-फुसला कर साथ भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय आशियाना थाने में लिखित नामजद शिकायत दी। पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है।

पुलिस जांच में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

- एसीएस गृह से मांगा व्यक्तिगत हलफनामा

विधि संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में आपराधिक मामलों की विवेचना में अनावश्यक देरी और शिकायतकताओं को जांच की प्रगति की जानकारी नहीं दिए जाने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि अदालत में लगातार ऐसे मामले आ रहे हैं, जिनमें शिकायतकर्ता निष्पक्ष और प्रभावी जांच की मांग लेकर पहुंच रहे हैं, जबकि विवेचनाएं महीनों ही नहीं, कई बार वर्षों तक लंबित रहती हैं। कोर्ट ने इसे जांच अधिकारियों की उदासीनता और निष्क्रियता का परिणाम बताते हुए इस समस्या के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता बताई है।

न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश सुलतानपुर के दीपक कुमार की ओर से दाखिल आपराधिक रिट याचिका पर पारित किया। याची ने जयसिंहपुर थाने में दर्ज हत्या और एससी-एसटी एक्ट से संबंधित मुकदमे की जांच स्थानीय पुलिस से हटाकर सीबी-सीआईडी अथवा विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की थी। मामले में 24 नवंबर 2024 को एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने 21 अप्रैल 2025 को आरोपपत्र दाखिल किया, लेकिन संबंधित अदालत ने 21 फरवरी 2026 को जांच को प्रथमदृष्टया अविश्वसनीय और अस्वाभाविक मानते हुए आगे की विवेचना का निर्देश दिया था। इसके बावजूद आठ महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी जांच पूरी नहीं हुई थी। कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक विवेचना बिना देरी के पूरी होनी चाहिए। साथ ही शिकायतकर्ता अथवा पीड़ित को 90 दिनों के भीतर जांच की प्रगति की जानकारी देना भी है। यह सूचना एसएमएस, ईमेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम अथवा डाक से दी जा सकती है।

खंडपीठ ने अपर मुख्य सचिव (गृह) को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताने का निर्देश दिया है कि विवेचनाओं के निस्तारण की समयसीमा तय करने और निर्धारित समय में जांच पूरी नहीं करने वाले विवेचना अधिकारियों पर कार्रवाई की क्या व्यवस्था बनाई जा सकती है। हलफनामे में यह भी बताना होगा कि सुलतानपुर जिले में दर्ज एफआईआर के मामलों में कितने शिकायतकताओं और पीड़ितों को जांच की प्रगति की सूचना दी गई है।

महिला तस्करी की आशंका पर एसटीएफ को सौंपी मामलों की जांच

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने महिला तस्करी की आशंका को गंभीरता से लेते हुए स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), उत्तर प्रदेश को दो मामलों की नए सिरे से जांच कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने एसटीएफ के महानिदेशक को जिम्मेदार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की टीम गठित कर दोनों मामलों की जांच कराने को कहा है।

मामले को 25 नवंबर 2026 को अनुपालन हलफनामा और जांच रिपोर्ट दाखिल करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। साथ ही जांच में महिला तस्करी के पहलू को भी विशेष रूप से शामिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने यह आदेश एक महिला की ओर से दाखिल अर्जी पर पारित किया। अर्जी में पारिवारिक न्यायालय, लखनऊ में लंबित मुकदमे को हाईकोर्ट के मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र में भेजने की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष बताया गया कि याची की मुलाकात चेतन आनंद से एक परिचित के माध्यम से हुई थी। आरोप है कि चेतन ने उसे बहला-फुसलाकर छह नवंबर 2024 को चिनहट स्थित आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। इस मामले में याची के पिता ने प्रतापगढ़ के पट्टी थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में एक अन्य युवती का प्रकरण भी सामने आया। उसके पिता ने 27 जून 2026 को प्रतापगढ़ के कोतवाली नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि चेतन आनंद उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर घर से ले गया। शिकायत में यह भी कहा गया था कि चेतन पहले से याची से शादी कर चुका है।

चेतन आनंद की ओर से अदालत को बताया गया कि दोनों मामलों में पुलिस अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है। हालांकि, सुनवाई के दौरान न्यायालय ने चेतन से उसकी शैक्षिक योग्यता के संबंध में पूछताछ की। उसके हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई तथा बीसीए पाठ्यक्रम के संस्थान के बारे में दिए गए जवाबों में विरोधाभास सामने आया। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने दोनों एफआईआर की जांच एसटीएफ से कराने का निर्देश दिया।

युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज



लखनऊ। अलीगंज क्षेत्र से युवक लापता हो गया है, जिसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गयी है। अलीगंज थाना क्षेत्र में 531/54 भिन्डीया टोला बड़ा चांद गंज में रहने वाला ऋषभ कुमार सिंह (20) पुत्र देवेंद्र सिंह अचानक कहीं लापता हो गया है। ऋषभ सिंह मूलरूप से छजवा आदर सिवान बिहार का रहने वाला है। घर वालों ने ऋषभ के लापता होने का मुकदमा अलीगंज थाना में दर्ज कराया है। पुलिस लापता की तलाश कर रही है।

स्वास्थ्य विभाग की दो टीमों ने की पीड़ित परिवार व गांव के लोगों की स्वास्थ्य जांच

फालोअप

लखनऊ। मलिहाबाद के खण्डसरा गांव में तीन दिन के अंदर एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत मामले में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की दो टीमें गांव पहुंचीं और पीड़ित परिवार समेत आसपास के लोगों की स्वास्थ्य जांच की। शुरूआती जांच में किसी गंभीर संक्रामक बीमारी के स्पष्ट लक्षण नहीं मिले हैं।

परिजनों के मुताबिक, तीनों बच्चों को पहले हल्का बुखार आया था। इसके बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। तीनों बच्चों की मौत सुबह पांच से छह बजे के बीच हुई। घटना की असल वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। बच्चों का पोस्टमार्टम शुक्रवार को हुआ और दो बच्चों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस काकहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

खण्डसरा गांव निवासी किसान आशीष कुमार ने बताया कि उनके तीन बच्चे थे। सबसे छोटा बेटा देवांश (03) नौ नवंबर की दोपहर करीब ढाई बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसे हल्का बुखार आया और अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

इसके अगले दिन दस नवंबर को बड़े बेटे कार्तिक (07) की भी इसी तरह तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। कार्तिक कक्षा एक का छात्र था। दोनों बच्चों का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था।

स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड समेत तीन ने फंदा लगाकर दी जान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। काकोरी के ग्राम जलियामऊ में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर, विकासनगर थाना क्षेत्र स्थित विद्यालय के प्रथम तल की गैलरी में सिक्योरिटी गार्ड का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। जबकि बंथरा क्षेत्र स्थित जंगल में एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका मिला जो कई दिन पुराना है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को थाना पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जलियामऊ में सोनू धीमान (30) पुत्र जगरूप कोरी निवासी ग्राम जलियामऊ काकोरी ने फांसी लगा ली गई है। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि मृतक सोनू ने बांस की सीढ़ी के सहारे छत के कुंडे में रस्सी बांधकर गले में फंदा लगा लिया है। परिजनों के सहयोग से शव को नीचे उतरवाया गया। पुलिस ने घटनास्थल की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराई।

उधर विकासनगर थाना क्षेत्र स्थित विद्यालय के प्रथम तल की गैलरी में सिक्योरिटी गार्ड का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। इस मामले में पुलिस काकहना है कि शुक्रवार को थाना विकासनगर पर राधे पुत्र कुन्जर निवासी ग्राम भगवन्तापुर, थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर ने सूचना दी कि विद्यालय में कार्यरत गार्ड ने विद्यालय के प्रथम तल की गैलरी में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली है। इस सूचना पर थाना पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां विद्यालय के प्रथम तल की गैलरी में गार्ड शिवदास पुत्र स्व. चन्द्र प्रताप द्विवेदी निवासी चूरामन पुरवा गांव मोहम्मदपुर थाना इन्दिरानगर का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला।

इसी तरह बंथरा क्षेत्र स्थित जंगल में व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। शुक्रवार को बंथरा थाने पर सूचना प्राप्त हुई कि बंथरा स्थित जंगल में एक पेड़ पर रस्सी के सहारे एक व्यक्ति का शव लटका हुआ है, जो कई दिन पुराना है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो शव राकेश साहू (47) पुत्र साधूलाल निवासी बंथरा का है।

यूपी की 18 फीसदी आबादी को डायबिटीज का खतरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में डायबिटीज (मधुमेह) तेजी से अपने पैर पसार रहा है। स्थिति यह है कि प्रदेश की 18 फीसदी आबादी प्री-डायबिटीज की कगार पर खड़ी है, यानी हर 100 में से 18 लोगों को भविष्य में इस बीमारी के होने की आशंका है। प्रदेश में डायबिटीज के एक मरीज के मुकाबले करीब चार लोग प्री-डायबिटीज से पीड़ित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समय रहते जांच और जीवनशैली में बदलाव से इस खतरे को काफी हद तक टाला जा सकता है। यह जानकारी रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) के सचिव डॉ. अजय तिवारी ने दी।

विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को आरएसएसडीआई के यूपी चैप्टर की ओर से लोगों को जागरूक करने के लिए ऐतिहासिक रूमी गेट को नीली रोशनी से रोशन किया गया। इस मौके पर डॉ. अजय तिवारी ने कहा कि शुरूआती दौर में बीमारी की पहचान होने पर खान-पान, नियमित व्यायाम और वजन नियंत्रित करके इसे आसानी से संभाला जा सकता है। डायबिटीज रोकथाम कार्यक्रम के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि वजन में महज पांच फीसदी की कमी लाने से बीमारी का खतरा 58 फीसदी तक कम हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि डायबिटीज के इलाज के तरीके लगातार बदल रहे हैं, जिनकी जानकारी डॉक्टरों और आम लोगों तक पहुंचना जरूरी है।

दुनिया का हर छठा मरीज भारत में : कार्यक्रम में मौजूद डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने देश की स्थिति पर चिंता जताते हुए बताया कि भारत में 11.4 फीसदी आबादी डायबिटीज और 15.3 फीसदी आबादी प्री-डायबिटीज की चपेट में है। दुनिया का हर छठा डायबिटीज मरीज भारत में रहता है। वहीं, केजीएमयू के फिजियोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नरसिंह वर्मा ने कहा कि समय पर जांच और सही इलाज से इस बीमारी पर पूरी तरह काबू पाया जा सकता है। इसके लिए वजन और खान-पान पर नियंत्रण रखना सबसे जरूरी है। इस अवसर पर पार्षद अनुराग और डॉ. अनुज माहेश्वरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रमुख तथ्य

यूपी की स्थिति: 18% आबादी प्री-डायबिटीज की शिकार (1 मरीज पर 4 प्री-डायबिटिक)।

देश की स्थिति: 11.4% लोग डायबिटीज और 15.3% प्री-डायबिटीज से पीड़ित।

बचाव का मंत्र: वजन में सिर्फ 5% कमी करने से डायबिटीज का खतरा 58% तक घटता है।

बीमारी का बदलता ट्रेंड

सिगरेट न पीने वाले युवा भी हो रहे फेफड़ों के कैंसर व सीओपीडी के शिकार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीते एक दशक में फेफड़ों के कैंसर और सांस की गंभीर बीमारी सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के मरीजों की संख्या में बेहद तेज और चिंताजनक इजाफा हुआ है। पहले जहां महीने में बमुश्किल एक मरीज सामने आता था, वहीं अब अस्पतालों में रोजाना करीब एक नया मामला दर्ज हो रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अब धूम्रपान न करने वाले लोग और 25 साल तक के युवा भी इन जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

यह जानकारी केजीएमयू के रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने दी। वे शुक्रवार को राजधानी के होटल क्लार्क अवध में आयोजित 'नेशनल चेस्ट समिट-2026' की प्री-कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। डॉ. प्रसाद ने बताया कि पिछले दस सालों में गैर-धूम्रपान करने वालों में सीओपीडी के मरीज करीब तीन गुना तक बढ़े हैं। पहले यह मर्ज आमतौर पर 40 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों में दिखता था, लेकिन अब 25 वर्ष के युवाओं में भी इसकी पहचान हो रही है। उन्होंने इसके पीछे लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने को प्रमुख वजह बताया।

प्रदूषण से बचाव और वेंटिलेशन जरूरी : बलरामपुर अस्पताल के पूर्व निदेशक डॉ. टीपी सिंह ने कहा कि जागरूकता और जांच की आधुनिक सुविधाएं बढ़ने से मरीजों की पहचान पहले की तुलना में अधिक हो रही है, लेकिन कम उम्र में बीमारी का मिलना गंभीर चिंता का विषय है। डॉ. रचित शर्मा और डॉ. हर्षिता रानी ने लोगों को बाहरी प्रदूषण, तंबाकू व पैसिव स्मोकिंग (दूसरों के धूम्रपान के धुएं) और घर के अंदर के प्रदूषण से बचने की सलाह दी। विशेषज्ञों ने कार्यस्थलों पर धूल-धुएं से बचाव के लिए सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करने और घरों में हवा की आवाजाही (वेंटिलेशन) की उचित व्यवस्था रखने पर जोर दिया।

इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज : डॉ. निखिल गुप्ता ने ठंड और अधिक प्रदूषण के समय मास्क लगाने और उसे नियमित रूप से बदलने की हिदायत दी। उन्होंने आगाह किया कि लगातार खांसी, सांस फूलना, सीने में दर्द, बिना वजह वजन घटना, खांसी में खून आना और बार-बार सांस का संक्रमण होना फेफड़ों की बीमारी के प्रमुख संकेत हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर बिना देरी किए जांच करानी चाहिए।

आधुनिक थेरेपी और एआई पर मंथन : डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि फेफड़ों के कैंसर का उपचार मरीज की स्थिति और बीमारी के प्रकार के आधार पर सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी या टारगेटेड थेरेपी से किया जाता है। इस समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), फेफड़ों के आधुनिक इलाज और गंभीर मरीजों की देखभाल जैसे अहम विषयों पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत आदमपुर देवरिया विकास खण्ड लखीमपुर, जिला खीरी

पत्रांक :- मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 12.11.2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/वी.बी.जी. राम जी. विकास योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर कार्य स्थल पर सामग्री उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 14.11.2026 से 20.11.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 20.11.2026 को 04 बजे खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री
1	प्राथमिक विद्यालय लोनियानपुरवा में आंगनवाड़ी निर्माण कार्य।	ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, रोड़ा, लोहा, टाइल्स, पेंट, प्राइमर, वॉल पट्टी, डिस्टमपर आदि।

नियम व शर्तें:-

1. निविदा फर्म उससे सम्बंधित निर्देश ग्राम पंचायत आदमपुर देवरिया के कार्यालय में दिनांक 14.11.2026 से 20.11.2026 तक अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत आदमपुर देवरिया के कार्यालय में मोहरबंद लिफाफे को निविदा प्राप्त दिनांक 14.11.2026 से 20.11.2026 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबंद टेण्डर डाले जाएंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत आदमपुर देवरिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 20.11.2026 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेगे।
4. निविदा स्वीकार होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोई अन्य परिवर्तन मान्य नही होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवस्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्काब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा। सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न होने पर अथवा कमी पाये पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान ध ग्राम विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत आदमपुर देवरिया
विकास खण्ड लखीमपुर खीरी

सचिव
ग्राम पंचायत आदमपुर देवरिया
विकास खण्ड लखीमपुर खीरी

कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहीं महिलाएं

लखनऊ। प्रदेश में संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत लखनऊ जोन पुलिस द्वारा महिला एवं बालिका सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपराधों की रोकथाम, त्वरित एवं प्रभावी पुलिस कार्रवाई, विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी, पीड़िताओं को सहायता, चिकित्सीय सहयोग, काउंसलिंग एवं पुनर्वास तथा पात्र महिलाओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए निरंतर संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत लखनऊ जोन के विभिन्न जनपदों में माह अक्टूबर 2026 के दौरान कुल 07 प्रकरणों में अभियुक्तों को सजा दिलाई गई, जिनमें आजीवन कारावास एवं कठोर कारावास जैसी सजाएं सम्मिलित हैं। जनपद हरदोई के थाना शाहाबाद पर पंजीकृत मामले में अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 26,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

पुलिस ने 35 दिन बाद किया सीन रिक्रिएट

फालोअप : शिवा शर्मा की मौत का मामला

- शिवा के वजन का पुतला फेंक की गयी जांच

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की मौत पर पड़ा पर्दा हटाने का प्रयास जारी है। उसकी हत्या की गयी थी या या मामला आत्महत्या का है। पुलिस ने इस सवाल का जवाब पाने का प्रयास घटना के 35 दिन बाद तलाश रही है और शुक्रवार को घटना का सीन रिक्रेएशन कराया। मौके पर न तो कोई चश्मदीद था और न ही कोई आरोपित, बल्कि शिवा शर्मा के वजन के बरामद का पुतला ऊपर से नीचे फेंका गया। फारेंसिक और मेडिको लीगल टीम ने शिवा शर्मा की लिव इन पार्टनर श्रद्धा दुबे के फ्लैट से पुतले को दो अलग-अलग परिस्थितियों में नीचे फेंककर यह समझने की कोशिश की गयी कि शिवा को धक्का दिया गया था या उसने खुद छलांग लगाई। करीब तीन घंटे तक चले सीन रिक्रिएशन में दोनों संभावनाओं पर जांच की गयी।

शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे फारेंसिक और मेडिकोलीगल टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने पहले

छठ पूजा : खरना आज, शुरू होगा 36 घण्टे का निर्जला उपवास







अनिल द्विवेदी (vol)

लखनऊ। चार दिवसीय सूर्य उपासना का छठ पर्व का नहाय-खाय परम्परा के साथ शुभारम्भ हो गया। शुक्रवार को राजधानी के अलग अलग इलाकों में लोगों ने घरों की साफ-सफाई, स्नान-ध्यान और दिन में एक समय चावल और लौकी की सब्जी खाकर व्रत की शुरूआत की। वहीं गोमती तटों पर सफाई के साथ पूजा की वेदी बनाने का कार्य भी जारी रहा। इस बार छठ पूजा को लेकर लोगों की आस्था चरम पर है। लखनऊ में छठ पर्व बड़े स्तर पर तैयारियां व पूजन शुरू हो चुके हैं। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत हो गई है। इस दिन घर में शुद्धता का पूरा ख्याल रखते हुए घर व पूजा स्थल की सफाई, स्नान के बाद शुद्ध शाकाहारी भोजन से व्रत की शुरूआत हुई। छठ महापर्व के पहले दिन नहाय खाय में सूर्योदय से पहले उठकर महिलाओं ने आम की लकड़ी से दातून किया। फिर नहाकर व्रती लौकी, कद्दू की सब्जी, चने की दाल, चावल, सेंधा नमक, मूली आदि का प्रसाद भोजन के रूप में ग्रहण किया। संतान देने वाली छठी मैया और आरोग्य देने वाले भगवान भास्कर सूर्य की प्रार्थना की।

घाटों पर वेदियां सजाई गईं: लक्ष्मण मेला मैदान, झूलेलाल घाट, कुड़ियाघाट समेत शहर के तमाम घाटों व अस्थायी तौर पर बनाए गए जलाशयों के पास महिलाओं व पुरुषों ने पहुंचकर सुशोभिता वेदियां बनाईं। उनकी सफाई रंगाई पुताई करके उसके आगे अपना व परिवार का नाम लिखकर आरक्षित किया। शाम तक अधिक संख्या में घाटों व जलाशयों, अपार्टमेंटों में महिलाओं, बच्चों ने पूजन की तैयारियां कीं। छठ मैया और भगवान सूर्य की आराधना की।

नहाय खाय पर बनाया सात्विक भोजन : अयोध्या रोड स्थित स्प्रिंग ग्रीन अपार्टमेंट निवासी अल्पना सिन्हा बताती हैं कि नहाय खाय वाले दिन सिर्फ एक समय सही से भोजन किया जाता है। शाम को फलाहार करते हैं। किसी भी प्रकार का तामसिक भोजन नहीं ग्रहण किया जाता है। तकरोही निवासी प्रियंका श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिन नारंगी सिंदूर लगाने के बाद छठ का प्रसाद बनाया जाता है। इसमें प्याज, लहसुन का प्रयोग नहीं किया जाता है। छठ मैया और सूर्यदेव को भोग लगाने के बाद ही भोजन ग्रहण किया जाता है। व्रती के प्रसाद को



सभी सदस्य बांटकर खाते हैं। इसी दिन अगले दिन खरना की तैयारी की जाती है।

यहां भी होगी पूजा: मनकामेश्वर उपवन घाट पर छठ पूजा होगी। महंत देव्या गिरि के सानिध्य में सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। ओम ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी के संयोजन में खदरा के शिव मंदिर घाट पर पूजन होगा। पक्कापुल स्थित छठ घाट, श्री खाटू श्याम मंदिर घाट, पंचमुखी हनुमान मंदिर घाट के अलावा महानगर पीएसी 35वीं बटालियन, मवैया रेलवे कॉलोनी, कृष्णानगर के मानसनगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर के साथ ही छोटी व बड़ी नहर के अलावा हर इलाके में घरों में पूजा होगी।

क्या है पूजन विधि: छठ पूजा के लिए नदी या तालाब किनारे मिट्टी से सुशोभिता बनाई जाती है। फलों को सुपली या डलिया में 6, 12 या 24 की संख्या में रखें। इसमें आप संतरा, अन्नास, गन्ना, सुथनी, केला, अमरूद, शरीफा, नारियल, साठी के चावल का चिउड़ा, ठेकुआ शामिल कर सकती हैं। मंगलवार को दूध, शहद, तिल और अन्य द्रव्य से डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दें। इसके बाद सुशोभिता की पूजा करें। मिट्टी की बनी कोसी में पूजा सामग्री रखकर उसपर चननी ताने। बुधवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का समापन करें और प्रसाद सभी को बांटे।

अर्घ्य देने का तरीका: अस्ताचलगामी सूर्य को तीन बार अर्घ्य दिया जाता है। रात्रि जागरण के पश्चात उगते हुए सूर्य को इसी तरह अर्घ्य प्रदान किया जाता है। पति-पुत्र या ब्राह्मण अर्घ्य दिला सकते हैं। इनके न रहने पर व्रती महिलाएं खुद भी यह काम कर सकती हैं। इसके बाद वे गीले आंचल से ही अपने बच्चों के शरीर को पोंछती हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उनके बच्चों को चर्म से संबंधित रोग नहीं होता।

छठ पूजा को लेकर सजे बाजार सुपली, दउरा की हुई खरीदारी





लखनऊ। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर शहर के बाजार सजकर तैयार हो चुका है। इंदिरानगर, निशातगंज, पत्रकारपुरम बाजार में महिलाएं दउरा, मिट्टी के बर्तन कलश, घैला, दीया, ढकना, सुपा, सुपली, नारियल सहित अन्य सामान की खरीदारी शुरू कर दी। इंदिरानगर सेक्टर.17 सब्जी मंडी में सड़क किनारे छठ से संबंधित दुकानें खुल गई। बांस से बने सूप 45.50 रुपये प्रति पीस बिक रहा है। चूल्हे की कीमत 80.100 रुपये के बीच है। दुकानदार अमित कुमार ने बताया कि सूप और दउरा की कीमतों में इस साल पिछले साल की तुलना में इजाफा हुआ है। सूप जहां 45 से 60 रुपए प्रतिपीस बिक रहा है। वहीं दउरा की कीमत उसके आकार और बनावट के आधार पर तय है। दउरा 100 से लेकर 180 पीस तक बाजार में उपलब्ध है। छठ पूजा में मिट्टी के हाथी का विशेष महत्व है। ऐसे में बाजार में सुंदर.सुंदर मिट्टी के हाथी की बिक्री खूब हो रही है। इसके अलावा मिट्टी के चूल्हे की कीमतों में भी वृद्धि देखी जा रही है। वहीं मंडियों में कच्ची हल्दी, कच्चा अदरक, कच्चा नारियल, कच्चा केला, आंवला, सीताफल, मूली हर चीज से बाजार गुलजार है।

फल व सब्जियों की दुकान पर दिखने लगी रौनक: राजधानी में छठ की पूजा की रौनक दिखने लगी है। सूर्य उपासना के इस पर्व को लेकर बाजार में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूजन में मौसमी फल सरीफा केला, अमरुद, सेब, अनन्नास, सूथनी हल्दी, अदरक, सिंघाड़ा, सूप व गन्ने का प्रयोग होता है। बांस की टोकरी में व्रती के पति या बेटा बांस की टोकरी में 6, 12 व 24 की संख्या में फल रखकर घाट तक जाते हैं। छठ गीतों के साथ परिवार के लोग भी व्रती के साथ जाते हैं। 36 घंटे के निर्जला व्रत का समापन 11 को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर होगा। कुछ स्थानों पर इसे डाला छठ भी कहते है। आलमबाग, निशातगंज, इंदिरानगर व राजाजीपुरम सहित सभी बाजारों में दुकानदार तैयारियों में जुटे हैं। इंदिरानगर की ममता ने बताया कि वह 15 सालों से व्रत कर रही है। इस व्रत की बहुत मान्यता है। उन्होंने की वह अकेली ही व्रत करती हैं इसीलिए थोड़े सामान की आवश्यकता होती है लेकिन इस व्रत में कई प्रकार के फल, सब्जियों के साथ पूजा की जाती है। इस साल हर सामान थोड़ा मंहगा है। दुकानदार शोभित ने बताया कि अभी तक कम लोग आ रहे हैं खरना के दिन से ज्यादा खरीददारी शुरु होती है ताकि सब्जियां और फल ताजा मिले। ग्राहक एक दुकान पर रुक कर सारा सामान खरीदना पसंद करते हैं।

गन्ने से लेकर डलिया-सूप की हुई खरीदारी: बाजारों में भी शुक्रवार को भीड़ नजर आई। मौसमी फल व सब्जियों के साथ ही गन्ना, कच्ची हल्दी, नारियल, सिंघाड़ा, मूली, सूप व बांस की डलिया के साथ ही अन्नास व नीबू सहित छठ मइया को चढ़ने वाले सामानों की खरीदारी की गई। निशातगंज, आलमबाग, डालीगंज, महानगर, राजाजीपुरम, भूतनाथ, आशियाना व कृष्णानगर समेत सभी इलाकों की बाजारों में भीड़ रही।

प्रो. सत्यमूर्ति जन्मशती नाट्य समारोह 16 से

लखनऊ। नाट्य संस्था दर्पण की की ओर से संस्था के संस्थापक और रंगमंच के पुरोधा प्रो. सत्यमूर्ति मास्साब की स्मृति में पांच दिवसीय नाट्य समारोह 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक होगा। संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में होने वाले वाले प्रो. सत्यमूर्ति नाट्य समारोह में दर्पण संस्था के चार और दिल्ली की नाट्य संस्था का एक नाटक मंचित होगा। वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म अभिनेता पद्मश्री डा. अनिल रस्तोगी ने बताया कि नाट्य समारोह के पहले दिन दिल्ली की संस्था चेकमेट प्रोडक्शन का नाटक खलल का मंचन निक्की नरुला के निर्देशन में होगा।

भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक पर गूंजे बधाई गीत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। आशियाना स्थित दिगंबर जैन मंदिर में श्री आदिवीश्वर चौबीसी मानस्तंभ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 13 नवंबर 2026, शुक्रवार को भगवान बालक आदिनाथ का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्रातः 7 बजे से भगवान का अभिषेक, पूजन एवं अर्चना प्रारंभ हुई। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे अयोध्या नगरी में तीर्थंकर बालक आदिनाथ का जन्मोत्सव मनाया गया।

भगवान के जन्म की घोषणा होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। बधाइयों का तांता लग गया, महिलाओं एवं पुरुषों ने मंगल गीत गाए और भक्तों ने झूमते हुए भगवान आदिनाथ के जयकारे लगाए। पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों का जन्मदिन होटलों में मनाने के बजाय मंदिरों, अनाथ आश्रमों एवं अस्पतालों में मनाना चाहिए। गरीबों को भोजन कराएं, जरूरतमंद मरीजों का इलाज करवाएं और बच्चों के हाथों से दान-पुण्य कराएं। ऐसा करने से बच्चों में सेवा, दया और संस्कारों का विकास होगा तथा उनका जन्मदिन वास्तव में सार्थक बनेगा।

जन्म कल्याणक की भव्य परंपरा के अंतर्गत तीर्थंकर बालक आदिनाथ को ऐरावत हाथी पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा के साथ पांडुकवन ले जाया गया। वहां पांडुक शिला पर विराजमान कर भगवान का 1008 कलशों से भव्य अभिषेक किया गया। इसके पश्चात जनकल्याण की भावना के साथ विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। संध्याकालीन कार्यक्रम में तीर्थंकर बालक आदिनाथ के साथ बच्चों ने खिलौनों से खेलकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। पूरा दिन भक्ति, उल्लास, मंगल गीतों और धार्मिक आयोजनों से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजित जैन, चंद्रप्रकाश जैन, बंटी जैन, शरद जैन, अखिलेश जैन, अनूप जैन, मनोज जैन, नलिन जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि 14 नवंबर को भगवान आदिनाथ का तप कल्याणक मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान के वैराग्य धारण करने से लेकर तपस्या करने तक की संपूर्ण जीवन यात्रा को नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत रूप में दर्शाया जाएगा। कार्यक्रम में बताया जाएगा कि किस प्रकार संसार के भोग-विलास का त्याग कर भगवान वैराग्य की ओर अग्रसर हुए और कठोर तपस्या के मार्ग पर चले। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आगामी धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे, जबकि 16 नवंबर को पूज्य उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज का मंगल विहार होगा।

निलांजना के नृत्य ने जगाया वैराग्य



लखनऊ। डालीगंज स्थित जैन मंदिर में आचार्य सुबल सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को 'तप कल्याणक' का आयोजन बड़े ही भक्तिभाव और भव्यता के साथ किया गया। महोत्सव की शुरूआत आदि प्रभु की 'अन्नप्राशन क्रिया' से हुई, जिसमें बालक आदिनाथ ने प्रथम बार खीर ग्रहण की। इस पुण्य अवसर पर मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव विकास सखीराम बेहरे ने आचार्य सुबल सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद युवराज आदिकुमार की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दोपहर के सत्र में 32 देशों के राजाओं द्वारा महाराजा आदिनाथ को बहुमूल्य भेंट अर्पित की गई। इसी क्रम में आदि प्रभु ने प्रजा को जीवन यापन के लिए असि (रक्षा), मसि (लेखन/शिक्षा) और कृषि (खेती) की कलाओं का ज्ञान प्रदान किया। समारोह के सबसे मार्मिक क्षण राजदरबार में नृत्यांगना निलांजना का नृत्य देखते हुए भगवान आदिनाथ के मन में संसार के प्रति वैराग्य उत्पन्न हो गया। वैराग्य भाव जाग्रत होते ही उन्होंने राजपाट त्याग दिया और भरत बाहुबली आदि अपने पुत्रों को राज पाट सौप दिया एवं ब्राह्मी सुंदरी को विद्या का ज्ञान दिया और विधि-विधान के साथ उनकी दीक्षा कल्याणक की क्रियाएं संपन्न कराई गईं। मीडिया प्रभारी पार्श्व कुमार जैन ने बताया कि शनिवार को प्रातः 9 बजे 'ज्ञान कल्याणक' का पर्व मनाया जाएगा। इसके बाद छह माह की कठिन तपस्या के उपरांत भगवान आदिनाथ का प्रथम आहार (पारण) राजा श्रेयांश के निवास पर गन्ने के रस (इक्षुरस) से संपन्न होगा।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने छोटे भाई मो. निजाम पुत्र स्व. बकरीदी ग्राम- रहमतपुर थाना सादुल्लानगर, उतरौल जिला बलरामपुर से अपना बंटवारा कर लिया है। अब हमारा उनसे कोई वास्ता नहीं रहा है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा और वह मेरे परिवार का कोई लेना-देना न होगा। **शहाबुद्दीन पुत्र स्व. बकरीदी निवासी 270-ए गौरभीठ, फैजुल्लागंज, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट पर मेरा नाम कनौजिया अजीत रामकिशोर दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम अजीत कनौजिया दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरे पासपोर्ट (आवेदन सं.- 26-0082871037) में मेरे आधार कार्ड के अनुसार ही मेरा नाम अजीत कनौजिया दर्ज किया जाये। **अजीत कनौजिया पुत्र राम किशोर नि.- मोहल्ला मुजासा कस्बा व परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र चांद बाबू को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से 15 वर्ष पूर्व मौखिक रूप से और आज लिखित रूप से बेदखल कर दिया है। आज से पूर्व व आज के बाद से उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **अब्दुल रसीद पुत्र नन्हे नि.- 363/219 हसनगंज बावली, सआदतगंज, चौक, लखनऊ।**

उत्तराखंड महोत्सव में संस्कृति, स्वाद और परंपरा का संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। पावन गोमती तट पर भारतीय लोक संस्कृति की परंपराओं लोक कलाओं तथा लोक विधाओं का अद्वितीय संगम चैदह दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चरितार्थ हो रहा है, गुनगुनी ठंडक के साथ सुहावना होता मौसम का मिजाज, लजीज खाने की खुशबू, शानदार अत्याधुनिक तरीके से सजाए मंच पर चल रहे विविध कार्यक्रम किसी बड़े महोत्सव में होने का एहसास दिलाते हैं ।

पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन गोमा तट बीरबल साहनी मार्ग पर आज महोत्सव के पंचम दिवस के अवसर पर सायं मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा नीरज सिंह एवं क्षेत्रीय पार्षद प्रमोद राजन की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर उनका मुख्य अतिथि के रूप में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कौशतुभानन्द चन्दौला को शैलेश मटियानी स्मृति सम्मान-2026, सुरेन्द्र राजेश्वरी को चन्द्र सिंह राही स्मृति सम्मान-2026 एवं राजेन्द्र सिंह कनवाल को हरी दत्त पाण्डे स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। उत्तराखण्ड महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत एवं महासचिव भरत सिंह बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारियों की ओर से सभी सम्मानित अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। उनके बहुमूल्य समय, सहयोग एवं सहभागिता के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

उत्तराखण्ड महोत्सव-2026 भारतीय लोकसंस्कृति, स्वदेशी परंपराओं एवं आत्मनिर्भरता की भावना को समर्पित एक ऐसा सांस्कृतिक मंच है, जो हमारी विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ता है। ब्रह्म कमल सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति, इंदिरानगर, लखनऊ द्वारा उत्तराखण्ड महोत्सव-2026 को सफल एवं भव्य बनाने में दिया गया योगदान अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। समिति के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र पाण्डेय , महासचिव उत्तम सिंह बिष्टएवं कोषाध्यक्ष रघुवर सिंह बरगली के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने हेतु डांस उत्तराखण्ड डांस, मातृशक्ति का पारंपरिक झोड़ा नृत्य, पुरुषों का झोड़ा तथा पारंपरिक होली कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं।

मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह कनवाल ने बताया कि विविध स्टॉलों पर साड़ी, प्योर उलन स्वेटर, शॉल, गर्म कपड़े, कश्मीरी शॉल सूट, सदरी आदि तथा स्पेशल धूप-अगरबत्ती, पूजा सामग्री का स्टॉल भी है। उत्तराखंड के जैविक खाद्य पदार्थ जैसे मुनस्यारी की राजमा, भट्ट की दाल, गहत की दाल, चंपावत के लहसुन, बुरांश के फूल का रस, मूली, गेठी, गडेरी, अल्मोड़ा की सुप्रसिद्ध बाल मिठाई सिंगोड़ी और चॉकलेट, कुमाऊं ज्वेलर्स के स्टॉल पर उत्तराखंड की ज्वेलरी जैसे नथ, पॉजिये, गलोबन्द, मांग टीका, पिछौड़ा ऐपण व स्टोल आदि तथा कंबल, कारपेट, डोरमैट एवं खान पान के स्टाल आदि के स्टॉल भी हैं। अल्मोड़ा की मशहूर बाल मिठाई के साथ खान पान स्टालों में बीकानेरी स्टाल में कुल्हड़ चाय, केसरिया जलेबी अन्य सामग्री, राजस्थानी खान पान स्टाल, उत्तराखंडी व्यंजनों का स्टाल अनेक स्टॉलों पर आगंतुक चटखारे लेकर स्वाद ले रहे हैं। एकल गायन प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें आध्या सिंह प्रथम, रेनुलता कौल द्वितीय, कृष्णा तृतीय रहे, प्रतियोगिता के निर्णायक अंबादत्त कांडपाल एवं विमला शर्मा तथा यह प्रतियोगिता महापरिषद की महिला शाखा की अध्यक्षा पुष्पा वैष्णव, सुनीता कनवाल, कल्पना उप्रेती, देवेश्वरी पवार की देखरेख में संपन्न हुई। छोलिया नृत्य - संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड के सहयोग से उधांचल कला केन्द्र, अल्मोडा., पूनम कनवाल के नेतृत्व में कैरोके सिंगिंग लगभग 10 गायकों, सुश्री सुमन जोशी के नेतृत्व में आरंभ डांस एकेदमी, देहरादून की टीम ने सरस्वती वन्दना - देया दास, आद्रिका सूथा, अरियाना वषिष्ठ एवं मेधा पाल तथा हेमा के नेतृत्व में सरगम कला केन्द्र द्वारा कुमॉऊनी नृत्य - हेमा, आरिका, राध्या, बीना, गुनगुन, अंजलि, पूजा, मेघा एवं आरंभ डांस एकेदमी, देहरादून कथक तराना - सुमन जोशी, देया दास, आद्रिका सूथा, अरियाना वषिष्ठ एवं मेधा पाल - ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा।

सामान्य झोड़े की प्रस्तुति- दमयन्ती नेगी के नेतृत्व में गंगोत्री विहार, गोमती नगर के दल ने सुन्दर अभिनय किया। महिला झोड़ा प्रतियोगिता के 4 दलों की प्रस्तुति में हेमा बिष्ट के नेतृत्व शिवानी विहार, नीलम जोशी के नेतृत्व में कुमाँचल नगर-द्वितीय, राधिका बोरा के नेतृत्व में गोमतीनगर मीना अधिकारी एवं कमला चुफाल कुमाँचल नगर तृतीय की सुन्दर एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ दे कर लोक संस्कृति से रूबरू कराया। प्रथम बार हो रही पुरूष झोड़ा प्रतियोगिता के अन्तर्गत राजेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में रामलीला समिति तेलीबाग की सुन्दर प्रस्तुति दी।

संक्षेप

रोटावेटर की चपेट में आकर किसान की मौत

पसगवां-खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मैगलगंज क्षेत्र के गांव चुरईपुरवा में शुक्रवार को खेत की जुताई के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर की चपेट में आने से 30 वर्षीय किसान पियासुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई, वहीं परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, पियासुद्दीन शुक्रवार को अपने खेत की जुताई कराने के लिए गांव के ही मलखान का ट्रैक्टर किराये पर लेकर आया था। खेत में जुताई के दौरान अचानक वह ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर की चपेट में आकर उसमें फंस गया। गंभीर चोटें लगने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। किसान की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गया है। पिता की असमय मौत से चारों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ट्रैक्टर व रोटावेटर को कब्जे में ले लिया। मैगलगंज कोतवाली प्रभारी अखिलेश गंगवार ने बताया कि ट्रैक्टर और रोटावेटर कब्जे में ले लिए गए हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट में महिला की मौत के बाद पति ने भी तोड़ा दम

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में मारपीट के मामले ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया। घायल महिला की मौत के बाद शुक्रवार को उसके पति ने भी दम तोड़ दिया। इससे आक्रोशित परिजनों ने दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद में आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। करीब 11 बजे जाम की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक, तीन नवंबर को गांव की एक युवती किसी काम से पड़ोसी गांव वजीरनगर गई थी। आरोप है कि वहां देवकली गांव निवासी नैमिष पुत्र सुखवासी ने उस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। युवती ने लोक-लाज के चलते उस समय शिकायत नहीं की। बुधवार शाम नैमिष फत्तेपुर निवासी सचिन के साथ युवती के घर पहुंचा और तंज कसते हुए निकल गया। इससे नाराज युवती ने उसकी चप्पल से पिटाई कर दी। इसके कुछ देर बाद नैमिष पक्ष के करीब आधा दर्जन महिला-पुरुष लाठी-डंडे लेकर युवती के घर पहुंच गए। दोनों पक्षों में गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे लोग भी संघर्ष की चपेट में आ गए। मारपीट में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए। पुलिस सभी घायलों को पिसावां सीएचसी ले गई, जहां से चमेली देवी (42) पत्नी नरेश को जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को चमेली देवी के पति नरेश की भी चिकित्सक के यहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, नरेश पिछले एक साल से गंभीर बीमारी का इलाज करा रहे थे। कोतवाली प्रभारी नागेंद्र चौबे ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

तीन सड़क हादसों में पांच की मौत, तीन घायल

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिले में सड़क हादसों का सिलसिला जानलेवा साबित हो रहा है। गुरुवार देर शाम से शुक्रवार तक हुए तीन अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। कमलापुर और सिधौली क्षेत्र में दो युवकों की जान गई, लहरपुर में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि महमूदाबाद में पुआल लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर एक युवक की जान चली गई। तीन हादसों में पांच मौतों से कई परिवारों में मातम पसरा है।

तेज रफ्तार वाहनों ने ली दो युवकों की जान

सीतापुर। जिले में गुरुवार देर शाम हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। कमलापुर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से 40 वर्षीय सर्वेश यादव की जान चली गई, जबकि सिधौली कोतवाली क्षेत्र में मनवां चौकी के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार 30 वर्षीय नीरज कुमार यादव को टक्कर मार दी। हादसे में नीरज कार में फंसकर काफी दूर तक घिसटते चले गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पहला हादसा जलालपुर-मछरेहटा मार्ग पर हुआ। सर्वेश यादव सड़क से गुजर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सर्वेश ने दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं दूसरा हादसा नेशनल हाईवे पर मनवां चौकी के निकट हुआ। कमलापुर थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर मजरा सुरैचा निवासी नीरज कुमार यादव (30) पुत्र नीमचंद्र गुरुवार देर शाम काम से बाइक लेकर अटरिया गए थे। वहां से लौटते समय तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद नीरज कार में फंस गए और काफी दूर तक घिसटते चले गए। इससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर सिधौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनवां चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

टाटा मैजिक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

सीतापुर /लहरपुर-भदफर मार्ग पर बृहस्पतिवार देर रात भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा ग्राम किशुनपुर के पास रात करीब 12 बजे हुआ। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही टाटा मैजिक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गए। हादसे के बाद मैजिक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुलताजपुर निवासी विनोद कुमार (52), हरेराम (32) और छोटक्कन (40) बृहस्पतिवार को ग्राम मिदनिया में रिश्तेदारी में गए थे। देर रात तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम किशुनपुर के पास सामने से आ रही टाटा मैजिक से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हरेराम और छोटक्कन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। वहीं, दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर फरार मैजिक चालक की तलाश शुरू कर दी है। एक ही गांव के दो लोगों की मौत से परिवारों में चीख-पुकार मच गई और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

पुआल लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

सीतापुर। पुआल लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठकर जा रहा युवक गांव के पास अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के पूरनपुर जरावन निवासी अमरजीत (35) पुत्र बल्दीदास शुक्रवार शाम करीब पांच बजे पुआल लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठकर जा रहे थे। गांव के निकट मोड़ पर अचानक वह ट्रॉली से नीचे गिर पड़े। गंभीर चोट लगने से उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी महमूदाबाद ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

33 मुकदमों में वांछित अपराधी गिरफ्तार

सीतापुर। सकरन पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान 33 आपराधिक मुकदमों में वांछित शातिर अपराधी को अवैध असलहे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लखनऊ, लखीमपुर, बाराबंकी और सीतापुर समेत कई जिलों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं थानाध्यक्ष सुनील सिंह के निर्देश पर एसआई तसउवर सिंह और पुलिस टीम रात्रि गश्त कर रही थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के सलौली गांव स्थित चौराहे से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध असलहा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कमलेश निवासी देवमन बेलवा, थाना सकरन बताया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ विभिन्न जिलों में 33 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में आरक्षी बृजेश कुमार, प्रांत चौधरी और अनुराग अग्निहोत्री शामिल रहे।

बैंक शाखा हटाने पर आर-पार की लड़ाई

तंबौर (सीतापुर)। बिसवां खुर्द से भारतीय स्टेट बैंक की शाखा और एटीएम हटाने के फैसले ने ग्रामीणों के विरोध को आंदोलन में बदल दिया है। बैंक शिफ्टिंग के खिलाफ तीसरे दिन भी सैकड़ों ग्रामीण अनशन पर डटे रहे। सूचना पर पहुंचे एसबीआई के एआरएम ने अनशनकारियों से वार्ता की, लेकिन शाखा को तंबौर के नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने के फैसले पर कायम रहे। उन्होंने 10 दिनों के भीतर शाखा शिफ्ट करने की बात कही। एआरएम के इस रुख से ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि बिसवां खुर्द में पिछले 37 वर्षों से बैंक शाखा संचालित हो रही है। इसे हटाए जाने से हजारों खाताधारकों को बैंकिंग कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीण किसी भी कीमत पर शाखा को यहां से हटाने के पक्ष में नहीं हैं। फिलहाल बैंक प्रबंधन और ग्रामीण दोनों अपनी-अपनी मांग पर अड़े हैं।

छठ महापर्व की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा



लखीमपुर खीरी। लोक आस्था, आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पर्व के सकुशल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने शहर के सेठघाट पहुंचकर तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियों का पुनः परीक्षण कर लें, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम ने घाट की साफ-सफाई, पूजन स्थल की व्यवस्था, नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े अन्य इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक से संवाद कर तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि छठ महापर्व श्रद्धा और आस्था का विशेष पर्व है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं, लिहाजा सभी संबंधित विभाग पूरी जिम्मेदारी और आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवा राजू आर, बीडीओ संदीप कुमार, अवर अभियंता नगर पालिका परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

उल्ल नदी में नाव से निगरानी करेगी वन विभाग की टीम

छठ पूजा के दौरान नदी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए उल्ल नदी में वन विभाग की टीम नाव के माध्यम से निगरानी करेगी। टीम नदी क्षेत्र में मगरमच्छ एवं अन्य जलीय जीवों की गतिविधियों पर नजर रखेगी, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर पर्व से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को पूरी सतर्कता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनगणना 2027 के लिए मीडिया व अधिवक्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बिजनौर। जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए मीडिया प्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं का संवेदीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना के विभिन्न चरणों, स्व-जनगणना की प्रक्रिया तथा संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

मास्टर ट्रेनर विवेक बंसल ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-जनगणना का कार्य 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके पश्चात 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को निर्धारित 40 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। इसके लिए संबंधित पोर्टल पर परिवार एवं मकान से संबंधित विवरण ऑनलाइन दर्ज करना होगा। सभी जानकारियां भरने के बाद एक स्व-जनगणना आईडी (एसई आईडी) जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखकर घर-घर गणना के दौरान अपने क्षेत्र में आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा, ताकि वह आईडी के माध्यम से दर्ज विवरण का सत्यापन कर प्रक्रिया पूर्ण कर सके। उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना पोर्टल पर हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी जानकारी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पोर्टल पर प्रतिदिन रात्रि 12 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक डाटा सबमिट एवं अपलोड करने की प्रक्रिया के कारण पोर्टल उपलब्ध नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 भी संचालित रहेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि स्व-जनगणना अथवा घर-घर गणना के दौरान प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं और जनगणना के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि जनगणना के दौरान नाम, पिता एवं माता का नाम, लिंग, वैवाहिक स्थिति सहित निर्धारित विभिन्न जानकारियां प्राप्त की जाएंगी। इसके अतिरिक्त कोविड-19 महामारी के दौरान कोविड का टीका लगवाया था अथवा नहीं, इसकी जानकारी भी निर्धारित प्रश्नों के अंतर्गत देनी होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना में प्राप्त आंकड़ों की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) का कार्य कराया जा चुका है। अब द्वितीय चरण में पहले स्व-जनगणना तथा इसके बाद प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न कराया जाएगा। मास्टर ट्रेनर अमित कुमार चैहान ने बताया कि जनगणना के अंतर्गत पूछे जाने वाले 40 प्रश्नों को आठ भागों में विभाजित किया गया है। इनमें विभिन्न व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विवरणों से संबंधित जानकारियां शामिल हैं। घर-घर जनगणना के दौरान नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी को प्रगणक निर्धारित प्रारूप में दर्ज करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला शासकीय अधिवक्ता सहित मीडिया प्रतिनिधि एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

गोपाष्टमी महोत्सव में आयोजित हुई गौ ज्ञान प्रतियोगिता



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अठारहवें गोपाष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन श्री धमार्दा समिति गौशाला में गोला टूरिज्म संगठन (श्री गोकर्ण फाउंडेशन) के तत्वावधान में गौ ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर गौवंश, भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और गौसंरक्षण से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गौमाता के महत्व, गौवंश के संरक्षण और गौसेवा के प्रति जागरूक करना रहा। प्रश्नों में गौमाता का भारतीय जनजीवन में स्थान, प्राचीन परंपराएं, गौशालाओं की भूमिका और गौवंश संरक्षण जैसे विषय शामिल रहे। गोला टूरिज्म संगठन के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव, सचिव इं. मिलिंद शुक्ल, प्रबंधक प्रेम गुप्ता, मीडिया समन्वयक एवं प्रभारी विशेष दीक्षित तथा क्रिएटर्स क्लब के सदस्य विपिन राज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि गौवंश का संरक्षण धार्मिक आस्था के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण से भी जुड़ा है। इसलिए नई पीढ़ी को इसके महत्व से परिचित कराना जरूरी है। नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल ह्यरिंकूह्न ने कहा कि गोपाष्टमी महोत्सव जैसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने और उनमें सेवा व संरक्षण की भावना विकसित करने का माध्यम हैं। गोला टूरिज्म संगठन इतिहास, संस्कृति, कला, पर्यटन और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से नगर की सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ा रहा है। गौ ज्ञान प्रतियोगिता भी इसी दिशा में एक पहल है।

ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का विधायक ने किया शुभारंभ



मोहम्मदी खीरी। विकासखंड क्षेत्र के गांव रविंद्र नगर मियापुर कॉलोनी में ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मां वीणा पाणि चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया है। आयोजन में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने लंबी कूद, खो खो, गोला फेक, कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती आदि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतिभा का परचम फहराया विजेता छात्र-छात्राओं को नपाप अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया ने मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह के निर्देशन पर किया गया है। जिसमें प्राथमिक स्तर पर 14 इवेंट का आयोजन किया गया जबकि उच्च प्राथमिक स्तर पर 28 इवेंट का आयोजन किया गया है। आयोजित प्रतियोगिताओं में न्याय पंचायत मुड़ा गालिब ओवरऑल चैंपियन बना है। जबकि न्याय पंचायत राजापुर बैनी के छात्र-छात्राएं उपविजेता बनी है। आयोजन की निगरानी शचींद्र नारायण दीक्षित, गरिमा सिंह, विनीत शुक्ला, आशीष मिश्रा, राजीव तिवारी, अनूप कुमार आदि ने की है। प्रतियोगिताओं के समापन पर विधायक ने ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा पुरस्कार छोटा हो अथवा बड़ा हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। असफलता हमेशा जीत की भूख पैदा करती है।बी ई ओ ने अपने सभी आगंतुकों और अतिथियों का आयोजन में पहुंचने पर आभार जताया है।

विधायक के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन 15 को

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विधायक अमन गिरि ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। क्षेत्र में जनसंपर्क और लोगों से संवाद को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वह गोला में अपना केंद्रीय कार्यालय शुरू करने जा रहे हैं। रविवार 15 नवंबर को सुबह 11 बजे शिवम कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय कार्यालय का भव्य उद्घाटन होगा।कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक (प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य) के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। विधायक अमन गिरि ने क्षेत्रवासियों, कार्यकताओं और शुभचिंतकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उन्होने बताया कि केंद्रीय कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याएं और सुझाव पहुंचाने के लिए एक प्रमुख केंद्र उपलब्ध होगा। आगामी चुनाव से पहले कार्यालय की शुरूआत को विधायक की क्षेत्रीय सक्रियता और संगठनात्मक तैयारियों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय मैथ्सवर्स प्रतियोगिता में गुरुकुल अकादमी के छात्रों ने किया प्रतिभाग



पलियाकलां खीरी। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, लखनऊ द्वारा 14 से 17 नवंबर 2026 तक अपनी विभिन्न शाखाओं में द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय मैथ्सवर्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में गणित से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा गणित के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर मिल रहा है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि इसमें विभिन्न देशों से आए सैकड़ों विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं. विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ संवाद करने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा अलग-अलग देशों की शैक्षणिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को समझने का अनूठा अवसर प्राप्त हो रहा है. यह अनुभव विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास एवं वैश्विक दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा. इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में पलिया कलां, खीरी के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान गुरुकुल अकादमी के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विद्यालय की ओर से प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं—कक्षा 11 अंश जिंदल, अग्रिम महेंद्र एवं वेदांश अग्रवाल कक्षा 10 कुशाग्र राजा, वासु गोयल एवं समर्थ गुप्ताकक्षा 8, नव्या मिश्रा एवं संयम गोयल विद्यार्थियों की इस सहभागिता पर विद्यालय के प्रबंधक मुकेश अग्रवाल एवं चेयरमैन वीरेंद्र शुक्ला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, नए अनुभव प्राप्त करने तथा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलता है. विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

घर में घुसकर तीन लोगों को पीटा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली गोला क्षेत्र के मदनपुर गांव में रंजिश के चलते घर में घुसकर महिला समेत तीन लोगों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता राजेश्री पत्नी दिनेश कुमार ने गांव के ही चार लोगों पर गाली-गलौज कर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड समेत अन्य हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया है। राजेश्री ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 12 नवंबर की सुबह करीब नौ बजे गांव निवासी विजय कुमार, उसकी पत्नी सुनीता देवी और पुत्र आशीष व शिवम एकराय होकर जबरन घर में घुस आए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे, उसके पुत्र धर्मेंद्र और ससुर मंगरे लाल को लात-घूंसों, डंडों, तकुला, लोहे की रॉड और फावड़े से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने रास्ते में मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

धनतेरस पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी सम्मानित



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। जनपद में व्यापारियों एवं सराफा व्यवसायियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धनतेरस के पावन पर्व पर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने वाले पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की सराहनीय पहल को लेकर आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट ने उनका सम्मान कर आभार व्यक्त किया।

आदर्श व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं सराफा व्यवसायियों ने पुलिस अधीक्षक को सम्मानित करते हुए कहा कि जनपद के इतिहास में पहली बार धनतेरस पर सराफा कारोबारियों को डोर-टू-डोर सुरक्षा उपलब्ध कराने की ऐसी सराहनीय व्यवस्था देखने को मिली है। एसपी ने किसी अप्रिय घटना का इंतजार किए बिना पहले से ही सुरक्षा का मजबूत इंतजाम कराया। यही एक संवेदनशील, दूरदर्शी और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी की पहचान है।

धनतेरस की देर रात तक पुलिसकर्मी दुकानों पर मुस्तैदी से तैनात रहे और दुकानदारों के प्रतिष्ठान बंद होने तक अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। फतेहपुर नगर के साथ खागा, बिंदकी सहित जनपद के विभिन्न कस्बों में भी सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू की गई। व्यापारियों ने कहा कि पुलिस की इस सक्रियता से कारोबारियों में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत हुई है। व्यापार मंडल ने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों की भी मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। पदाधिकारियों ने ईश्वर से कामना की कि अभिमन्यु मांगलिक जैसे कर्मठ अधिकारी जनपद में बने रहें, ताकि अपराधियों में कानून का भय और आम नागरिकों एवं व्यापारियों में सुरक्षा का विश्वास कायम रहे।

इस अवसर पर संरक्षक अनिल सिंह गौतम, मोहम्मद शमीम, जिलाध्यक्ष अभिनव यादव, जिला महामंत्री एवं पत्रकार अमित शरण बॉबी, युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, कोषाध्यक्ष अभय गुप्ता, अमित सोनी, बबलू सोनी, रिंकू सरदार, हर मंगल सिंह सरदार, नगर दक्षिणी अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, शंकर लोधी एडवोकेट, विनोद गौतम, सूर्यकांत गुप्ता, अहसान, अहिल, धर्मेंद्र द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं सराफा व्यवसायी मौजूद रहे।

छठ पर्व को लेकर विधायक ने तीर्थ सरोवर का किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विधायक अमन गिरि ने नवागत उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा के साथ शिव मंदिर स्थित तीर्थ सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका के एसआई संदीप वर्मा को पर्व से पहले सरोवर की साफ-सफाई, पर्याप्त स्वच्छ जल और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्थाओं में किसी तरह की शिथिलता न बरतने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। 15 नवंबर को छठ मैया के पूजन पर्व पर तीर्थ सरोवर में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु जुटेंगे। व्रती दिनभर निर्जला उपवास रखकर शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को जल में खड़े होकर अर्घ्य देंगे। इसके बाद रातभर भजन-कीर्तन कर छठ मैया से परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना करेंगे। अगले दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगे।

इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य केके शुक्ल, सभासद भोली गिरि, मुकेश आनंद मिन्नी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार की टक्कर से सड़क पर गिरा बाघ, खेत में भागा

एनएच -30 पर सिंह ढाबे के पास हादसा, वन विभाग की टीमें ड्रोन से कर रहीं तलाश



जिला संवाददाता(vol)

पसगवां-खीरी। लखीमपुर खीरी और हरदोई जिले की सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर देर रात एक अर्टिगा कार की टक्कर से बाघ सड़क किनारे गिर पड़ा। कुछ देर बाद वह उठकर गन्ने के खेत में भाग गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि एयरबैग खुलने से कार सवार लोग सुरक्षित बच गए।

बताया गया कि कार सिंह ढाबे के पास महमूदपुर सरैयां इलाके से गुजर रही थी। इसी दौरान बाघ अचानक सड़क पर आ गया। टक्कर के बाद वह सरैया गांव की ओर गन्ने के खेत में चला गया। कार में मैगलगंज निवासी डॉ. अशोक विश्वकर्मा का परिवार सवार था, जो उत्तराखंड के कैंची धाम जा रहा था। सूचना पर जहानीखेड़ा चौकी प्रभारी प्रभात कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एनएचएआई की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। उधर, एसडीओ लखीमपुर, मोहम्मदी रेंजर निर्भय प्रताप शाही, मैगलगंज और हरदोई

संक्षेप

ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मिट्टी खनन को लेकर खूनी खेल, युवक पर चाकू से हमला

रायबरेली। भदोखर थाना क्षेत्र के कलशहा के पास मिट्टी खनन को लेकर खूनी खेल हो गया। युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हिमांशू पाल के रूप में हुई है। हमले में गंभीर रूप से घायल हिमांशू को इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में जांच पड़ताल में जुट गई है।

अवैध देशी शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार, 16 क्वार्टर बरामद

ललितपुर। अवैध शराब की बिक्री और कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने ग्राम अमरपुर में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 16 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 नवंबर को कोतवाली पुलिस ने ग्राम अमरपुर में चेकिंग के दौरान अमरपुर निवासी गोविन्ददास यादव पुत्र प्रीतम यादव को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक बाजारू झोले में रखे 16 अदद देशी रसभरी फ्रूटी शराब के क्वार्टर बरामद किए गए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक एवं चैकी प्रभारी अमरपुर मंडी देवराज मौर्य मय पुलिस टीम शामिल रही।

सोमवार से शुरू होगा जनगणना-2027 का द्वितीय चरण

ललितपुर। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का कार्य जनपद में आगामी 16 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। जनगणना को शत-प्रतिशत शुद्धता और सफलता के साथ संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय एवं वैधानिक कार्य है, इसलिए इसकी सफलता के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण है। जनगणना कार्यक्रम के तहत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल के माध्यम से आधिकारिक पोर्टल पर स्वयं और अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। ऑनलाइन जानकारी भरने के बाद प्राप्त होने वाली स्व-गणना आईडी को सुरक्षित रखना होगा। घर पहुंचने वाले प्रगणक को यह आईडी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। जनगणना का संदर्भ समय 5 जनवरी 2027 को प्रातरू 00रू00 बजे निर्धारित किया गया है।

मेले की तैयारियों को लेकर घाटों का निरीक्षण



रायबरेली।जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने तहसील डलमऊ स्थित गंगा घाटों एवं मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने 23, 24 एवं 25 नवम्बर, 2026 को आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले एवं मुख्य स्नान पर्व की तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेला जनपद का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ समय से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और मेला एवं स्नान पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने घाटों पर स्नानार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही घाटों पर भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र एवं घाटों पर व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा जहां भी किसी प्रकार की कमी हो, उसे तत्काल दूर कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, उप जिलाधिकारी डलमऊ प्रीति सिंह, क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरिजा शंकर त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रकारों ने दिवंगत राज करण वर्मा को दी श्रद्धांजलि

सोहावल-अयोध्या। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अयोध्या इकाई की तहसील इकाई सोहावल तहसील के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज करण वर्मा के आकस्मिक निधन पर सावित्री लान ढेमवा घाट पर शोक सभा कर 2 मिनट का मन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित सभी साथियों ने उनके घर पहुंचकर परिवार वालों को एकत्रित सहायता राशि दिया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सूर्यकुमार मिश्रा ने कहा कि राज करण वर्मा बहुत ही नेक एवं उत्तम विचारों वाले व्यक्ति थे। वह एक सच्ची पत्रकारिता करते थे। जिसके कारण उनके आकस्मिक निधन पर हम सभी को बहुत ही गहरा आघात पहुंचा है। उनके नेक दिली की वजह से ही उनके अंत्येष्टि पर कई दलों के नेता शिक्षाविद पत्रकार साथी आम ग्रामीण जनता सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर उन्हें अंतिम विदाई दी। आज वो हमारे बीच नहीं है। फिर भी उनकी यादें हमेशा रहेंगी। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के साथियों ने मिलकर के उनके परिवार को सहायता के रूप में कुछ राशि उनकी पत्नी को दिया। फरवरी माह में उनके बड़ी लड़की की शादी है। उसमें भी हम सभी तथा प्रदेश स्तर पर सहायता किया जायेगा। महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंत राम पांडेय अस्वस्थ होने के कारण नहीं पहुंच सके। परंतु उन्होंने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि स्वर्गीय राज करण वर्मा को दिया। ईश्वर से प्रार्थना किया कि अपने लोक में उन्हें उत्तम स्थान प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा में पत्रकार धर्मपाल सिंह, राम कलप पांडेय, संजीव कुमार सिंह, प्रदीप कुमार पांडेय, देवी प्रसाद वर्मा, शशांक सिंह, संदीप कुमार मिश्रा, अरविंद सिंह, निर्देश वर्मा, सुनील दत्त पांडेय, शालिक राम प्रजापति आदि पत्रकार साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

छठ महापर्व पर सुरक्षा को लेकर एक्शन मोड में बांसी पुलिस

प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने संभाली कमान



बांसी, सिद्धार्थनगर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बांसी कोतवाली पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। राप्ती नदी तट स्थित छठ घाटों पर सूर्य को अर्घ्य देने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं आमजनमानस की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक बांसी महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान स्वयं संभाल ली है। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने राप्ती नदी तट स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ उपनिरीक्षकों, पुलिसकर्मियों तथा महिला आरक्षियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को घाटों के चप्पे-चप्पे पर सतर्क निगरानी रखने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सक्रिय रहने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। पुलिस की सक्रियता का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्रती महिलाएं, श्रद्धालु एवं उनके परिजन बिना किसी परेशानी के पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना कर सकें। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने आमजनमानस से भी अपील की कि छठ महापर्व को आपसी सहयोग, भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। घाटों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं, सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार चतुर्वेदी की सक्रिय कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता से श्रद्धालुओं में भरोसे का माहौल बन रहा है। पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है कि लोक आस्था का यह महान पर्व पूरी सुरक्षा, शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो।

नपाध्यक्ष ने राप्ती नदी तट का किया निरीक्षण



बांसी (सिद्धार्थनगर)। आगामी छठ पूजा को लेकर नगर पालिका परिषद बांसी की अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने गत शुक्रवार को राप्ती नदी तट स्थित पूजा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को घाट पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद इद्रीस राईनी उर्फ पटवारी, अधिशासी अधिकारी जय प्रकाश सिंह यादव, लिपिक अमरेन्द्र कुमार, गिरीश पाण्डेय, राजकुमार पाण्डेय, रामचरण यादव, सुधीर मौर्य, राजू बाल्मीकि, राघवेंद्र द्विवेदी सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

नारियल फोड़कर शुरू हुआ सिल्ट सफाई का अभियान



सोहावल-अयोध्या। भाजपा ने जनता के बीच विश्वास जीता है। हमारे विकास की योजनाओं का एक कीर्तिमान है। जिसके आधार पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ा जायेगा। विपक्षी दलों की जुगलबंदी हो या अवसरवादिता का गठबंधन कोई काम नहीं आयेगा। सर्व समाज का विकास हुआ है। जाति धर्म के आधार पर वोट मांगने वालों को इस बार फिर मुंह की खानी पड़ेगी। जनता को गुमराह करके वोट हासिल कर लेना आसान काम नहीं है। यह बात बीकापुर विधायक डा0 अमित सिंह चैहान ने शुक्रवार को चैधरी चरण सिंह पंप कैनाल पर सिल्ट सफाई अभियान का शुभारंभ अवसर कही है। करीब 5 किलोमीटर लंबी इस पंप कैनाल के सिल्ट सफाई से सरकार को लगभग 7 लाख रुपए का राजस्व आया है। जिसकी ई नीलामी लेकर ठेकेदारों द्वारा सिल्ट सफाई कर बेचने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता रजनीश गौतम एसडीओ ऐश्वर्या मौर्य, मातेश्वरी, अवर अभियंता चंदन कुमार, रानू दूबे, बाल्मीकि पाण्डेय भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सिंह माला आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ग्रेटर ने मनाया दीपावली महोत्सव



अयोध्या। रोटरी क्लब ग्रेटर एवं ग्रेटर विंग ने कैंट स्थित मसोनिक लॉज में दीपावली महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्थापक अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने सभी सदस्यों का दीपावली की बधाई के साथ स्वागत किया। तदोपरान्त ग्रेटर विंग की सदस्या छवि अग्रवाल ने प्लेकार्ड का गेम कराया जिसमें ज्योति सोनी विजयी रहीं। अत्यंत मनोरजक गेम हौजी का संचालन रश्मि केसरवानी ने किया। जिसमें रूमी, मोनिका, पूनम, नीता, नीति - श्रद्धा अग्रवाल विजयी रहीं। पंक्कआलिटी में नीति, स्नेहा, ज्योतिसोनी, रश्मिअरुण एवं छविपार्थ को विजयी घोषित किया गया। कपल गेम में रचना एवं संजय अग्रवाल विजय रहें। अंत में दीपावली धमाका का निर्णय चित निकालकर किया गया। जिसमें नीता संजय, पूजा नितेश, रश्मि संजीव, छवि अखिल, एवं छवि पार्थ विजयी घोषित किया गये। कार्यक्रम संयोजक अरविन्द अग्रवाल एवं राहुल केसरवानी ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब के 70 सदस्यो ने प्रतिभागन किया। क्लब अध्यक्ष सुनील रस्तोगी ने कहा कि संस्था प्रतिवर्ष दीपावली महोत्सव का आयोजन करती है। जिसमें सभी लोग बढ़चढ़कर सम्मिलित होते है। कार्यक्रम का संचालन विंग की संस्थापक अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल एवं अनुराग अग्रवाल ने समुक्त रूप से किया। अंत में बच्चों एवं बड़ों ने आतिशबाजी कर समाबाध दिया। ग्रेटर विंग की अध्यक्षा नीता मित्तल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

दबंगों ने परिवार पर किया जानलेवा हमला

अयोध्या। जनपद के थाना बाबा बाजार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामअधीन का पुरवा (लोहटी सरैया) में पुराने रास्ते के विवाद को लेकर एक अनुसूचित जाति के परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला तारावती (पत्नी तुलसीराम) ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, घटना 8 नवंबर 2026 की शाम करीब 7रू30 बजे की है। आरोप है कि गांव के ही राम कृष्ण मिश्रा, विजय मिश्रा, राहुल मिश्रा, भोलेशंकर मिश्रा, प्रेम मिश्रा, शुभम, हंसराज, गीता सहित थाना खंडासा के चिरौली निवासी चद्दू पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, कुसुम पाण्डेय और दो अज्ञात व्यक्तियों ने एकजुट होकर पीड़ित परिवार पर हमला कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि हमलावर लाठी-डंडे, फरसा और कट्टे से लैस थे। उन्होंने सार्वजनिक स्थान पर भीड़ के सामने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। जब पीड़ित परिवार जान बचाने के लिए अपने घर की ओर भागा, तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और दहशत फैलाने के उद्देश्य से कट्टे से फायर भी किया।

बेरोजगार युवाओं को रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

अयोध्या। सहायक निदेशक, सेवायोजन अयोध्या मण्डल अयोध्या देवव्रत कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, अयोध्या द्वारा दिनांक 17 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से श्री कृष्णा आर०टी०एस० विधि महाविद्यालय परिसर, नरौली, रूदौली, अयोध्या में एक दिवसीय वृहद् रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों जैसे- कोटक महिन्द्रा बैंक, स्विगी समेत 300 कंपनी भाग लेगी।

ताड़का वध से गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

पुष्प वाटिका में राम-सीता मिलन ने मोहा



रायबरेली। श्री दीपमालिके रामलीला कमेटी बड़ों की ओर से आयोजित रामलीला मंचन में गुरुवार को ताड़का वध एवं पुष्प वाटिका की लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से रामायण के इन महत्वपूर्ण प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु एवं दर्शक पहुंचे। पूरी रामलीला के दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

गुरुवार की लीला में गुरु विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के वन गमन का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। ऋषि-मुनियों के यज्ञ में बाधा डालने वाले राक्षसों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए गुरु विश्वामित्र भगवान राम और लक्ष्मण को अपने साथ लेकर जाते हैं। इसी क्रम में ताड़का का प्रवेश होता है। ताड़का के आतंक और उसके भयावह रूप को देखकर दर्शकों में रोमांच का वातावरण बन गया। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने अपने बाण से ताड़का का वध कर दिया। अधर्म पर धर्म की विजय के इस प्रसंग पर दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

इसके बाद पुष्प वाटिका की मनमोहक लीला का मंचन हुआ। गुरु विश्वामित्र की पूजा के लिए पुष्प लेने भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुर की पुष्प वाटिका पहुंचे।

इसी दौरान माता सीता भी अपनी सखियों के साथ वाटिका में पहुंचीं। पुष्प वाटिका में भगवान श्रीराम और माता सीता के प्रथम दर्शन एवं एक-दूसरे के प्रति आकर्षण के प्रसंग को कलाकारों ने बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। मयार्दा, शालीनता और प्रेम की अभिव्यक्ति से जुड़ा यह दृश्य दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। राम और सीता के मिलन के इस प्रसंग ने रामलीला परिसर को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। विश्वामित्र की भूमिका मुन्नूलाल सविता, ताड़का की भूमिका राजू भारती, भगवान राम की भूमिका गोलू तिवारी ने निभाई। कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा।

लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला, महिलाओं समेत नौ लोग घायल

ललितपुर। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के ग्राम सिलगन में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पहले दो युवकों ने परिवार के एक सदस्य के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसके कुछ देर बाद वे अपने अन्य साथियों के साथ लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे तथा घर में घुसकर परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। इस घटना में महिलाओं समेत परिवार के नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम सिलगन निवासी नत्थीवाई पत्नी प्रागीलाल ने बताया कि 11 नवंबर 2026 की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने परिजनों के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के राजेंद्र पुत्र रमेश और राज पुत्र पूरन वहां पहुंचे तथा उनके देवर के लड़के रवेन्द्र पुत्र मोतीलाल के साथ बिना किसी बात के गाली-गलौज और मारपीट करने लगे।

एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने परेड की ली सलामी



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनुशासन, ड्रिल, टर्नआउट, ड्रेस कोड, शारीरिक दक्षता और सामूहिक तालमेल का बारीकी से जायजा लिया। परेड में आवश्यक ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, समय पालन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। परेड निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर स्थित क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, स्टोर रूम और पुलिस कैंटीन का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और उपलब्ध संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने परिवहन शाखा पहुंचकर पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया। वाहनों की साफ-सफाई के साथ वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैबलेट, मोबाइल और अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता परखी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहन और उपकरण हमेशा पूरी तरह क्रियाशील स्थिति में रहें, ताकि किसी भी आपात परिस्थिति में तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पुलिस अधीक्षक ने डायल-112 के पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण किया।

अक्सरा माफी गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल, मुख्य मार्गों पर गंदगी का अंबार



मिठवल (सिद्धार्थनगर)। मिठवल ब्लॉक क्षेत्र की चर्चित ग्राम पंचायत अक्सरा माफी में साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। गांव के मुख्य मार्ग पर गंदा पानी बहने के साथ जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। वहीं काली मंदिर जाने वाले रास्ते पर भी गंदगी के कारण दुर्गंधयुक्त माहौल बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में चर्चा है कि स्वच्छता अभियान के नाम पर सरकारी धनराशि खर्च किए जाने के बावजूद गांव में सफाई व्यवस्था की स्थिति बदहाल है। स्वच्छता मद में लाखों रुपये के खर्च को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने संबंधित जिम्मेदारों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कूड़ा नदी में डूबे दोनों युवकों के शव बरामद डीएम ने परिजनों को दी सांत्वना



लोटन सिद्धार्थनगर, । विकास खंड लोटन के अंतर्गत कूड़ा नदी में लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए हादसे में डूबे दोनों लोगों के शव शुक्रवार को बरामद कर लिए गए। एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों ने दो दिनों तक कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को खोज निकाला। घटनास्थल का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही के साथ निरीक्षण किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान एसडीएम नौगढ़ निखिल चक्रवर्ती, क्षेत्राधिकारी नौगढ़ विश्वजीत सौरयान सहित संबंधित अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष बृजेश सिंह की पहल से बिखरने से बचा परिवार, पति-पत्नी में कराया सुलह-समझौता




सिद्धार्थनगर। थाना शिवनगर डिड़ई के थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने सराहनीय पहल करते हुए पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद को सुलझाकर परिवार को बिखरने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार, मस्जिदिया निवासी विजयलक्ष्मी पत्नी राकेश ने पति एवं ससुराल पक्ष के खिलाफ 1090 और थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों और उनके परिजनों को थाने बुलाकर काउंसलिंग की। समझाने-बुझाने के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से सुलह-समझौते पर राजी हो गए। महिला ने लिखित रूप से बताया कि वह अपने पति के साथ मिलजुलकर रहना चाहती है और उसे किसी पुलिस कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद मिशन शक्ति टीम ने महिला को उसके पति एवं ससुराल पक्ष के साथ सकुशल राजी-खुशी विदा किया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह के मार्गदर्शन में की गई। इस सराहनीय पहल में उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, महिला हेड कांस्टेबल नीलम शुक्ला एवं महिला कांस्टेबल प्रतिमा दूबे शामिल रहीं।

बागेश्वर सरकार सुनाएंगे प्रभु की महिमा

- गंगा तट पर श्रीराम नाम की भक्ति का 17 से होगी गूंज
- पांच सौ पाकिस्तानी हिन्दू शरणार्थी भी सुनेंगे भगवान की कथा

ज्ञानप्रकाश शुक्ला





प्रतापगढ़। गंगा तट पर बेंती राज भवन में आगामी सत्रह से बीस नवंबर तक होने वाली भव्य श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर जिले सहित आसपास के जनपदों में भी भक्तिमय माहौल है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा भइया के संयोजन में कथा आयोजन को लेकर कुण्डा क्षेत्र के बेंती अंचल का माहौल भगवामय हो उठा है। सनातन संस्कृति की मुखर आवाज की पहचान बने राजा भइया के द्वारा आयोजित राम कथा का दारोमदार जनसत्ता दल के कार्यकताओं ने अपने कंधों पर ले रखा है। कथा के मुख्य आकर्षण बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री हैं। वह राजभवन बेंती से लगे गंगा तटवर्ती विशाल मैदान में सत्रह नवंबर से श्रीराम कथा का लाखों श्रद्धालुओं को श्रवण कराएंगे। कथा की सफलता को लेकर तैयारियों के हर पहलू का राजा भइया स्वयं नित्य प्रतिदिन समीक्षा करते देखे जा रहे हैं। श्रीराम कथा में दिग्गज सियासियों के साथ सनातन धर्मावलम्बियों के बड़े चेहरे भी बेंती राजभवन में दिखेंगे। कथा को लेकर कुण्डा क्षेत्र के व्यापारियों, शिक्षकों, खासकर युवाओं तथा महिलाओं में भी उत्साह चरम पर आ पहुंचा है।

वहीं कथास्थली की आकर्षक साजसज्जा को भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में निहारते देखे जा रहे हैं। राजा भइया के संयोजन में होने वाली इस कथा की विशेषता यह भी होगी कि इसमें करीब पांच सौ से अधिक पाकिस्तानी हिन्दू शरणार्थी भी कथा का रसास्वादन कर सकेंगे। हिन्दू राष्ट्र तथा सनातन धर्म को लेकर राजा भइया इस समय देश व प्रदेश में मुखर आवाज बने हुए हैं। कथा को लेकर उनका कहना है कि यह लोक कल्याण के निमित्त सनातन महाकुंभ है। कथा स्थली पर विशाल मण्डप के साथ तीन तीन हेलीपैड का भी निर्माण कार्य शुक्रवार को तेजी पर दिखा। वहीं कुण्डा में जनसत्ता दल के कार्यकताओं के जमावड़े में श्रीराम कथा का जयघोष आयोजन के उत्साह तथा उमंग की गूंज लिए हुए दिखा।

कथा की सफलता को लेकर एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, विधायक एवं जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज को राजा भइया के निर्देश पर तैयारियों को आकार देने में जुटे देखा जा रहा है। वहीं बेंती राजभवन में कथा के आयोजन को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा संत समाज के भी ध्वज वाहकों को राजा भइया से मिलकर आयोजन के प्रति समर्थन व सहयोग का भाव भी मुखर हो उठा है। बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को लेकर प्रतापगढ़ में श्रीराम कथा के आयोजन के तहत एकमुश्त समर्थन में लोगों को मजबूती से खड़े भी देखा जा रहा है। विभिन्न वर्गों के आम आवाम में भी श्रीराम कथा को लेकर राजा भइया के इस आयोजन की जनसराहना कथा की भव्यता व विशालता का आगाज लिए हुए है। कथा स्थली पर प्रथम आगत प्रथम स्वागत की व्यवस्था के तहत आम श्रद्धालुओं को भी विशिष्ट श्रेणी में रखा गया है। प्रतापगढ़ के साथ पड़ोसी जिले गंगापार कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर तथा रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर व जौनपुर में भी बेंती राजभवन में होने वाली श्रीराम कथा को लेकर भक्तों में प्रतीक्षा का ज्वार है। वहीं बेंती राजभवन को श्रीराम कथा को लेकर भव्यता से सजाया संवारा गया है। श्रद्धालुओं के ठहरने के साथ उनके कथा श्रवण की सभी व्यवस्थाओं को उत्तम बनाने के लिए आयोजक तैयारियों को व्यवस्थित करने में जुटे हुए हैं।

जिला कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद-चित्रकूट

पत्रांक:पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2026-27/436 दिनांक:-12.11.2026

अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस

पी.सी.एफ. में धान खरीद वर्ष 2026-27 एवं गेहूँ खरीद वर्

संक्षेप

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल

जोराबाजार, कुशीनगर। फोरलेन पर तेज रफ्तार वाहनों का कहर एक बार फिर देखने को मिला। गुरुवार की देर रात बघौचघाट मोड़ के पास दक्षिणी सर्विस लेन पर अज्ञात वाहन की ठोकर से 24 वर्षीय बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर अचेत पड़ा रहा। सिर में गहरी चोट लगने से उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। गनीमत रही कि गश्त पर निकले माधुरिया चौकी प्रभारी रामप्रवेश सिंह की नजर घायल युवक पर पड़ गई। उन्होंने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर पहुंचाया और परिजनों को घटना की सूचना दी।

मिली जानकारी के अनुसार, कसया थाना क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर निवासी दिनेश चौधरी का 24 वर्षीय पुत्र सौरव चौधरी तमकुही से बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान फोरलेन के दक्षिणी सर्विस लेन पर बघौचघाट मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सौरव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

छठ पूजा की तैयारियों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ (40-50 हजार) के मद्देनजर सुरक्षा, गोताखोर व बैरिकेडिंग के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश



कुशीनगर। आगामी छठ पूजा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पंचायत सेवरही में बांसी नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक शिवा घाट का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण

- पीडब्ल्यूडी को अतिरिक्त मैनपावर लगाकर घाट के संपर्क मार्ग को तत्काल दुरुस्त करने का आदेश


के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा छठ पूजा कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता कर घाट पर की जा रही तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष व कमेटी के सदस्यों ने शिवा घाट के पौराणिक महत्व से अधिकारियों को अवगत कराया तथा जानकारी दी कि छठ पूजा के मुख्य दिन यहाँ लगभग 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। जनप्रतिनिधियों एवं कमेटी के सदस्यों की मांग और श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल सभी मूलभूत एवं सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर तत्काल कार्यवाही करने को कहा सुरक्षा एवं जल व्यवस्था घाट के किनारे गहरे पानी में जाने से रोकने हेतु मजबूत बैरिकेडिंग कराने, पर्याप्त संख्या में नावों और प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। घाट का समतलीकरण एवं सफाईः श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूरे घाट क्षेत्र को समतल करने तथा साफ-सफाई व प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया।संपर्क मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि वे तत्काल अतिरिक्त मैनपावर लगाकर घाट को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की मरम्मत एवं निर्माण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने भी स्थानीय पुलिस अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर पर्व मना सकें।इस अवसर पर प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, नगर पंचायत के कर्मचारी तथा पूजा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



कसया, कुशीनगर। छठ महापर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया जी अक्षय दीपक और तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए।शुक्रवार की शाम को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया जी अक्षय दीपक और तहसीलदार धर्मवीर सिंह कसया नगर स्थित शिव मंदिर पोखरे का घूमकर निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने घाट की साफ-सफाई, वेदियों के निर्माण और बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। नगरपालिका परिषद कुशीनगर द्वारा छठ वेदियों का निर्माण कराया गया है और रंगाई, पुताई के साथ प्रकाश, पेयजल, टेंट आदि की व्यवस्था की जा रही है ताकि व्रत धारी महिलाओं को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। सभासद राजेश मद्धेशिया और नगर के स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी से उन्होंने छठ पर्व की व्यवस्था को लेकर जानकारी ली।

मुठभेड़ में शातिर अपराधी घायल, गिरफ्तार



बहराइच। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव *द्वारा पुलिस टीमों का गठन करते हुए चोरियों के अनावरण और अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे । इसी क्रम में आज 12 की रात्रि को थाना पयागपुर पुलिस टीम को मुखबिर खास के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे के अंडरपास पुलिया के आगे संदिग्ध/अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति चोरी की घटना कारित करने या चोरी का सामान बेचने की फिराक में निकलने वाला है ।इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी पयागपुर मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की जा रही थी, इसी दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया, पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबन्दी कर रोकने का प्रयास किया गया परन्तु स्वयं को पुलिस टीम से घिरता हुआ देखकर अपराधी द्वारा रेलवे ट्रैक की आड़ लेकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी गई ।पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अपराधी के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल होकर गिर पड़ा, तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया, गिरफ्तार घायल अपराधी की पहचान बब्बू पुत्र रामप्रसाद निवासी बबया, थाना पयागपुर, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। अभियुक्त के पास से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, चोरी के सफेद धातु के 09 पायल, 11 बिछिया एवं ?14,500/- नगदी बरामद हुई। घायल अपराधी थाना पयागपुर का हिस्ट्रीशीटर है और उस के विरूद्ध 02 दर्जन से अधिक मुकदमे पूर्व से दर्ज है ।

लापरवाही पर डीएम सख्त : दो ब्लॉक मिशन प्रबंधकों का मानदेय रोका



महोबा। जिलाधिकारी प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में 13 नवंबर 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत रोजगार और ग्रामीण आजीविका गारंटी मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एक जैसे एवं सामूहिक रूप से आजीविका संबंधी कार्यों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग एवं बाजार से बेहतर लिंकेज स्थापित किया जाए। साथ ही नए-नए उत्पादों के निर्माण एवं विपणन के माध्यम से समूहों की आय में वृद्धि के प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित कर समूह की महिलाओं को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराया जाए जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो और अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में विकसित किया जा सके। समीक्षा के दौरान विकासखंड जैतपुर में सीसीएल एवं ई-केवाईसी की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित ब्लॉक मिशन प्रबंधकों सुभाषचन्द्र रैकवार एवं नन्दकिशोर शिवहरे के माह नवम्बर 2026 के मानदेय पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक ने रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र



बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार अभियान अन्तर्गत युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच अन्तर्गत शान्ती देवी सुभाष चंद्र सुशांत पी जी कॉलेज चाकूजोत परिसर में आयोजित विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले के मुख्य अतिथि मा विधायक सदर बहराइच अनुपमा जायसवाल जी ने अन्य अतिथियों के साथ फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर रोजगार मेले का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जायसवाल ने रोजगार मेले की सराहना करते मौजूद अभ्यर्थियों का आहवान किया कि सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे कि शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को देश के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। श्रीमती ने मौजूद अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संसार में कोई भी सेवा व कार्य छोटा नहीं होता है। जीवन में पूरी ईमानदारी व लगन के साथ किया गया प्रत्येक कार्य का नतीजा उत्साहजनक होता है। उन्होंने अभ्यर्थियों का आहवान किया जीवन में नकारात्मकता का त्याग कर पॉजीटिव सोच के साथ मिलने वाले अवसरों का भरपूर लाभ उठाकर अपने व परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करें।विधायक जायसवाल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों एवं युवाओं की बेहतरी के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आज देश व प्रदेश के युवाओं को पूरी पारदर्शिता व योग्यता के अनुसार नौकरियों में अवसर मिल रहा है साथ ही स्वरोजगार से युवाओं को सबल बनाने हेतु अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है ताकि युवा स्वयं के साथ-साथ दूसरे लोगों को भी रोजगार से जोड़कर देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे सकें। श्रीमती जायसवाल ने अन्य अतिथियों के साथ रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को जॉब आफर लेटर का वितरण करते हुए उपस्थित सभी युवक-युवतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना ही।

जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने सेवायोजन पोर्टल एवं रोजगार संगम पोर्टल की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 17 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए 602 प्रतिभागियों का साक्षात्कार करते 341अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण के लिए चयन किया गया है। इस अवसर पर उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग, लीड बैंक व श्रम विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर मौजूद लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त मे जिला सेवायोजन अधिकारी ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में अभ्यर्थी एवं उनके परिजन मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री अजय प्रताप सिंह अज्जू, नगर अध्यक्ष सतीश सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र शर्मा ज्ञानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्र देव त्रिपाठी, विश्राम कनौजिया, गौरव तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अमित पांडे जी ने किया।

आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य सम्मानित



रुपईडीहा बहराईच। कमलेश श्रीवास्तव अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोध समिति, लखनऊ के दिशा-निर्देशन के क्रम में, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति जिला बहराइच द्वारा आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के लोकप्रिय चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत रुपईडीहा नगर पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में दिए गए उनके अत्यंत सफल और सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन डॉ. वैश्य को समिति की वार्षिक सेवा पथ पुस्तक 'दर्पण', अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन एवं नगर सचिव राजीव अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे, जिनमें रुपईडीहा पत्रकार संघ उपाध्यक्ष बनारस गिरी, पत्रकार संजय कुमार गुप्ता, शकील अहमद, इरशाद हुसैन, संतोष कुमार मिश्रा, सिद्धनाथ गुप्ता, रमेश कुमार मिश्रा और केशव कुमार गुप्ता। प्रशासनिक व संगठन प्रतिनिधि चेक पोस्ट इमीग्रेशन में तैनात उप निरीक्षक आशुतोष दुबे, संगठन मंत्री केसरी प्रसाद सोनी पत्रकार शाहिद हुसैन, सहित दर्जनों सम्मानित लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने चेयरमैन के स्वच्छता कार्यों की सराहना की और नगर के विकास में पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर-1950 और निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण

देवरिया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर-1950 कक्ष एवं निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण तथा कार्यालय में संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं निर्वाचन संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कार्यालय की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाए रखते हुए निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखी जाएं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में प्राविधानों का करें अनुपालन

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस के निस्तारित फीडबैक की गहन समीक्षा के दौरान वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा है कि आईजीआरएस के प्रकरणों का तत्परता एवं वास्तविक रूप से निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही आईजीआरएस में जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो, इस पर विशेष रूप से ध्यान रखें, अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि प्रकरण के निस्तारण में मौके का स्पॉट मेमो लगाना अति आवश्यक है तथा आवेदकों से इस दौरान अनिवार्य रूप से संपर्क किया जाए। आवेदक से वार्ता कर उसके संतुष्ट/असंतुष्ट होने की स्थिति को भी आख्या में दर्शाते हुए उसे पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। उन्होंने निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप प्राप्त शत-प्रतिशत आईजीआरएस प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

वक्फ की जमीन कब्जाने की कवायद, 827 संपत्तियों पर कब्जेदारों का राज

बांदा। जनपद में वक्फ की जमीनों पर कब्जे की कवायद जारी है। कब्रिस्तान, ईदगाह, मजार, मदरसा और मस्जिद के नाम पर दर्ज जमीनों पर भूमाफिया कुंडली मारकर बैठे हैं।

कागजों में सब वक्फ का है, जमीन पर अवैधानिक कब्जा है और प्रशासन तमाशबीन बना है? शासन के आदेश पर ग्यारह माह पूर्व हुआ सत्यापन ही इस लूट की गवाही बयां करता है। बताया जाता है कि जिले की लगभग 875 वक्फ संपत्तियों में से 827 संपत्तियां सरकारी, सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर वक्फ के नाम दर्ज हैं। यानी यह जमीन किसी एक की नहीं बल्कि पूरी कौम की अमानत है। जनवरी में केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर सदर, अतर्रा, बबेरू, नरैनी और पैलानी तहसील में वामसी पोर्टल और राजस्व रिकॉर्ड खंगाले गए तो यही सच्चाई सामने आई थी। रिकॉर्ड साफ है, लेकिन जमीन पर अंधेर है। जहां कब्रिस्तान होना चाहिए वहां कॉलोनियां खड़ी हो गईं। ईदगाह की जमीन पर दुकानें सज गईं। मजार और इमामबाड़े के खाली प्लाटों पर पक्के मकान बन गए। नाली और नाले तक नहीं बख्शे गए। मुख्य प्रश्न यह है कि प्रशासन खामोश क्यों है? जिले में एक नहीं, 827 मामलों में सरकारी जमीन पर कब्जा है। इसके बाद भी न नोटिस, न पैमाइश, न बुलडोजर। सदर तहसील के राजस्व निरीक्षक बताते हैं कि ऊपर से ही फरमान है कि वक्फ के मामलों में हाथ न डाला जाए। नतीजा, नीचे से लेकर ऊपर तक सभी ने आंख पर पट्टी बांध ली है? वक्फ बोर्ड की चुप्पी और भी संदेह पैदा करती है।

जिस बोर्ड को इन संपत्तियों का रखवाला होना चाहिए, वही सबसे बड़ा मूकदर्शक बना है। अगर 827 संपत्तियां सरकारी जमीन पर हैं तो एक भी अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया गया? कागजों में वक्फ जिंदा है, जमीन पर मर रहा है। अगर अब भी प्रशासन नहीं जागा तो आने वाले दिनों में वक्फ की बची-खुची जमीनें भी नक्शे से ही गायब हो जाएंगी और जिम्मेदार सिर्फ फाइलों में धरोहर बचाते रह जाएंगे। इस संबंध में जब अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से बात करने का प्रयास किया गया तो सीयूजी फोन की घंटी बजती रही उन्होंने रिसीव नहीं किया।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में लायें सुधार : जिलाधिकारी

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए बैठक में जिलाधिकारी ने आरबीएसके टीमों द्वारा किए जा रहे कार्यों का सत्यापन कराने तथा उनके भ्रमण एवं कार्यों का रोस्टर जारी करने के निर्देश दिए। आभा आईडी बनाने की प्रगति खराब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए थाना दिवस एवं तहसील दिवस में विशेष कैंप आयोजित करने को कहा। इसके साथ ही बीओसीडब्ल्यू (इडउह) के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने तथा सभी स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें।

फार्म-6 भरते समय आवेदक का वास्तविक और सक्रिय मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य

देवरिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए पात्र नागरिकों द्वारा ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कई बार आवेदकों द्वारा स्वयं अथवा जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन फार्म-6 जमा करने के बाद मोबाइल नंबर पर रेफरेंस नंबर की सूचना प्राप्त नहीं होने के कारण एक से अधिक बार आवेदन कर दिया जाता है। इससे निर्वाचक नामावली में एक से अधिक प्रविष्टियां (मल्टीपल एंट्री) होने की समस्या उत्पन्न होती है। इस समस्या को रोकने के लिए जन सुविधा केंद्र संचालकों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने बताया कि फार्म-6 भरते समय आवेदक अथवा उसके किसी संबंधी का मोबाइल नंबर अंकित किया जा सकता है। फार्म में दर्ज मोबाइल नंबर मतदाता डाटा में ईपीआईसी आईडी के साथ लिंक हो जाता है। फार्म-6 का अंतिम सबमिशन ई-साइन के माध्यम से होता है। आवेदक द्वारा ई-साइन के लिए अपना आधार नंबर दर्ज करने पर आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होता है।

ओटीपी दर्ज करने के बाद ई-साइन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी होती है और तभी फार्म का रेफरेंस नंबर जनरेट होता है।

उन्होंने बताया कि फार्म ई-साइन के माध्यम से सफलतापूर्वक सबमिट होने पर स्क्रीन पर आवेदन प्राप्त होने का संदेश प्रदर्शित होता है। आवेदन सबमिट होने के बाद रेफरेंस नंबर उसी मोबाइल नंबर पर प्राप्त होता है, जो फार्म-6 में अंकित किया गया है। इसी रेफरेंस नंबर की सहायता से भविष्य में आवेदन की स्थिति भी ट्रैक की जा सकती है उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जन सुविधा केंद्र संचालकों को निर्देशित किया है।

विधानसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित



बिजनौर। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को विवेक विश्वविद्यालय में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों का वल्नरेबल एवं क्रिटिकल मैपिंग के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों तथा क्रिटिकल मतदान केंद्रों की पहचान और उनकी मैपिंग से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की मंशा से अवगत करते हुए निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने निर्धारित क्षेत्र का भ्रमण करें। अधिकारियों को निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

चौकी प्रभारियों के बदले गए कार्यक्षेत्र

बांदा। पुलिस महकमे में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने एक बार फिर फेरबदल किया है। तबादला सूची में पुलिस लाइंस, महिला थाना, साइबर क्राइम थाना, एसएसआई कार्यालय, पुलिस चैकियों और विभिन्न थानों से जुड़े पुलिसकर्मियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। कई पुलिसकर्मियों को थानों से चैकियों और चैकियों से थानों में भेजा गया है।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी-सिविल लाइंस, कोतवाली नगर से थाना नरैनी, उ0नि0 यज्ञनारायण भार्गव-बलखंडीनाका से एसएसआई थाना तिंदवारी, उ0नि0 अरविन्द कुमार मौर्या-अलीगंज से चैकी लमेहटा, थाना बदौसा, उ0नि0 वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी-मेडिकल कालेज से चैकी बेंदाघाट थाना तिंदवारी, उ0नि0 रोशनलाल सरोज-खाईपार से प्रभारी कस्बा तिंदवारी, उ0नि0 दीपक कुमार सैनी-विश्वविद्यालय से चैकी पखरौली थाना बबेरू, म0उ0नि0 रश्मि सिंह-काशीराम कालोनी से चैकी कुरसेजा थाना तिंदवारी, उ0नि0 शुभम कौशिक-कालवनगंज से चैकी महुटा थाना अतर्रा, उ0नि0 प्रदीप कुमार सोनी-जेल से चैकी अमारा थाना जसपुरा, उ0नि0 हरिशरण सिंह-एसएसआई से संबद्ध किया है।

एटीएम का शटर बंद कर नोट चोरी करते दो गिरफ्तार



बांदा। एटीएम मशीन से रुपये निकालने पहुंचने वाले ग्राहकों को भनक तक नहीं लगती थी कि मशीन में पहले से छेड़छाड़ की गई है। ग्राहक पूरी प्रक्रिया करने के बाद भी नकदी न मिलने पर वापस लौट जाते थे और उनके जाने के बाद आरोपी एटीएम में फंसी रकम निकालकर फरार हो जाते थे। इस तरीके से नकदी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस को यह सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान की। 13 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर दोनों को महोखर बाईपास से गिरफ्तार किया गया है।

एएसपी ने बताया कि 10/11 नवंबर की रात घटना हुई थी। परशुराम तालाब निवासी वीरेंद्र कुमार बंगालीपुरा स्थित एटीएम से 15 हजार रुपये निकालने पहुंचे थे। उन्होंने पूरी प्रक्रिया पूरी की, लेकिन मशीन से रुपये बाहर नहीं आए। उन्हें एटीएम में गड़बड़ी और छेड़छाड़ का संदेह हुआ। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति ने भी रुपये निकालने के बावजूद नकदी नहीं मिलने की जानकारी दी। इसके बाद 11 नवंबर को कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करन पुत्र अशोक निवासी बवारा सवारा और अजय पुत्र रामदास निवासी कंचनपुरवा, थाना गाजीपुर, जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एटीएम के कैश डिस्पेंसिंग स्लॉट के सामने लगे कवर को प्लास से क्षतिग्रस्त कर देते थे। इसके बाद टेप और फेवीक्विक की मदद से उसमें कृत्रिम शटर लगा देते थे और कवर को दोबारा चिपका देते थे। बाहर से मशीन सामान्य दिखाई देती थी, लेकिन ग्राहक जब रुपये निकालता तो मशीन नकदी जारी करने के बावजूद उसे ग्राहक तक नहीं पहुंचा पाती थी। रुपये कृत्रिम शटर में फंस जाते थे। ग्राहक के चले जाने के बाद आरोपी कवर खोलकर फंसी हुई नकदी निकाल लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एटीएम से छेड़छाड़ कर निकाले गए 5960 रुपये, एक मोटरसाइकिल, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, पांच एटीएम कार्ड और वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार बरामद किए हैं। बरामद औजारों में एक प्लास, तीन प्लेट, टेप के तीन बंडल, सिल्वर स्प्रे पेंट, तीन रबर, फेवीक्विक, बिजली का एक टेप और एक बैग शामिल है। इस मामले में कोतवाली नगर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 581/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 303(2), 319(2), 334(2) और 317(2) में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उन्होंने अन्य किन स्थानों पर इसी तरीके से वारदातों को अंजाम दिया है। उनके आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस टीम में कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, मंडी समिति चैकी प्रभारी आकाश शुक्ला, कांस्टेबल नवीन कुमार यादव, प्रशांत कुमार और सौरभ

उर्वरक सब्सिडी

हाल के वर्षों में युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव और गैस आदि के दाम बढ़ने के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों के दाम बहुत बढ़ गये हैं। इससे भारत सरकार को सस्ते दर पर किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए भारी सब्सिडी देनी पड़ती है। ऐसे में यह जरूरी है कि सब्सिडी वाले उर्वरकों को किसी भी तरह से दुरुपयोग न होने पाये। पूर्व में दुरुपयोग को रोकने के लिए नीम कोटेट किया गया था। फिलहाल उर्वरक सब्सिडी का बोझ बढ़ने की आशंकाओं के बीच 2026 के खरीफ सीजन के दौरान चुनिंदा सीमावर्ती जिलों में उर्वरकों की बिक्री में दर्ज की गई 37.56 प्रतिशत की गिरावट राहत देने वाली खबर है। यह गिरावट उर्वरक खरीद के लिए डिजिटल सत्यापन व्यवस्था लागू किए जाने के बाद दर्ज की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत एग्रीस्टैक और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उर्वरक खरीद को किसानों की आईडी, भूमि रिकॉर्ड और फसल की जरूरतों से जोड़ा गया है। सब्सिडी वाले यूरिया का औद्योगिक उपयोग और सीमा पार तस्करी चिंता का विषय रहे हैं। उर्वरकों की बिक्री में आई यह गिरावट सब्सिडी के दुरुपयोग और रिसाव के संभावित पैमाने का नया संकेत देती है। इसकी वजह कीमतों में भारी अंतर है। भारत में किसानों को 45 किलोग्राम यूरिया बैग लगभग 265 रुपये में दिया जाता है जबकि सितंबर में इसकी अनुमानित आयात सहित लागत 1,674 रुपये थी। इसका बड़ा राजकोषीय प्रभाव भी है।



वित्त वर्ष 2026-27 का उर्वरक सब्सिडी का बजट आवंटन लगभग 1.71 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2025-26 में भी उर्वरक सब्सिडी पर खर्च बढ़कर अनुमानित 2.11 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह 1.68 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से 26 प्रतिशत और 1.86 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 13.4 प्रतिशत अधिक है। केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया उर्वरक बिक्री ढांचा एक स्वागतयोग्य पहल है। इसके तहत उर्वरक की खरीद पूरी होने से पहले किसान की डिजिटल पहचान और सत्यापित भूमि रिकॉर्ड को फसल की जरूरतों से जोड़ा जाता है। मौजूदा एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली के साथ मिलकर यह ढांचा असामान्य खरीद पैटर्न की पहचान करने, जिला स्तर पर उर्वरकों की खपत पर निगरानी रखने और सब्सिडी के वितरण को तर्कसंगत बनाने में मदद कर सकता है। पायलट परियोजना में शामिल जिलों में उर्वरकों की बिक्री में गिरावट संकेत देती है कि इस व्यवस्था के संभावित लाभ सीमावर्ती क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं हैं। उर्वरकों की बिक्री में आई गिरावट का आकलन करते समय इस वर्ष फसल चक्र में बदलाव और कम बारिश जैसे कारकों को भी ध्यान में रखना होगा। यह भी देखना होगा कि डिजिटल सत्यापन वास्तविक किसानों को सुविधा से वंचित न कर दे। पट्टे पर खेती करने वाले किसान, बटाईदार और ऐसे लोग जो अधूरे या विवादित भूमि रिकॉर्ड वाली जमीन पर खेती कर रहे हैं उनके लिए पात्रता साबित करना मुश्किल हो सकता है। चूंकि जमीन का मालिकाना हक और उस पर खेती करने वाला व्यक्ति हमेशा एक ही नहीं होते इसलिए उर्वरक की उपलब्धता को भूमि रिकॉर्ड से बहुत अधिक जोड़ने पर व्यवस्था के समावेशी स्वरूप के प्रभावित होने का खतरा है। उद्देश्य यह होना चाहिए कि सब्सिडी का लाभ सही लोगों तक पहुंचे लेकिन इसके लिए किसी आवश्यक कृषि इनपुट की उपलब्धता को भूमि रिकॉर्ड पूरी तरह दुरुस्त होने की शर्त से न बांधा जाए। बुनियादी बात यह है कि बेहतर निगरानी से भारत की उर्वरक नीति के असंतुलन दूर नहीं हो सकते। यूरिया पर भारी सब्सिडी है जबकि फॉस्फेट और पोटाश वाले उर्वरक अपेक्षाकृत महंगे हैं। इससे किसान अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की तुलना में नाइट्रोजन का अत्यधिक इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का नाइट्रोजनः फॉस्फेटः पोटाश उपभोग अनुपात 9.3:3.5:1 रहा, जबकि कृषि विज्ञान के लिहाज से 4:2:1 का अनुपात उपयुक्त माना जाता है। इस असंतुलन का असर मिट्टी की सेहत, पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता और समग्र कृषि उत्पादकता पर पड़ता है और इसे ठीक करने की जरूरत है।

विचार

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

-आयुर्वेद.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-लोकोक्ति.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

-मिल्टन.

कैंसर दवाओं को सस्ती करने की प्रक्रिया



जगत प्रकाश नड्डा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, हम एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली बनाने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे जो मरीजों की सुरक्षा करे, नवाचार का सम्मान करे, जिम्मेदार उद्योग को समर्थन प्रदान करे और मानवीय गरिमा को केन्द्र में रखे। किसी देश के स्वास्थ्य तंत्र की सफलता को सिर्फ चिकित्सा तकनीक में हुई प्रगति के आधार नहीं, बल्कि वहां के लोगों को जरूरत के समय इन सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर ही आंका जा सकता है।

कैंसर शब्द पल भर में ही किसी परिवार की जिंदगी बदल देता है। इस बीमारी की पहचान होने के बाद, मरीजों व उनके परिजनों को इलाज, आर्थिक मामलों और भविष्य से जुड़े कई कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं। कई परिवारों के लिए तो दवाओं का खर्च एक ऐसे समय में अतिरिक्त बोझ बन जाता है, जब सारे संसाधन मरीज को स्वस्थ करने में लगाए जाने चाहिए। एक करुणामयी स्वास्थ्य प्रणाली को सिर्फ बीमारी ही नहीं, बल्कि उससे पैदा होने वाली आर्थिक तंगी का भी समाधान निकालना चाहिए। इसी पहलू को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने कैंसर के इलाज को और अधिक किफायती बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाकर 137 चिन्हित गैर-अनुसूचित कैंसर-रोधी दवाओं के 'ट्रेड मार्जिन' को तर्कसंगत बना दिया है। इस उपाय के तहत, राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने ट्रेड मार्जिन को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है और ये संशोधित कीमतें 9 नवंबर, 2026 से लागू हो गई हैं। उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है, मरीज द्वारा चुकायी जाने वाली कीमत में अत्यधिक 'मार्क-अप' के बजाय वितरण संबंधी मार्जिन का उचित व तर्कसंगत समावेश होना चाहिए।

इस कदम के नतीजे दवा की दुकानों पर साफ नजर आने लगे हैं। कुल 80 से अधिक दवा कंपनियों ने 137 में से 121 दवाओं से जुड़े 1,366 उत्पादों के लिए संशोधित एमआरपी की सूचना दी है। इनमें से प्रत्येक 5 में से 4 से अधिक उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। इन दवाओं में से लगभग आधे की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और कुछ दवाएं तो अब पहले की तुलना में 96 प्रतिशत से भी कम कीमत पर मिल रही हैं। कीमोथेरेपी के कई दौर का खर्च उठाने वाले परिवार के लिए, इस कदम से इलाज के मासिक बिलों में काफी अंतर आ जाता है। पिछले वर्ष की खपत के आधार पर, मरीजों एवं उनके परिवारों को प्रत्येक वर्ष लगभग 3,500 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है। यह वो रकम है जो अत्यधिक ट्रेड मार्जिन में खप जाने के बजाय उनके घरेलू बजट में ही बनी रहेगी। यह निर्णय पिछले अनुभवों के आधार पर लिया गया है। वर्ष 2019 में, एनपीपीए ने ट्रेड मार्जिन के युक्तिकरण (टीएमआर) की कवायद के तहत एक प्रायोगिक कार्यक्रम चलाया था जिसमें कैंसर की गैर-अनुसूचित श्रेणी की 42 दवाएं शामिल थीं। इससे 526 ब्रांडों की एमआरपी में 90 प्रतिशत तक की कमी आई थी। अब इसी प्रक्रिया को 137 दवाओं की एक बड़ी सूची तक बढ़ाया जा रहा है। इन दवाओं की पहचान एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई है। इस विशेषज्ञ समिति में प्रमुख कैंसर विशेषज्ञ, चिकित्सा विशेषज्ञ, अस्पताल विशेषज्ञ और सरकारी प्रतिनिधि शामिल थे। इस सूची को समय-समय पर अद्यतन किया जाता रहेगा। एक न्यायसंगत स्वास्थ्य व्यवस्था में दवाओं का किफायती होना जरूरी है। खासकर, भारत जैसे देश में। बाजार में उपलब्ध होने के बावजूद अगर किसी दवा को बहुत महंगी होने के कारण खरीदना संभव न हो पाए, तो वह मरीज के किसी काम की नहीं है। एनपीपीए 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' के तहत जारी 'औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश (डीपीसीओ), 2013' के जरिए दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करता है। जहां वह 'आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची' में शामिल जरूरी दवाओं की अधिकतम कीमतें (सीलिंग प्राइस) निर्धारित करता है, वहीं गैर-अनुसूचित दवाओं की कीमतों में हर वर्ष होने वाली बढ़ोतरी पर नजर भी रखता है। हालांकि, बाजार के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि कुछ गैर-अनुसूचित दवाओं के मामले में फैक्ट्री से निकलने वाली कीमत और ग्राहक द्वारा चुकाई गई कीमत के बीच का अंतर बहुत अधिक था। इनमें कैंसर की वैसी दवाएं भी शामिल थीं, जिनकी खुराकें इलाज के दौरान अक्सर कई बार और बार-बार लेने की जरूरत पड़ती है। व्यापार श्रृंखला (ट्रेड चैनल) में बहुत अधिक मार्जिन और इलाज के भारी खर्च को देखते हुए, सरकार ने इस विसंगति को दूर करने के लिए कदम उठाया है और मार्जिन को एमआरपी के 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है।



प्रतिबिंब

सरकार इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी ध्यान दे रही है ताकि मरीजों और उनके परिजनों को टीएमआर का पूरा लाभ मिल सके। निमार्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि संशोधित कीमतें हर फार्मेसी और अस्पताल तक पहुंचें। साथ ही, सभी फार्मेसियों और अस्पतालों को इन कीमतों को पारदर्शी तरीके से प्रदर्शित करना होगा और इनका सख्ती से पालन करना होगा। मरीज और उनकी देखभाल करने वाले लोग एनपीपीए की वेबसाइट और 'फार्मा सही दाम' ऐप पर इन संशोधित कीमतों को देख सकते हैं। अगर कोई फार्मेसी या अस्पताल निर्धारित कीमत से अधिक पैसे वसूलता है, तो वे इसकी शिकायत सरकार से कर सकते हैं। टीएमआर की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों से चल रहे स्वास्थ्य क्षेत्र के व्यापक बदलाव का एक हिस्सा है। इस सरकार ने स्वास्थ्य को केवल कुछ चुनिंदा लोगों के विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि गरिमा, उत्पादकता और सामाजिक न्याय की नींव के रूप में देखा है। खासकर, समाज के सबसे गरीब तबके के लिए। 'आयुष्मान भारत' ने कमजोर परिवारों के लिए अस्पताल की सुविधाओं की सुलभता को आसान बना दिया है। सरकार ने कैंसर की रोकथाम, शुरूआती पहचान और समय पर इलाज के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 'गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम' (एनपी-एनसीडी) के तहत, 500 से अधिक 'डे-केयर कैंसर सेंटर' स्थापित किए गए हैं ताकि कीमोथेरेपी तथा कैंसर संबंधी अन्य डे-केयर सेवाएं समय पर मिल सकें। 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए कैंसर की आम बीमारियों की मुफ्त जांच की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे कैंसर का शुरूआती चरण में ही पता चल जाता है।

तृतीयक स्तर की देखभाल (टर्शियरी केयर) को मजबूत करने हेतु, टाटा मेमोरियल सेंटर ने कैंसर की व्यापक देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाराणसी, विशाखापत्तनम, न्यू चंडीगढ़, गुवाहाटी, संगरूर और मुजफ्फरपुर में छह अस्पताल स्थापित किए हैं। इसके अलावा, सभी 22 नए एम्स में भी जांच, चिकित्सा और सर्जरी की सुविधाएं सहित कैंसर उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना' किफायती दामों पर अच्छी गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। सरकार ने जीवन रक्षक एवं आवश्यक दवाओं को 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'अमृत' फार्मेसियां ??भी स्थापित की हैं। इलाज के खर्च को और कम करने के इरादे से कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और पुरानी बीमारियों से जुड़ी 36 जीवन रक्षक दवाओं को मूल सीमा शुल्क (बेसिक कस्टम ड्यूटी) से पूरी तरह छूट दी गई है। कैंसर-रोधी दवाओं के 'ट्रेड मार्जिन' को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया किफायती दवाएं उपलब्ध कराने की इसी व्यापक प्रतिबद्धता को और आगे बढ़ाती है।

(लेखक के. स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्री)

सोशल मीडिया



पंजाब में आप पर भरोसा किया, भगवंत मान पर भरोसा किया। वादा था- नशा मिटा देंगे, मैं पूछता हूं, पंजाब के किस कोने से आपने नशा मिटाया, एक पूरी पीढ़ी का सवाल है.. जवाब दीजिए। राहुल गांधी.




सामाजिक परिवर्तन मोर्चा नौजवानों के बेहतर मुस्तकबिल की लड़ाई लड़ेगा और भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए पूरी मजबूती के साथ काम करेगा। ओवैसी.



मा. राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार' के अन्तर्गत लखनऊ को 10 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में मिले तृतीय पुरस्कार की लखनऊ वासियों को बधाई। सीएम योगी.

स्वच्छ वातावरण व प्राकृतिक सौंदर्य को बचाये हुए है लैंढोर



पर्यटन

समीर चौधरी

मुझे सामान्य व्यक्तियों से अधिक गर्मी लगती है। पसीना भी ज्यादा आता है ताकि मेरा जिस्म कूल रहे। इसलिए जैसे ही गर्मियां दस्तक देने लगती हैं, मैं यूरोप की तरफ निकलने का इरादा करता हूं और अगर किसी वजह से स्वीडेन या स्विट्जरलैंड जाने की योजना सफल न हो तो उत्तर भारत के हिल स्टेशनों का रुख करता हूं। इस बार मैं लैंढौर आया हुआ हूं, वहीं से यह लेख लिख रहा हूं। मैंने दिल्ली से फ्लाइट पकड़ी और देहरादून के जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर उतरा। वहां से टैक्सी के जरिये पहले लगभग 60 किमी का सफर तय करके मसूरी पहुंचा। मसूरी से लैंढौर मात्र 7 किमी के फासले पर है। हालांकि भारत के सभी प्रमुख शहरों से देहरादून के लिए सीधी फ्लाइट मिल जाती है, लेकिन अगर आप रेल या सड़क मार्ग से आना चाहें तो भी देहरादून के लिए दिल्ली से सीधी रेल व बस सेवाएं उपलब्ध हैं। मुंबई आदि महानगरों से भी देहरादून के लिए सीधी रेल मिल जाती हैं। अगर आप मेरी तरह प्राकृतिक सौन्दर्य और शांति की तलाश में रहते हैं तो आप लैंढौर अवश्य आयें। यह एक ऐसा हिल स्टेशन है, जहां भीड़ मुश्किल से ही होती है।

अंग्रेजी राज का बसाया हुआ ये हिल स्टेशन आधुनिक दुनिया से अछूता है, पर्यटक भी कम ही आते हैं, लेकिन इसकी सुंदरता के आप कायल हो जायेंगे। इसकी खूबसूरती ने तो मुझे इतना मंत्रमुग्ध कर दिया है कि मेरी इच्छा स्थायी तौर पर यहीं बसने की हो रही है, लेकिन व्यावसायिक मजबूरियां यह फैसला करने से मुझे रोक रही हैं। लैंढौर मसूरी के पास स्थित एक ऐसा छोटा सा पहाड़ी क्षेत्र है जो गर्मी से मुकम्मल राहत देता है। इसकी सड़कों पर न शोरगुल है और न ही दुकानों की भीड़, लेकिन यह प्राकृतिक सुंदरता, ठंडी जलवायु और शांत वातावरण से लबरेज है। चूंकि लैंढौर मसूरी से मात्र 7 किमी के फासले पर है इसलिए इसे मसूरी का ही एक हिस्सा माना जाता है। लेकिन लैंढौर पहाड़ों की रानी का तिआरा है। मसूरी जैसे व्यस्त शहर के इतने करीब स्थित होने के बावजूद लैंढौर शांत, अनदेखे और अछूते आकर्षण से भरा हुआ है। यह सवाल किया जा सकता है कि मसूरी के इतने करीब होने के बावजूद लैंढौर इतना अलग क्यों है? दरअसल, लैंढौर हमेशा से ही छावनी क्षेत्र का हिस्सा रहा है। नतीजतन पिछले 100 वर्षों से लैंढौर में कोई पेड़ों की कटाई या वनों की कटाई नहीं हुई है। कानून यह है कि लैंढौर में किसी भी प्रकार का नया निर्माण गैर कानूनी है। इन नियमों के कारण आधुनिकीकरण और पर्यटन ने लैंढौर को स्पर्श नहीं किया है। लैंढौर में समय जैसे रुका हुआ है। लेकिन यही अच्छी बात है क्योंकि इसी वजह से लैंढौर अपनी सुंदरता व स्वच्छ वातावरण को बचाये रखने में सफल हो सका है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि देश की आजादी के समय लैंढौर में 24 मकान थे और आज भी लैंढौर में 24 ही मकान हैं। किसी ने कितना सही कहा, चौबीस मकान और दुकानें चार, बस इतना ही है लैंढौर। दक्षिण पश्चिम वेल्स के कार्मार्थेंशायर में एक गांव है लैंडडोरोर। इसी गांव के नाम पर लैंढौर का नाम रखा गया है। ब्रिटिश राज के दौरान यह आम बात थी कि अपने घरों को (या उन नगरों को भी जिन्हें ब्रिटिश ने स्थापित किया था) नास्टैल्जिया से भरे हुए इंग्लिश, स्कॉटिश, वेल्श या आयरिश नाम दिए जायें, जोकि व्यक्ति की देशजता को अभिव्यक्त करते हों। लैंढौर मसूरी से औसतन 984 फीट ऊपर है।

लैंढौर का अधिकतर हिस्सा तिब्बत को फेस करता है। यहां तापमान अमूमन मसूरी से 2-3 डिग्री सेंटीग्रेड कम रहता है। मानसून में लैंढौर में लगभग हर दिन बारिश होती है। इसके अतरिक्त मानसून से पहले और बाद की बारिश का अर्थ है कि लैंढौर में बरसात मई से सितम्बर तक रहती है, जो किसी साल इससे कम भी हो जाती है। बरसात से पहले अप्रैल-मई में गर्मी रहती है। दिसम्बर से फरवरी तक कड़ाके की सर्दी रहती है। जाड़ों में 3 से 15 बार बर्फबारी होती है। लैंढौर में बर्फ मसूरी से ज्यादा पड़ती है और उससे देर में पिघलती है। लैंढौर के पूरब में छोटा सा गांव धनौल्टी है और सुखंर्दा देवी मंदिर भी। फिर कनातल है जो अब टेहरी बांध में डूब गया है और चम्बा है (जोकि हिमाचल प्रदेश के चम्बा से अलग है)। लैंढौर के पश्चिम में कैंपटी फाल्स हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है और सैन्य कस्बा चकराता है। विख्यात लेखक रस्किन बांड लैंढौर में ही रहते हैं और उनके पड़ौसी निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं।

व्यंग्यलोक

कविता से मुझे परहेज है



वैसे तो मनुष्य के दुःखद अध्याय की शुरूआत उसके किसी एक अदद औरत के पति बनने के साथ ही शुरूहो जाती है, परन्तु किसी कमाऊ पत्नी का पति होना तो घोर विपत्ति का कारण हो जाता है और चाहते हुए भी आदमी उस असम्मानजनक हालात से उबर नहीं पाता है। मुझे पत्नी मिली और वह भी कमाऊ। मैं जिन दिनों चोले-पाजामे पर झोला लटकाये, दाढ़ी बढ़ाये, अपने जीवन को संवेदनशील काव्य के जरिये ऊँचाइयाँ प्रदान करने में सक्रिय था, उन्हीं दिनों मेरे जीवन में एक कमाऊ बीवी का अशुभ आगमन हुआ और तब से मेरे व्यक्तिगत तमाम मसले बद से बदतर होते जा रहे हैं। कई बार जब आज भी सोचता हूँ कि यकायक मेरे शान्त जीवन में यह भूचाल क्योंकर आया? मैंने अपनी कमाऊ बीवी के सामने अपने कवि को मान्यता दिलाने के लिए लाख सिर पीटा, परन्तु उसने मुझे कभी मान्यता नहीं दी और हर बार जैसे मैं बड़ी बेवकूफी भरी बात कर रहा हूँ, हँसकर टाल दिया। मुझे तो अनेक बार ऐसा भी लगा कि मेरा कवि होना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है उसके लिए। सनकी और अर्द्धविक्षिप्त समय पर उसने फकत अपने भाग्य की विडम्बना ही माना है मुझे, पति बनने के बाद अल्पावधि में वह मुझे दो मासूम थमाकर और भी निष्क्रिय हो गयी। मैं गृहस्थी की गाड़ी में पिल गया।



पूरन सरमा

बच्चों को नहलाना-धुलाना, खिलाना-पिलाना अथवा स्कूल छोड़ आना, यही कार्य मेरी दिनचर्या के मुख्य भाग बनकर रह गये। इन स्थितियों से मुक्ति पाने को लाख छटपटाया, परन्तु कमाऊ बीवी ने कभी नहीं चाहा कि मेरी औकात इससे हटकर बने। अनेक बार मैंने उसके समक्ष नौकरी का प्रस्ताव रखा तो उसने मेरी दिनचर्या के काम बताकर चुप करा दिया। मैंने तर्क भी दिया कि मेरे अस्तित्व इस तरह के कार्यों के लिए नहीं है। मैं एक संवेदनशील साहित्यकार हूँ। मेरा धर्म सृजन है। मेरा इस तरह गृहस्थी के काम-धाम में पिल जाने से साहित्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। परन्तु उसके कानों पर जूँ नहीं रेंगी। उसने सृजन के नाम पर दोनों सन्तानें दिखा दीं और नौकरी के नाम पर घर की सार-सम्भाल बता दी। मैं तो सोच भी नहीं सकता था कि मेरे साहित्यकार का हश्र एक दिन ऐसा होगा। ईमानदारी से कहता हूँ उसके जीवन में दो पल भी मेरे लिए नहीं बचे हैं। यही क्या सारी बातों की विपदाओं के साथ उपदेशों की घुट्टी पृथक से पीनी पड़ती है। नल आ गया था और आप पानी भी नहीं भर सके। बैठे-बैठे सब्जी-मण्डी से ताजी सब्जियाँ ही खरीद लाते। एक बार की घटना और सुनाऊँ। मैंने कविता लिखी और प्रथम श्रोता व पाठक की हैसियत से उसे सुनाना चाहा तो उसने कानों में उँगली डालकर तौबा कर ली, कहा-'माफ करिये, कविता से मुझे परहेज है।

अंतर्दृष्टि

दया के सागर हैं प्रभु

साधारण लोग कठिनाइयों को दुर्भाग्य की बात समझते हैं। जिन लोगों ने किसी सम्पन्न परिवर में जन्म लिया है वे तो हर तरह की असुविधा से ही बहुत घबराते हैं और यही अभिलाषा किया करते हैं कि उनकी समस्त आवश्यकताएं बिना किसी दिक्कत के यथा समय पूर्ण होती रहें। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्तियों को बड़ा भाग्यवान समझते हैं पर वास्तव में बात ऐसी नहीं है। जिन लोगों ने कभी जीवन की कठोरता के दर्शन नहीं किये हैं, वे अनेक दृष्टियों से कच्चे रह जाते हैं। वहां दुखों और कठिनाइयों की रचना कर दी है। इनका अनुभव हुए बिना मनुष्य अपूर्ण रह जाता है और उसका उचित विकस नहीं हो पाता। भागवान को दया सिन्धु एवं करुणा का सागर कहा जाता है। उनके वात्सल्य दान और उपकार का कोई अंत नहीं पर इतना महत्व होता तो उस महान प्रभु का अपने बालकों पर कितना स्नेह होगा इसकी कल्पना करना भी सजह नहीं है। चित्रकार अपनी मूर्ति को, किसान अपने खेत को, गड़रिया अपनी भेड़ों को अच्छी उन्नत, विकसित स्थिति में रखना चाहता है। उन्हें अच्छी स्थिति में देखकर प्रसन्न होता है, फिर परमात्मा अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना मनुष्य को अच्छी स्थिति में न रखना चाहे, ऐसा नहीं हो सकता। निश्चय ही प्रभु का यह प्रयत्न निरन्तर रहता है कि हम सब सुखी एवं सुविकसित हों। उनकी दया और करुणा निरन्तर हमारे ऊपर बरसती रहती है। इतना होते हुए भी देखा जाता है कि कितने ही मनुष्य अत्यंत दुखी हैं। उन्हें अनेक प्रकार के कष्ट अभाव सता रहे हैं, भय, पीड़ा, वियोग, त्रास अन्याय एवं अभाव से संत्रस्त हुए कितने ही व्यक्ति बुरी तरह दुख के सागर में गोते लगा रहे हैं। किसी-किसी पर ऐसी आकस्मिक विपत्ति आती है कि देखने वालों का हृदय दहल जाता है। ऐसे अवसरों पर ईश्वर की दयालुता पर संदेह होने लगता है।

कई बार तो कष्टों को दैवी कोप, ईश्वरीय निष्ठुरता मान लिया जाता है परन्तु वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। प्रभु एक क्षण भर के लिए भी करुणा रहित नहीं हो सकते। उनकी अनन्त दया का निर्झर एक क्षण के लिए भी नहीं रुक सकता। जिसे हम विपत्ति समझते हैं, वह भी एक प्रकार से उनकी दया ही होती है। माता का अपने बच्चे पर असाधारण प्यार होता है, वह उसे सुखी बनाने के लिए अपनी तरफ से सारे प्रयत्न करती है तो भी उसके कई कार्य ऐसे हैं जो बालक को अप्रिय होते हैं। बालक किसी स्वादिष्ट भोजन को बहुत अधिक खाना चाहता है, माता जानती है अधिक खाने से बीमार हो जायेगा इसलिए वह बच्चे के रूठने, रोने हाथ-पांव पीटने की परवाह नहीं करती।

आपकी बात

आर्थिक प्रगति और गरीबी

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं।

विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्कि सरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। इसमें हमे समावेशी नीति अपनाने की जरूरत है ताकि प्रगति के लाभों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके।

मनीष कुमार वर्मा, लखनऊ.

बेहतर सड़कों की जरूरत

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है।

एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी।

मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.

सामाजिक सुरक्षा का दायरा

देश के प्रत्येक नागरिक को मजबूत सामाजिक सुरक्षा का ढांचा मुहैया कराना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। हर नागरिको यह अधिकार है। केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

दो पक्षों में हिंसक विवाद में घायल युवक की मौत

मीरजापुर। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर में सरकारी शराब की दुकान के पास गुरुवार देर शाम दो पक्षों के बीच हुई हिंसक मारपीट में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बामी गांव निवासी 36 वर्षीय संजय के रूप में हुई है, जिन्होंने वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर में अंतिम सांस ली। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। बताते चलें कि गुरुवार देर शाम लहंगपुर स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान के पास किसी बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। इस मारपीट में बामी गांव निवासी संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रात में ही वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को संजय की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर लहंगपुर चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद सिंह के साथ लालगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। उधर वाराणसी ट्रामा सेंटर से शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। हालांकि यहां पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त

जौनपुर। शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है इसको लेकर लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है। शहर के ओलंदगंज, रूहट्टा, पुराना मछरहट्टा और चहारसू चैराहा सहित विभिन्न इलाकों में फैली गंदगी, बजबजाती नालियां और जगह-जगह जमा कूड़े के ढेर लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। नालियों से उठती तेज दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बदबू के बीच सरकारी कर्मचारि अपनी नियमित ड्यूटी करने को मजबूरहै।शहर के कई हिस्सों में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से उनमें कचरा जमा है। गंदगी और दूषित पानी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही संक्रामक एवं संचारी रोगों का खतरा भी मंडराने लगा है। ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। एक तरफ स्वच्छता अभियान के जरिए साफ-सुथरे शहर का संदेश दिया जाता है, वहीं दूसरी तरफ सड़कों और नालियों की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। नालियों की समय से सफाई नहीं होने के कारण दुर्गंध फैल रही है।

चार चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले

जौनपुर । पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने शुक्रवार को चार चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। तबादले के साथ सभी को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आलोक त्रिपाठी, सिपाह चौकी प्रभारी से सरायपोख्ता चौकी प्रभारी बनाए गए। सुनील यादव, राज कॉलेज चौकी प्रभारी से जफराबाद चौकी प्रभारी बनाए गए। आशीष पांडेय को सिपाह चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया। राधेश्याम सिंह, कस्बा जफराबाद चैकी प्रभारी से राज कॉलेज चौकी प्रभारी बनाए गए।

24 को मनेगा देव दीपावली और दीपदान उत्सव



जिला संवाददाता(vol)

- घाटों की सजावट और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक बैठक संपन्न
- यमुना घाटों पर होगी भव्य सजावट और दीपों की जगमगाहट

मथुरा। जिलाधिकारी के निदेशों के अनुपालन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 24 नवंबर को देव दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले 23वें भव्य दीपदान उत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) अमरेश कुमार और नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर साल की तरह इस बार भी श्री यमुना मैया के पावन तट पर 23वां भव्य देव दीपावली एवं दीपदान उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए यमुना किनारे के विभिन्न घाटों को विशेष रूप से सुसज्जित किया जाएगा। घाटों पर उत्कृष्ट साज-सज्जा, दीपों का अलंकार, भव्य रंगोली और दीपोत्सव के साथ-साथ रोशनी (प्रकाश) और साफ-सफाई की चाक-चैबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए घाटों का आवंटन किया गया।

बैठक के दौरान आयोजन समिति के प्रमुख प्रतिनिधि सोहन लाल शर्मा, कल्यान दास, नीरज वशिष्ठ, योगेश आवा, प्रयागनाथ चतुर्वेदी, विजय बहादुर सिंह, महेन्द्र आचार्य, पंकज शर्मा, योगेश गौतम सक्रिय रूप से शामिल रहे। इसके अलावा, नगर निगम मथुरा-वृंदावन के सहायक नगर आयुक्त, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, श्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्हें उत्सव के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और यातायात से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन और आयोजन समितियों के संयुक्त प्रयासों से इस बार का देव दीपावली महोत्सव दिव्यता और भव्यता के साथ संपन्न होने की उम्मीद है, जिसमें हजारों दीपों से यमुना घाट जगमगा उठेंगे।

सजल महोत्सव कल

मथुरा। सजल सर्जना समिति, मथुरा के तत्वावधान में स्थानीय आर सी ए कन्या (पीजी) कॉलेज में संस्था के आठवें वार्षिकोत्सव का आयोजन रविवार 15 नवम्बर को किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अनिल गहलौत ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 250 प्रमुख साहित्यकार भाग लेकर हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं के सम्बन्ध में चर्चा करेंगे तथा राष्ट्रभाषा हिंदी के उत्थान हेतु कार्ययोजना तैयार करेंगे। कार्यक्रम में लगभग चार दर्जन सजल कृतियों का लोकार्पण किया जाएगा। संस्था के सचिव इंजीनियर संतोष कुमार सिंह के अनुसार समारोह में देश के विभिन्न अंचलों से पधार रहे पांच दर्जन साहित्यकारों को सम्मानित भी किया जायेगा।

नियमों का उल्लंघन करने वालों वाहन चालकों के कटे चालान

मथुरा। मथुरा के डीग गेट क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान एसपी ट्रैफिक ने खुद मौके पर पहुंचकर पूरी कार्रवाई का जायजा लिया और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए। अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को कड़ी हिदायत दी गई कि वे भविष्य में नियमों का सख्ती से पालन करें। पुलिस की इस अचानक हुई सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के वाहन चालकों और दुकानदारों के बीच खासी हलचल देखने को मिली। ट्रैफिक पुलिस का मुख्य उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है। इस दौरान पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे सफर के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और अन्य सभी यातायात नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें।

जनगणना में सही जानकारी दें फर्जीवाड़े से बचें : डीएम


मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जनपद के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जब भी प्रगणक या जनगणना अधिकारी आपके घर आएं, उन्हें अपने परिवार, मकान, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य पूछी गई जानकारियां बिल्कुल सही और स्पष्ट रूप से दें। गलत या भ्रामक जानकारी न दें। गोपनीयता और सुरक्षा का रखें ध्यान। जनगणना कर्मियों से उनका आधिकारिक पहचान पत्र अवश्य देखें। यह भी ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में आपसे आधार नंबर, पैन नंबर, बैंक खाता विवरण या किसी प्रकार का ओटीपी नहीं मांगा जाएगा। ऐसे किसी भी फजीवाड़े से सावधान रहें। हमारे प्रगणक और पर्यवेक्षक कड़ी मेहनत से आपके घर-घर पहुंच रहे हैं। कृपया उन्हें सही समय और उचित सहयोग प्रदान करें। कानूनी दायित्वः जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत सही जानकारी देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जानबूझकर गलत जानकारी देना या सहयोग से इनकार करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है।

केबल बिछाने के नाम पर खोदी सड़क गड्ढों में गिरकर राहगीर हो रहे घायल

मीरजापुर। जल जीवन मिशन द्वारा सड़कें खोदकर पाइप लाइन डालने के कारण ग्रामीण सड़कों की बदहाली अभी दूर हुई नहीं की अब केबल बिछाने के नाम पर टेलिकॉम कंपनियों द्वारा सड़कों के किनारे जगह-जगह, गहरे-गहरे गड्ढे खोदकर बिना भरें ही छोड़ दिए जाने से सड़कों की स्थित और भी बद्तर हो गई है। बता दें कि इस समय पूरे जनपद सहित जिले के आखिरी छोर पर स्थित विकास खंड जमालपुर में एयरटेल कंपनी द्वारा केबल डालने का काम जोरों से चल रहा है, जगह-जगह सड़क किनारे गड्ढा खोदकर केबल डाला जा रहा है, लेकिन केवल डालनें के बाद गड्ढों को सही ढंग से भरे नहीं जाने से सड़क किनारे कब्र के आकार के गहरे-गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले जल जीवन मिशन के कार्यों ने ग्रामीण सड़कों की हालत खराब की और अब एयरटेल कंपनी की मनमानी खुदाई ने रही-सही कसर भी पूरी कर दी है। अभी एयरटेल द्वारा खोदे गए गड्ढे भरे भी नहीं गए कि पीछे-पीछे बीएसएनएल ने भी केबल बिछाने के लिए सड़क किनारे खुदाई शुरू कर दी है।इतना ही नहीं, भभौरां में जमीन के अंदर बिछाई गई जल जीवन मिशन की पाइपलाइन भी बीएसएनएल कंपनी द्वारा खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे कई दिनों तक पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहा। एयरटेल कंपनी की लापरवाही से जमालपुर विकास खंड की लगभग सभी प्रमुख ग्रामीण सड़के जानलेवा हो गई है। सड़क किनारे खुले पड़े गड्ढों में गिरकर यदि कोई राहगीर गंभीर रूप से घायल होता है या उसकी जान चली जाती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? आखिर कंपनियों को सड़क खोदने की अनुमति देने के बाद मरम्मत और सुरक्षा की निगरानी कौन करेगा? अन्नदाता मंच ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि केबल बिछाने के नाम पर क्षतिग्रस्त की गई ग्रामीण सड़कों की पटरियों का तत्काल मरम्मत किया जाए।साथ ही संबंधित कंपनियों द्वारा खोदे गए गड्ढों को तत्काल भरने, क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत कराने तथा कार्यस्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।अन्न दाता मंच ने लापरवाही के लिए जिम्मेदार कंपनियों और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

छठ पर सफाई और सुरक्षा पर अफसरों ने दिया जोर

जौनपुर। छठ पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस महकमा तैयारियों में जुट गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी सैमुअल पाल और पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के इंतजामों को परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और यातायात प्रबंधन को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। दोनों अधिारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं।अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनंत चन्द्रशेखर, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर सम्यक चौधरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

मथुरा और वृंदावन में आयकर विभाग की छापेमारी

मथुरा। आयकर विभाग ने मथुरा, वृंदावन और आगरा में शुक्रवार एक साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई प्रतिष्ठानों और कारोबारियों के ठिकानों पर सर्वे शुरू किया। मथुरा-वृंदावन में गाजियाबाद से पहुंची विभाग की टीमों ने रेडिशन होटल और शंकर सेठ के गुरुकृपा होटलों सहित कई स्थानों पर दोपहर तक कार्रवाई जारी रखी, जिससे शहर के व्यापारिक जगत में खलबली मच गई। वहीं, आगरा में एमजी रोड और बोदला सिकंदरा रोड स्थित तनिष्क शोरूम के साथ-साथ संचालक अनुराग बंसल के अनुपम ओरियन अपार्टमेंट पर भी आयकर विभाग के छापे की सूचना है।

सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई के दायरे में शहर के नामचीन बिल्डर, होटल मालिक, टिंबर मर्चेंट व्यापारी और प्रसिद्ध ज्वेलर्स प्रतिष्ठान शामिल बताए जा रहे हैं। गाजियाबाद से पहुंची आयकर विभाग की टीमों ने वृंदावन स्थित रेडिसन होटल सहित कई अन्य ठिकानों पर पहुंचकर वित्तीय लेन-देन और कारोबारी



अभिलेखों की गहन पड़ताल की। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आयकर विभाग की टीमों ने शुक्रवार सुबह करीब पाँच बजे इस ऑपरेशन की शुरूआत की। इसके लिए लगभग चार दर्जन वाहनों में सवार होकर अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी टीमें मथुरा पहुँची थीं। टीमों ने विभिन्न ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर कारोबारी दस्तावेजों, रिकॉर्ड्स और वित्तीय लेन-देन से जुड़े कागजातों की जाँच शुरू की। कार्रवाई के दौरान गोपनीयता और सख्ती बरतते हुए जिन प्रतिष्ठानों पर टीमें पहुँचीं, वहाँ मौजूद कर्मचारियों, फर्मों से जुड़े लोगों और वाहन चालकों को भी बाहर जाने से रोक दिया गया। उन्हें जाँच पूरी होने तक परिसर के अंदर ही रोके रखा गया ताकि साक्ष्यों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ न हो सके। शंकर सेठ से जुड़े ठिकानों पर पहुंची टीम ने दस्तावेज कारोबारी रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन से संबंधित अभिलेखों की जांच-पड़ताल की। सूत्रों के अनुसार, डालमिया बाग पेड़ कटान प्रकरण से जुड़े कुछ लोगों के ठिकानों पर भी आयकर विभाग की कार्रवाई होने की चर्चा है। हालांकि, इस संबंध में अभी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी या पुष्टि नहीं की गई है।

रेलवे फाटक का बूम पिकअप के धक्के से टूटा

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के नाथूपुर स्थित रेलवे फाटक पर गुरुवार की देर शाम एक पिकअप वाहन की टक्कर से फाटक का बूम टूटकर लटक गया। इससे कुछ देर तक आवागमन बाधित रहा और जाम की स्थिति बन गई। बताते है कि कल, शाम एक पिकअप वाहन ने रेलवे फाटक के बूम में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बूम क्षतिग्रस्त होकर लटक गया। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ चैकी प्रभारी जफराबाद प्रभु नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तत्काल स्लाइडर बूम लगवाकर ट्रेनों का संचालन सुचारू कराया। इस दौरान आरपीएफ जवानों ने वाहनों का आवागमन नियंत्रित किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद रात 10 बजे क्षतिग्रस्त बूम को ठीक करा दिया गया। आरपीएफ चैकी प्रभारी प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

जौनपुर। चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व शुक्रवार को पारंपरिक रस्म नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया।



यह हिंदुओं के पवित्र त्योहारों में से एक है, जो सूर्य देव और छठी मैया की उपासना को समर्पित है। पर्व को लेकर बाजारों में खरीददारी तेज हो गयी है। फलों की दुकानों पर भीड़ है। नहाय-खाय के दिन श्रद्धालु सुबह जल्दी उठकर नदियों, तालाबों या घर पर पवित्र स्नान करते हैं। कई लोग नहाने के पानी में गंगाजल भी मिलाते हैं। घर और रसोई की पूरी सफाई की जाती है। इस दिन विशेष सात्विक भोजन तैयार किया जाता है, जिसमें उबले चावल, चने की दाल और कद्दू (लौकी) की सब्जी शामिल होती है। खाना बनाते समय पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस साल छठ पर्व शुक्रवार से शुरू होकर 16 नवंबर तक चलेगा। चार मुख्य रस्में हैं द्द नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और ऊषा अर्घ्य। मुख्य पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को होती है, जब भक्त डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। छठ पूजा को सूर्य षष्ठी, छठ पर्व, डाला पूजा और डाला छठ जैसे नामों से भी जाना जाता है। इसमें भक्त महिलाएं कठिन व्रत रखती हैं और बच्चों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य तथा परिवार की सुख-शांति की कामना करती हैं। सूर्य को अर्घ्य देकर जीवन और ऊर्जा के स्रोत के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। नहाय-खाय के साथ इस उत्सव की शुरूआत हो चुकी है। श्रद्धालु पूरी निष्ठा, अनुशासन और पवित्रता के साथ इस महापर्व को मना रहे हैं।

कप्तान ने दिया फिटनेस और अनुशासन का निर्देश

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के टर्नआउट, वर्दी और अनुशासन का जायजा लेते हुए सभी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित व्यायाम और ड्रिल करने के निर्देश दिए। परेड के बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर और विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव करने तथा विभागीय कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा इसके बाद यूपी-112 के वाहनों का निरीक्षण कर उनकी साफ-सफाई, उचित रखरखाव और उपलब्ध उपकरणों की क्रियाशीलता परखी। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करें और आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखें। अर्दली रूम पहुंच कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सतर्कता और अनुशासन के साथ करने के निर्देश दिए।

एमएलसी चुनाव में जीत पर उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आशुतोष का किया स्वागत

मीरजापुर। एमएलसी चुनाव में जीत से उत्साहित समाजवादी पार्टी ने अब विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी का संदेश देना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को चील्ह, नटवां, विन्ध्याचल, कंतित, बथुआ, भरूहना, शुक्लहा, रमईपट्टी एवं जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एमएलसी आशुतोष सिन्हा का जगह-जगह कार्यकताओं ने स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर मासिक बैठक कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नवनिर्वाचित स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कार्यकताओं से इसी एकजुटता के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया। स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह जीत संगठन की एकजुटता, कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। श्री सिन्हा ने भाजपा सरकार को लोकतंत्र विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि आज देश, आर्थिक विपन्नता के मुहाने पर खडा होता जा रहा है। चंद औद्योगिक घराने अपनी तिजोरियां भरने पर आमादा हैं, लेकिन सरकार झूठमूठ में अपनी पीठ थपथपा रही है। इस सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी और गरीब वर्ग सभी उपेक्षित हैं। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने एमएलसी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी के कार्यकताओं के समर्पण और मेहनत का परिणाम है। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में भी इसी एकजुटता और प्रतिबद्धता के साथ जुटने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर पात्र युवाओं को चिह्नित कर उनका पंजीकरण कराने में सहयोग करें, ताकि कोई भी युवा मतदाता बनने से वंचित न रहे। उन्होंने गांव-गांव और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से लोगों को अवगत कराने की अपील की। कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव में सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होना होगा। संगठन की एकजुटता ही पार्टी की ताकत है। बैठक व स्वागत समारोह की अध्यक्षता कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। बैठक में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, रविन्द्र बहादुर सिंह, कीर्ति कोल, रामजी यादव, आकांक्षा यादव, वन्दना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नवजात की मौत, किया हंगामा

जौनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरू नगर सिरकोनी में प्रसव के बाद नवजात की मौत को लेकर शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही और पांच सौ रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में विरोध जताया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया।जलालपुर क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी राजकुमार बनवासी की पत्नी अंजली देवी को को प्रसव पीड़ा हुई। इसके बाद वह अपनी सास रेनू देवी और गांव की आशा कार्यकर्ता के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरूनगर पहुंचीं। रेनू देवी के मुताबिक, वहां मौजूद चिकित्सक ने सामान्य प्रसव होने की बात कही। प्रसव के बाद अंजली ने पुत्र को जन्म दिया, लेकिन इसी दौरान नवजात की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने बच्चे को ऑक्सीजन की कमी बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बच्चे को मुंह से ऑक्सीजन देते हुए शहर के किसी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन नवजात को बाइक से लेकर शहर के लिए निकले, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र पर पांच सौ रुपये मांगने का आरोप भी लगाया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने परिजनों के आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि बच्चा मृत अवस्था में पैदा हुआ था। इसके बावजूद परिजन उसे जीवित मानकर शहर के किसी नर्सिंग होम ले जा रहे थे।



महिला श्रद्धालुओं के पर्स लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



मथुरा। थाना जैत क्षेत्र में महिलाओं से पर्स छीनने की दो वारदातों का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। छिनैती की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे दो आरोपितों को जैत पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जबकि उसके दूसरे साथी को पुलिस ने मौके से दबोच लिया।

घायल बदमाश को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन भेजा गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से लूट और छिनैती की वारदातों से संबंधित 11,500 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड, एक तमंचा .315 बोर, कारतूस तथा वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर प्लेट की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है।

सीओ सदर वरुण मिश्रा ने बताया बीते 10 नवंबर को छटीकरा स्थित राधाकुंड रोड और राल क्षेत्र में मघेरा मंदिर के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने दुस्साहसिक तरीके से दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपितों ने टेंपो और ई-रिक्शा में सवार महिलाओं को निशाना बनाते हुए उनके पर्स छीन लिए और मौके से फरार हो गए थे। पर्स में नकदी, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड सहित जरूरी सामान रखा हुआ था। पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर थाना जैत में मुकदमा दर्ज किए गए थे। सीसीटीवी फुटेज से तलाश, मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी महिलाओं से हुई छिनैती की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की थीं। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही अन्य साक्ष्य जुटाकर बदमाशों की तलाश में जुटी थी। इसी बीच बारह नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि छटीकरा और राल में महिलाओं के पर्स छीनने वाले दोनों युवक दोबारा किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में राधाकुंड-गोवर्धन रोड पर घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना जैत पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने महर्षि स्कूल से करीब 100 मीटर आगे गोवर्धन-राल रोड पर नगला पिसावा मोड़ के समीप घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान रात करीब 10: 30 बजे बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो आरोपितों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों को दबोच लिया। एक के कब्जे से तमंचा और कारतूस, दूसरे से मोबाइल व आधार कार्ड बरामद पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश की पहचान जगदीश उर्फ काले पुत्र रमन निवासी ततारपुर, थाना बरसाना के रूप में हुई है।

रोजगार मेले में 20 कंपनियों में 400 अभ्यर्थी चयनित

जौनपुर । सिकरारा स्थित माता प्रसाद आदर्श महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें करीब 1,000 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 20 कंपनियों में 400 अभ्यर्थियों को रोजगार मिला। सेवा योजन कार्यालय ने मेले का आयोजन किया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि सरकार चाहती है कि रोजगार लोगों के दरवाजे तक पहुंचे और उन्हें दूर न जाना पड़े।विशिष्ट अतिथि और टीडी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. समर बहादुर सिंह ने कहा कि यह आयोजन युवाओं और जरूरतमंदों के लिए अवसर है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार काम दिया जा रहा है।कार्यक्रम में सिकरारा के ब्लॉक प्रमुख धीरू सिंह, , देवी प्रसाद सिंह, , जितेंद्र उपाध्याय और महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. तिलक राज सिंह मौजूद रहे।

147 उपनिरीक्षकों के तबादले, तीन दर्जन से अधिक चौकियों के प्रभारी बदले

मथुरा। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों और जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से मथुरा पुलिस विभाग में भारी फेरबदल किया गया है। पुलिस महानिदेशक (स्थापना), उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने देर रात तबादला सूची जारी करते हुए जिले के 147 उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण और नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। इस व्यापक प्रशासनिक फेरबदल के तहत तीन दर्जन से अधिक प्रमुख पुलिस चौकियों के प्रभारियों के कार्यक्षेत्र भी बदल दिए गए हैं।

एसएसपी ने कानून-व्यवस्था में संतुलन बनाए रखने के लिए उपनिरीक्षकों और चैकी प्रभारियों में आनन्द कुमार शर्मा को नंदगांव (थाना बरसाना) से अड्डा (थाना वृंदावन), अंकित मलिक को कस्बा (थाना छाता) से बाग बहादुर (थाना कोतवाली), सौरभ तेवतियाः रैपुरा जाट (थाना फरह) से कस्बा (थाना राया), अमिल कुमार को वृंदावन गेट (थाना गोविंदनगर) से देवसेरस (थाना गोवर्धन), मिथलेश उपाध्याय को लक्ष्मीनगर (थाना जमुनापार) से कोकिलावन (थाना कोसीकलां), उत्तम चौहान को कोटवन (थाना कोसीकलां) से बाद (थाना रिफाइनरी), पारुल मिश्रा को थाना हाईवे से मथुरा गेट (थाना वृंदावन) अशेष कुमार को थाना वृंदावन से केशवधाम (थाना वृंदावन), विकेश तोमर को थाना गोवर्धन से रमणरेती (थाना वृंदावन) किए गए है। इसके अलावा थानों और ग्रामीण-शहरी संतुलन पर जोर देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चौकियों के अतिरिक्त थाना स्तर पर भी उपनिरीक्षकों की तैनाती

संक्षेप

सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बढ़ाएगा विजयाश फाउंडेशन

कटरा, श्रावस्ती। बच्चों और शिक्षकों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, प्रेरणा और मानसिक खुशहाली बढ़ाने के उद्देश्य से विजयाश फाउंडेशन की ओर से 16 से 20 नवंबर 2026 तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं शिक्षकों को तनाव से बचने, मानसिक स्वास्थ्य और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं शिक्षकों को तनाव से बचने, मानसिक स्वास्थ्य और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष सीएस दीपक जैन करेंगे। कार्यक्रम जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना, चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज श्रावस्ती, पीएम श्री विद्यालय कटरा, बीपी मेमोरियल विद्यालय कटरा, जेतवन इंटर कॉलेज श्रावस्ती तथा पंडित रामदुलारे इंटर कॉलेज बलरामपुर में आयोजित होंगे। यह जानकारी संस्थापक दीपक जैन ने दी।

सिरियापुर में पेयजल संकट 15 नए कनेक्शन के बाद भी घर-घर आपूर्ति की मांग

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के सिरियापुर गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत पर जल निगम की ओर से पूर्व में 10 कनेक्शन किए गए थे, लेकिन इससे पूरे गांव में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। समस्या को लेकर ग्रामीणों की शिकायत के बाद जल निगम के सहायक अभियंता शशि प्रकाश भारती ने गांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एक नवंबर 2026 को ग्राम सभा में 15 नए कनेक्शन लगाए गए। हालांकि ग्रामीण अब घर-घर कनेक्शन कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने की मांग कर रहे हैं। सहायक अभियंता शशि प्रकाश भारती ने बताया कि बजौरा गांव स्थित पानी की टंकी की क्षमता समाप्त हो चुकी है। टंकी में निर्धारित क्षमता से अधिक पानी नहीं भरा जा सकता। इसी टंकी से फ्लोराइड रिमूवल यूनिट से बजौरा, रघुनाथखेड़ा, लोनियनखेड़ा, चक दरियापुर, रामपुर लोन, बसंतखेड़ा, ढोलबजा और केदारखेड़ा समेत दर्जनों गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। क्षमता सीमित होने के कारण सिरियापुर में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

अविचल शुक्ला के कार्यालय का शुभारंभ

पाटन, उन्नाव। भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में अविचल शुक्ला ने 12 नवंबर को बीघापुर में अपने कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यालय उद्घाटन से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के बाद कार्यालय का शुभारंभ हुआ। उपस्थित लोगों ने पूजा-अर्चना में भाग लेकर अविचल शुक्ला को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान की दिशा में प्रयास करना है। अविचल शुक्ला ने कहा कि भगवंत नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता उनके लिए परिवार के समान है। परिवार के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर उनके निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। जनता के साथ दिन-रात खड़े रहकर सेवा करना उनका संकल्प है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति बनाए रखने की प्रार्थना की।

आबकारी टीम द्वारा 24 लीटर अवैध शराब बरामद की

मौरावां (वीओएल)। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4, पुरवा द्वारा मय हमराह एवं स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ तहसील पुरवा अंतर्गत ग्राम सोहो, रामपुर, टेढ़वा बहमना थाना असोहा में विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर 24 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में 01 अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई साथ ही लगभग 250 किग्रा लहन महुआ मौके पर ही नष्ट किया गया।

छठ को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन

डीआईजी, डीएम और एसएसपी ने भीम सरोवर व मानसरोवर का किया निरीक्षण

गोरखपुर। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को डीआईजी एस. चन्नप्पा, डीएम दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने गोरखनाथ मंदिर स्थित भीम सरोवर तथा मानसरोवर मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने घाटों पर भीड़ नियंत्रण, सुगम यातायात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलाशयों के गहरे पानी वाले स्थानों और खतरनाक किनारों पर विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि कोई दुर्घटना न हो। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने और लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, व्रती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा व सुविधा पर विशेष फोकस रखने, बच्चों के बिछड़ने जैसी घटनाओं को रोकने और आपातकालीन सेवाओं के लिए रास्ते खुला रखने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार, एसपी मंदिर सुरक्षा संतोष सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा नेता ने छठ घाट पर तैयारियों का लिया जायजा

गोला, गोरखपुर। छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व सभासद प्रतिनिधि शत्रुघ्न कसौधन ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत गोला के पक्का घाट पहुंचकर साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। श्री कसौधन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। यदि व्यवस्थाओं में कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसे नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों के माध्यम से तुरंत दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वे हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान रिंकू चौधरी, इमरान अंसारी, संजय मद्धेशिया, बबलू सोनकर, अक्षैबर जायसवाल, अर्जुन सोनकर, अमरनाथ निषाद, तेरस प्रसाद और सरवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा सभासद श्रवण कुमार वर्मा, पूर्व सभासद दीपक जायसवाल समेत अन्य ने भी छठ घाटों पर भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया।

करवल मझगांवा में छठ महापर्व की तैयारियां जोरों पर

गोरखपुर। गगहा विकास खंड के ग्राम पंचायत करवल उर्फ मझगांवा में छठ महापर्व को लेकर उत्साह और आस्था का माहौल है। समाजसेवी संजय मोदनवाल के नेतृत्व में पोखरा घाट और मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई तथा आवागमन के रास्तों को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से चल रहा है। घाटों पर व्रती महिलाओं के परिजनों द्वारा पूजा के लिए वेदियां बनाई जा रही हैं। संजय मोदनवाल ने बताया कि कई गांवों की महिलाएं यहां व्रत रखती हैं, जिनकी सुविधा के लिए पिछले एक सप्ताह से तैयारियां जारी हैं। पर्व के सांस्कृतिक और धार्मिक उल्लास को बढ़ाने के लिए घाट पर विशेष मंच (स्टेज) सजाया जा रहा है। शाम को भव्य भजन संध्या और सुबह आकर्षक झांकी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को छठ महापर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य में बाधा अवर अभियंता ने थाने में दी शिकायत

गीडा, गोरखपुर। सहजनवां ग्रामीण के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले पिपरौली टॉवर के पास ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के कार्य में एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा बाधा डालने का मामला सामने आया है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने गीडा थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरौली टॉवर के पास वर्तमान में स्थापित 10 केवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाकर 25 केवीए करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। क्षेत्र में बिजली की समस्या के समाधान और आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए शुक्रवार को कार्यदायी एजेंसी जब मौके पर डबल पोल लगाने पहुँची तो एक स्थानीय व्यक्ति ने कथित तौर पर जानबूझकर कार्य रोक दिया और पोल नहीं लगाने दिए जिसके कारण यह महत्वपूर्ण कार्य ठप पड़ गया है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता आर.के. सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गीडा पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए और कार्य को सुचारू रूप से पूरा कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए ताकि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिल सके। इस संबंध में गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और विभाग को नियमानुसार हरसंभव सहायता व पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा ताकि कार्य समय पर पूरा हो सके।

घर में घुसकर पिता-पुत्र पर हमला, पुलिस ने दर्ज किया केस

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अंतर्गत ग्राम सभा सरहरी में दीपावली की रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। डीजे की तेज आवाज और घर की सीढ़ियों पर पटाखा फोड़ने से मना करने पर मनबढ़ युवकों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित रामसजन चौरसिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब 11:40 बजे शिवम, कन्हैया, अमन और शिवानंद तिवारी उनके घर की सीढ़ियों पर पटाखे फोड़ रहे थे। विरोध करने पर आरोपी आग बबूला हो गए और घर में घुसकर हमला बोल दिया, जिससे मंटू नामक युवक का सिर फट गया और वह बेहोश हो गया।

बेजुबान बंदर की शवयात्रा निकालकर पेश की इंसानियत की मिसाल



बाराबंकी। इंसानियत और बेजुबान जीवों के प्रति प्रेम की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जब एक बंदर की मौत के बाद पूरे सम्मान के साथ उसकी शवयात्रा निकाली गई। भाजपा के अल्पसंख्यक नेता जुबैर अहमद खान की अगुवाई में निकाली गई शवयात्रा में ढोल बजाकर और फूल-मालाओं से सजे ठेले पर बंदर के पार्थिव शरीर को रखकर अंतिम विदाई दी गई। शवयात्रा के दौरान ढोल की थाप के बीच फूल-मालाओं से सजे ठेले के साथ लोग शामिल हुए। सड़क से गुजरती इस अनोखी शवयात्रा को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। भाजपा नेता श्री खान की इस पहल ने बेजुबान जीवों के प्रति प्रेम, दया और संवेदनशीलता का संदेश दिया। इस मौके पर लोगों ने भी बंदर को अंतिम विदाई दी।

12 लाभार्थियों को सौपे 60 लाख सहायता के स्वीकृति पत्र



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। विधानसभा दरियाबाद अन्तर्गत तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 12 लाभार्थी परिवारों को राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने 5 लाख रुपये कुल 60 लाख की सहायता के स्वीकृति पत्र वितरण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संकट की घड़ी में इस योजना के माध्यम से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। योगी सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उनके सुख-दुःख में सदैव सहभागी रहेगी। इस अवसर पर रत्नेश सिंह, पवन सिंह, जवाहरलाल वर्मा, नीरज सिंह अभिषेक वर्मा, दीपक वर्मा, उपजिलाधिकारी बृजेन्द्र उपाध्याय, तहसीलदार, शशांक उपाध्याय मौजूद रहे।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारंभ



बाराबंकी। पुलिस लाइन प्रांगण में दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का आगाज किया गया। तत्पश्चात सभी 15 विकासखंडों से आए बच्चों ने सलामी मंच से आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चे खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में टीम भावना, अनुशासन और आपसी समन्वय का विशेष महत्व है। सभी प्रतिभागियों को निर्धारित नियमों का पालन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

डेयरी संयंत्र का उद्घाटन किया



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के पिथई खेड़ा मे युवा उद्यमी विशाल साहू के नवीन प्रतिष्ठान (स्टार दूध वाला) डेयरी संयत्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया, राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने नवीन प्रतिष्ठान खोलने की बधाई दी व हर्ष व्यक्त किया कि अब क्षेत्र मे लोगो को शुद्ध दूध उपलब्ध मिलेगा व जरूरत मंद लोगो को रोजगार मिलेगा इस दौरान संरक्षक सूरज गुप्ता जी ने भी राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया मुख्य अतिथि राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का आयोजन समिति ने माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट करके स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया, क्षेत्र के काफी गणमान्य लोग शुभारम्भ के मौके पर मौजूद रहे इस दौरान मुख्य रूप से बैशवारा कल्याण समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह अवधूत, सतीश बाजपेयी, विशाल साहू, सूरज गुप्ता, रोहित सिंह काका, पवन सिंह, इकबाल सिंह प्रधान, रंजीत यादव आदि लोग मौजूद रहे।

12,778 लोगों को त्योहार की खुशी के साथ मिली फाइलेरिया से सुरक्षा

उन्नाव। फाइलेरिया रोधी दवा खाने से अब तक कतरा रहे लोगों को जब गांव के लोगों ने बीमारी का खतरा और दवा का महत्व समझाया तो उनकी झिझक टूट गई और झट दवा खा ली। 19 नंवबर से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान से पहले नेवर टेकन (कभी न दवा खाने वाले), प्रवासी व इनकार करने वाले लोगों को कवर करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में अब तक 12,778 ऐसे लोगों ने दवा खा ली है। इन लोगों को समझाकर दवा खिलाने में रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) की बड़ी भूमिका है। हसनगंज ब्लॉक के भोगला गांव में पीएसपी सदस्य एवं कोटेदार प्रवीण ने फाइलेरिया प्रभावित सावित्री और शिवपाल, आशा संगिनी शीला, आशा कार्यकर्ता वैजयंती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्ञानवती और वॉलंटियर अनुराधा के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया। वहीं, आदमपुर बरेठी में पीएसपी सदस्य एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कौशलेन्द्र और कोटेदार नरेंद्र सिंह ने फाइलेरिया प्रभावित कैलाश और प्रभा देवी तथा आशा कार्यकर्ता पुष्पा और संगीता देवी के साथ मिलकर लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया। दोनों स्थानों पर टीम ने दवा सेवन से छूटे, दवा लेने से इनकार करने वाले और कभी दवा न खाने वाले लोगों से संपर्क किया। उन्हें फाइलेरिया के खतरे और बचाव के लिए दवा सेवन के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस सामूहिक प्रयास से भोगला में दवा सेवन से छूटे 42 लोगों में से 23, इनकार करने वाले 27 में से 21 और कभी दवा न खाने वाले 18 में से 11 लोगों ने दवा का सेवन किया। इसी तरह आदमपुर बरेठी में छूटे 52 लोगों में से 38, इनकार करने वाले 38 में से 27 और कभी दवा न खाने वाले 23 में से 14 लोगों ने दवा खाई। दोनों गांवों में अब तक कुल 134 लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया। नोडल अधिकारी डॉ. जे.आर. सिंह ने बताया कि इस विशेष अभियान में अब तक 12,778 लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया है। इनमें 7,548 प्रवासी, 2,641 नेवर टेकन और 2,589 रिफ्यूजल श्रेणी के लोग शामिल हैं। विशेष अभियान के दौरान अब तक दवा का सेवन न करने और दवा उपलब्ध होने के बावजूद सेवन से इनकार करने वाले लोगों से व्यक्तिगत संपर्क किया जा रहा है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता उनकी आशंकाओं और भ्रांतियों को दूर कर उन्हें दवा सेवन के महत्व के बारे में समझा रहे हैं।

899 बीएलओ, 85 सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण संपन्न



बाराबंकी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस संकल्प के साथ कार्य करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उक्त उद्गार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम मे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 268-बाराबंकी एवं 269-जैदपुर के बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने व्यक्त किये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ से संबंधित बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के निरंतर संपर्क में रहें तथा बिना किसी भेदभाव के आयोग द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निदेर्शों के अनुरूप उनसे समान रूप से सहयोग प्राप्त करें। प्रत्येक बीएलओ को अपने बूथ के ईपी रेशियो एवं जेंडर रेशियो की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं तथा नवविवाहित महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर प्राथमिकता से ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व ग्राम के प्रत्येक मजरे में मतदाता सूची का अनिवार्य रूप से पढ़कर सत्यापन किया जाए, जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। सभी बीएलओ अपने मोबाइल नंबर सहित रजिस्टर को अद्यतन रखें तथा पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त होने वाले प्रत्येक फॉर्म को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से डिजिटाइज करना सुनिश्चित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निरंकार सिंह ने सभी बीएलओ अपने निर्धारित दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए घर-घर संपर्क एवं मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य पूरी सावधानी से करें। प्राप्त होने वाले सभी प्रपत्रों की नियमानुसार जांच एवं समयबद्ध डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 269-जैदपुर के 460 बीएलओ एवं 45 सुपरवाइजर तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 268-बाराबंकी के 439 बीएलओ एवं 40 सुपरवाइजर सहित कुल 899 बीएलओ एवं 85 सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सोलर सिटी के रूप में रोशन होगा गोरखपुर

1200 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। गोरखपुर महानगर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने और शहर की सड़कों को रोशनी से जगमग करने की दिशा में नगर निगम ने सोलर स्ट्रीट लाइट और सोलर हाईमास्ट लगाने का कार्य तेज कर दिया है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा) से प्राप्त 3.844 करोड़ रुपये की धनराशि से महानगर के विभिन्न स्थानों पर सोलर लाइटें स्थापित कराई जा रही हैं। इस योजना का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। नगर निगम की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, योजना के तहत 2.696 करोड़ रुपये की धनराशि से पोल सहित 1200 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 350 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष स्थानों पर भी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्थापना कार्य कराया जाना है। इन लाइटों के लगने से महानगर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक आवागमन वाले स्थानों पर रात के समय बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी। इसी योजना के अंतर्गत 1.188 करोड़ रुपये की धनराशि से पोल सहित 110 सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 75 स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। हाईमास्ट लाइटें प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और ऐसे स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाने में मददगार होंगी, जहां बड़े क्षेत्र में रोशनी की आवश्यकता होती है। सोलर सिटी योजना के माध्यम से महानगर में पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी प्रयास किया जा रहा है। सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली इन लाइटों से सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर निगम की इस पहल से महानगर के विभिन्न हिस्सों में रात के समय रोशनी की उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है। 1200 सोलर स्ट्रीट लाइट और 110 सोलर हाईमास्ट लगाने का लक्ष्य पूरा होने पर शहर की प्रकाश व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। खासकर उन स्थानों पर लोगों को राहत मिलेगी, जहां पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

-यूपी नेडा से प्राप्त कुल धनराशि: 3.844 करोड़ रुपये।

-सोलर स्ट्रीट लाइट का लक्ष्य: 1200।

-स्ट्रीट लाइट स्थापना पूरी: 350।

-स्ट्रीट लाइट के लिए निर्धारित धनराशि: 2.696 करोड़ रुपये।

-सोलर हाईमास्ट का लक्ष्य: 110।

-हाईमास्ट स्थापना पूरी: 75।

-हाईमास्ट के लिए निर्धारित धनराशि: 1.188 करोड़ रुपये।

सुरक्षित और जड़ से इलाज का भरोसेमंद माध्यम है होम्योपैथी: डॉ. मधु मिश्रा

बाराबंकी। आधुनिक समय में जब लोग बिना साइड-इफेक्ट वाले, सुरक्षित और किफायती उपचार की तलाश करते हैं तो ऐसे में होम्योपैथी सुरक्षित स्वास्थ्य की एक ठोस नींव के रूप में उभर रही है। भारत में इस चिकित्सा पद्धति ने न केवल अपनी गहरी जड़ें जमाई हैं। बल्कि एक मजबूत स्वास्थ्य ढांचे के रूप में करोड़ों लोगों का विश्वास भी जीता है। आयुष मंत्रालय के तहत होम्योपैथी देश की समग्र स्वास्थ्य प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन चुकी है। इसके लाभो के बारे मे विस्तृत जानकारी लेने पर राजकीय होम्योपैथिक जिला चिकित्सालय मे तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी होम्योपैथी डा0 मधु मिश्रा ने बताया कि होम्योपैथी केवल बीमारी के ऊपरी लक्षणों को दबाने के बजाय रोग की जड़ पर काम करती है। इससे मरीज को स्थायी लाभ मिलने की संभावना बढ़ जाती है। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि आधुनिक समय में बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण कई जटिल बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसी स्थिति में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति एक अत्यंत कारगर और सुरक्षित विकल्प बनकर उभरी है।

श्रावस्ती एयरपोर्ट पर स्वच्छता अभियान



श्रावस्ती। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देशभर में 01 से 15 नवम्बर तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत शुक्रवार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के श्रावस्ती एयरपोर्ट परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान एयरपोर्ट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान में सफाई कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया। स्वच्छता कार्य में योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहन के लिए उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को साकार करने में सभी की सहभागिता पर जोर दिया गया।

कर्तव्यों में कोताही की तो कलम चलना तय : एसपी

- **जिला पुलिस प्रमुख राहुल भाटी का पुलिसिंग अंदाज**

एसपी सिंह परिहार



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भयमुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करते हुए जिला श्रावस्ती पुलिस सुरक्षा प्रमुख राहुल भाटी अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और आमजन की शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता। कानून व्यवस्था में दृढ़ता और पुलिस विभाग के भीतर अनुशासन के प्रति जवाबदेही। श्रावस्ती में जिले के पुलिस कप्तान राहुल भाटी की कार्यशैली में ये दोनों पक्ष लगातार चर्चा में रहे हैं। जनपद की कमान संभालने के बाद से अपराध नियंत्रण, संगठित आपराधिक गतिविधियों के अनावरण, इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी और विभागीय लापरवाही पर कार्रवाई के माध्यम से उन्होंने पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही का संदेश देने का प्रयास किया है। जनपद में जाली मुद्रा के कारोबार के विरुद्ध हुई दो बड़ी कार्रवाइयां पुलिस की अपराध निरोधक रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहीं। हरदत्तनगर गिरंट स्थित शिवा ट्रेडर्स पर चंडीगढ़ पुलिस, एसएसबी और श्रावस्ती एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में 1 लाख 19 हजार 500 रुपये के जाली नोट बरामद किए गए। विवेचना के दौरान राजस्थान, पंजाब और चंडीगढ़ तक फैले अंतरराज्यीय गिरोह के तार सामने आए।

इसके बाद सोनवा क्षेत्र स्थित गिरिराज राइस मिल में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने जाली मुद्रा के कारोबार का एक और नेटवर्क उजागर किया। छापेमारी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 लाख 74 हजार रुपये मूल्य के 804 जाली नोट, रंगीन प्रिंटर और नकली मुद्रा तैयार करने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। इन कार्रवाइयों ने स्पष्ट किया कि जिले के पुलिस मुखिया की निगाह केवल स्थानीय अपराधों तक सीमित नहीं, बल्कि जनपद से जुड़े अंतरराज्यीय आपराधिक नेटवर्क पर भी है।

अपराधियों की धरपकड़ के मोर्चे पर भी कई उल्लेखनीय सफलताएं सामने आईं। हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र में 50 हजार रुपये के इनामी दौलत अली को पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। वह हत्या और लूट के मामलों में वांछित था। वहीं भिनगा जंगल क्षेत्र में 50-50 हजार रुपये के इनामी गिरीश बहेलिया और शिवकुमार जायसवाल पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए। इस दौरान एक बदमाश घायल हुआ। विशेष धरपकड़ अभियान के अंतर्गत महज 12 घंटे के भीतर 45 वारंटियों की गिरफ्तारी ने पुलिस कप्तान के नेतृत्व में पुलिस की सक्रियता को रेखांकित किया।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की कार्यशैली का एक महत्वपूर्ण पक्ष पुलिस विभाग के भीतर अनुशासन और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने से जुड़ा रहा है। उनके कार्यकाल में पुलिसकर्मियों के विरुद्ध हुई विभागीय कार्रवाइयों ने यह संदेश दिया कि वर्दी की जिम्मेदारी के निर्वहन में लापरवाही अथवा शिकायतों की अनदेखी को सामान्य घटना मानकर नहीं छोड़ा जाएगा।

राजपुर मोड़ चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव सिंह को निलंबित किया गया। सिसवारा प्रकरण के बाद गिलौला के तत्कालीन थानाध्यक्ष आशीष कुमार, उपनिरीक्षक इंद्रदेव पटेल और आरक्षी परविंदर कुमार को लाइन हाजिर किया गया। लक्ष्मनपुर बाजार चौकी प्रभारी जितें

संक्षेप

सैफ चैंपियनशिप में पहली बार होगा वीएआर का इस्तेमाल

नयी दिल्ली। गत चैंपियन भारत और भूटान के बीच शनिवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल मुकाबले से सैफ चैंपियनशिप में पहली बार वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) तकनीक का इस्तेमाल होगा। सेमीफाइनल के बाद 17 नवंबर को होने वाले फाइनल में भी इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए रिमोट वीएआर व्यवस्था अपनाई जाएगी। इसके तहत ढाका के नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे मैच का सीधा फुटेज थाईलैंड स्थित केंद्रीय संचालन केंद्र को भेजा जाएगा। वहां प्रमाणित वीडियो मैच अधिकारी (वीएमओ) फुटेज की समीक्षा करेंगे और मैदान पर मौजूद रेफरी को फैसले लेने में मदद करेंगे।

पूर्व आईएएस अधिकारी देवेश चतुर्वेदी राष्ट्रीय खेल बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेश चतुर्वेदी को बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस बोर्ड के पास सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और जरूरत पड़ने पर उसे रद्द करने का अधिकार होगा। इसके अलावा बोर्ड अंतरराष्ट्रीय खेल संस्थाओं के साथ भी सहयोग कर सकेगा। साठ वर्षीय चतुर्वेदी 1989 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने अगस्त 2024 से इस साल फरवरी तक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव के रूप में काम किया। उनके पास आईआईटी कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग (यांत्रिक अभियांत्रिकी) में बीटेक और आईआईटी दिल्ली से इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग (औद्योगिक अभियांत्रिकी) में एमटेक की डिग्री है।

न्यूजीलैंड ने भारत को 244 रन से हराया

श्रेयस अय्यर ने पिच में बदलाव को ठहराया जिम्मेदार



एजेंसी


नई दिल्ली। चौथे वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को 244 रन से करारी शिकस्त दी। न्यूजीलैंड के 333 रनों के जवाब में भारतीय टीम मैट हेनरी के छह विकेटों के सामने मात्र 89 रन पर सिमट गई। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस बड़ी हार का ठीकरा पिच के बदलते मिजाज पर फोड़ा, जिससे दूसरी पारी में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिली।

भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार को चौथे वनडे में न्यूजीलैंड के हाथों मिली 244 रन की करारी हार का ठीकरा पिच की प्रकृति मे बदलाव पर फोड़ते हुए कहा कि पहले यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी लेकिन बाद में इससे तेज गेंदबाजों को मदद मिलने लग गई थी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सभी विकेट खोकर 333 रन बनाए लेकिन भारत की बल्लेबाजी बुरी तरह लड़खड़ा गई और पूरी टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर आउट हो गई।

तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने 27 रन देकर छह विकेट लिए। वनडे में पहली बार भारत की कप्तानी कर रहे अय्यर ने मैच के बाद कहा, ह्यह्यमुझे लगता है कि इसे स्वीकार करना मुश्किल है लेकिन दोनों पारियों की विकेट में बहुत बड़ा अंतर था। अय्यर ने कहा, ह्यह्यलेकिन हेनरी ने जिस तरह से पहली गेंद से ही सही जगहों पर गेंदबाजी की, उसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं। न्यूजीलैंड ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमें लगा कि विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा है। हमने कुछ कैच छोड़े लेकिन खेल में ऐसा होता है। उन्होंने कहा, ह्यह्यजब हम ड्रेसिंग रूम में पहुंचे तो हमें लगा कि हम आसानी से लक्ष्य हासिल कर लेंगे। लेकिन जिस तरह से गेंद अंदर-बाहर स्विंग हो रही थी, उससे आप यह तय नहीं कर सकते थे कि किस तरह खेलना है। हमारे किसी भी बल्लेबाज ने अपना विकेट इनाम में नहीं दिया। सभी अच्छी गेंद पर आउट हुए। भारतीय कप्तान ने कहा, ह्यह्यहमें इस हार को भूलकर यह विश्लेषण करना होगा कि गेंदबाजी और बल्लेबाजी में क्या गलत हुआ। हमने दो मैच जीते हैं और अब हमें नए सिरे से मैदान पर उतरना होगा।

न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सैंटनर अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश थे, हालांकि उन्हें लगा कि शुरूआत में वे प्रतिस्पर्धी स्कोर से लगभग 20 रन पीछे रह गए थे। हेनरी की अगुवाई में गेंदबाजों ने विकेट लेकर इसकी भरपाई कर दी। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं इस जीत से काफी खुश हूं। दोबारा गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला, इसलिए बहुत खुश हूं। यंग ने शानदार बल्लेबाजी की और विकेट गंवाने के बावजूद हमने अच्छा स्कोर बनाया। हम वैसे 360 रन बनाने की सोच रहे थे। हेनरी आज खेलना चाहता था। नई गेंद से और थोड़ी मददगार विकेट पर वह सबसे अच्छा गेंदबाज है। हेनरी ने अभ्यास के दौरान साथी खिलाड़ी डेवोन कॉनवे से टक्कर होने के कारण सिर में लगी चोट के बाद वापसी की। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्होंने सही स्थान पर गेंद करने पर ध्यान दिया जिससे उन्हें फायदा मिला। उन्होंने कहा, ह्यह्यवापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने सही स्थान पर गेंद करने पर ध्यान दिया। जिस तरह से हवा चल रही थी, मुझे स्विंग की ज्यादा चिंता नहीं थी। इसलिए पहली गेंद से ही मेरा मकसद अपनी ताकत का इस्तेमाल करना और विकेट को निशाना बनाकर गेंदबाजी करना था। उम्मीद है कि हम अगले मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करके श्रृंखला बराबर करने में सफल रहेंगे।

अनकैप्ड खिलाड़ियों के लिए आईपीएल नीलामी में जगह बनाने का सुनहरा मौका



एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के युवा क्रिकेटर जहां अपनी प्रतिभा से चयनकर्ताओं और फ्रेंचाइजी के स्काउट्स का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करेंगे तो वहीं अनुभवी खिलाड़ी अपना खोया हुआ मुकाम वापस पाने के इरादे से शनिवार से देशभर में शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में उतरेंगे। देश की प्रमुख घरेलू टी20 प्रतियोगिता सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का समापन 16 दिसंबर को गोवा में होने वाली आईपीएल की मिनी नीलामी से महज 10 दिन पहले होगा। यह टूर्नामेंट फ्रेंचाइजी को अपनी टीम मजबूत करने के लिए उभरती प्रतिभाओं पर नजर रखने का मंच प्रदान करेगा।

यह कुछ अनकैप्ड (जिसने एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) भारतीय खिलाड़ियों और प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों के लिए आईपीएल अनुबंध हासिल करने का आखिरी बड़ा मौका भी होगा। 2025 की नीलामी में नजरअंदाज किए गए पृथ्वी साव पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स द्वारा खरीदे जाने के बावजूद एक भी मैच नहीं खेल सके थे। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके एक बार फिर शीर्ष स्तर पर अपनी जगह बनाने की कोशिश करेंगे।

अनुभवी दीपक चाहर और मनीष पांडे के अलावा युवा खिलाड़ी शिखर मोहन, प्रशांत वीर, शशांक सिंह और दिग्वेश राठी भी इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन के जरिए अपना करियर को नयी दिशा देने की कोशिश करेंगे। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर प्रशांत वीर को पिछली नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 14.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह अनकैप्ड खिलाड़ियों में सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल थे, लेकिन सीमित मौके मिलने के बावजूद वह अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे।

भारतीय क्रिकेट के बॉस बेबी वैभव सूर्यवंशी महज 15 साल की उम्र में बिहार की टीम की पहले दो मैच में अगुआई करेंगे। वह इस टूर्नामेंट में भी अपने राज्य टीम के लिए शानदार बल्लेबाजी जारी रखना चाहेंगे।

भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद लगाए बैठे मोहम्मद शमी, टी20 विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव और अनुभवी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर भी इस टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन करना चाहेंगे। पिछले सप्ताह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले शमी अच्छा प्रदर्शन करके आईपीएल की योजनाओं में अपनी जगह बनाए रखना चाहेंगे।

भारतीय टीम में वापसी की संभावना भले ही कम हो, लेकिन उम्रदराज हो रहे इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए आईपीएल अब भी एक बड़ी प्रेरणा है। दूसरी ओर सूर्यकुमार ने भारत को 2026 टी20 विश्व कप में चैंपियन बनाया था।

दीप्ति आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गयी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हरफनमौला दीप्ति शर्मा को अक्टूबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ सीमित ओवरों की शृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाली दीप्ति ने दूसरी बार यह पुरस्कार अपने नाम किया। उन्होंने इस दौड़ में बांग्लादेश की शोभना मोस्तारी और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ा। दीप्ति ने आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा, आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर मैं खुश हूं। जिम्बाब्वे के खिलाफ शृंखला हमारे लिए शानदार रही। शतक लगाना मेरे लिए बेहद खास पल था और टीम की जीत में योगदान देने से इसकी खुशी और बढ़ गई।

दीप्ति ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 और वनडे दोनों प्रारूपों में अहम योगदान दिया। उन्होंने रायपुर में पहले टी20 मुकाबले में 49 रन की तेजतर्रार पारी खेली। उस समय भारतीय टीम 19 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। उनकी पारी से भारत को जीत मिली। पूरी टी20 शृंखला में उन्होंने दो विकेट लिए और भारत ने 3-0 से सूपड़ा साफ किया। एकदिवसीय शृंखला के पहले मुकाबले में भी उन्होंने दो विकेट लेकर टीम की जीत में योगदान दिया। दूसरे वनडे में उन्होंने अपना दूसरा वनडे शतक लगाया और तीन विकेट भी झटके। भारत ने यह मुकाबला जीतकर शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। दीप्ति ने दौरे पर कुल छह अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 155 रन बनाने के साथ सात विकेट लिए। भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सभी छह मुकाबले जीते।

अंबेकर की मां ने कहा, अटूट इच्छाशक्ति ने बनाया बेटे को चैंपियन


इम्फाल। मणिपुर के एक छोटे से गांव से निकलकर युवा ओलंपिक के मंच पर तिरंगा लहराने तक का लैरेंलाकपम अंबेकर मीतेई का सफर संघर्ष, जुनून और अटूट हौसले की मिसाल है, कभी आर्थिक तंगी के चलते उन्हें मुक्केबाजी अकादमी तक पहुंचने के लिए पैदल चलना पड़ा तो कभी दोस्तों से साइकिल उधार लेकर अभ्यास करना पड़ा, लेकिन न उनके कदम रुके और न ही उनके सपने डगमगाए। बेटे के इसी जुनून पर मां का भरोसा, परिवार का त्याग आखिरकार रंग लाया और अंबेकर ने डकार युवा ओलंपिक में 50 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

अंबेकर की मां लैरेंलाकपम बबीता लीमा ने शुक्रवार को गर्व के साथ कहा, तमाम मुश्किलों और पारिवारिक चुनौतियों के बावजूद खेल जारी रखने की उसकी अटूट इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प ने उसे एक मजबूत मुक्केबाज बनाया। इंफाल पूर्व के लामलाई स्थित अपने आवास पर पीटीआई से बातचीत करते हुए बबीता ने बताया कि अंबेकर बचपन से ही खेलों के प्रति काफी जुनूनी था। महज 10 साल की उम्र में ही उसमें लड़ने का असाधारण जज्बा और दृढ़ इच्छाशक्ति थी। वह जब तक अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर लेता था, तब तक पीछे हटने को तैयार नहीं होता था। उसकी खेलों के प्रति रुचि और प्रतिभा को पहचानते हुए बबीता के छोटे भाई श्यामकुमार ने अंबेकर को मुक्केबाजी से जोड़ने का सुझाव दिया। इसके बाद 2018 में उसके पिता उसे घर से लगभग चार से पांच किलोमीटर दूर स्थित नोंगाडा मुक्केबाजी अकादमी ले जाने लगे।लेकिन मुक्केबाजी रिंग तक पहुंचने का उसका सफर आसान नहीं था। शुरुआत में उसके पिता स्कूटर से उसे अकादमी ले जाते थे।

हालांकि, परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पिता को आजीविका कमाने के लिए अधिक समय देना पड़ता था। इस वजह से कई बार उनके लिए बेटे को अभ्यास के लिए ले जाना मुश्किल हो जाता था। इसके बावजूद अंबेकर ने परिस्थितियों को अपने सपनों के रास्ते में बाधा नहीं बनने दिया। उसने अकादमी तक पैदल जाना शुरू कर दिया। कुछ दिनों में वह दोस्तों और पड़ोसियों से साइकिल उधार लेकर अभ्यास के लिए पहुंचता था। उसकी इस लगन से प्रभावित होकर उसके नाना ने उसे अपनी साइकिल उपहार में दे दी, ताकि वह बिना किसी रुकावट के अपने खेल को जारी रख सके।

इसी साइकिल के सहारे अंबेकर ने सफलता की ओर अपना सफर जारी रखा। वह नोंगाडा मुक्केबाजी अकादमी में कोच सनाबितेन के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने लगा।

द पाल्म्स गोल्फ क्लब में सजेगा गोल्फ का महाकुंभ



विशेष संवाददाता (vol)

- 14 और 15 नवंबर को होगा "द पाल्म्स गोल्फ टीम चैंपियनशिप 2026" का भव्य आयोजन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित द पाल्म्स गोल्फ क्लब एंड रिसॉर्ट में 14 एवं 15 नवंबर 2026 को गोल्फ प्रेमियों के लिए एक शानदार खेल आयोजन होने जा रहा है। दो दिवसीय 'द पाल्म्स गोल्फ टीम चैंपियनशिप 2026 - सेकंड एडिशन (PGTC 2026)' को लेकर गोल्फ जगत में उत्साह का माहौल बनने लगा है।

यह चैंपियनशिप केवल गोल्फ का मुकाबला नहीं, बल्कि टीम भावना, रणनीति, खेल कौशल और आपसी तालमेल का एक शानदार संगम होगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें प्रत्येक टीम में 8 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम के लिए न्यूनतम दो वरिष्ठ गोल्फ खिलाड़ियों (65 वर्ष एवं उससे अधिक आयु) की भागीदारी भी अनिवार्य रखी गई है। दो दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को अलग-अलग प्रारूपों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। पहले दिन सीनियर खिलाड़ियों के लिए 9 होल सिंगल पीओरिया स्ट्रोक प्ले तथा अन्य खिलाड़ियों के लिए 18 होल डबल पीओरिया स्ट्रोक प्ले आयोजित होगा। वहीं दूसरे दिन 4-बॉल स्क्रैम्बल प्रारूप में मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता को और रोमांचक बनाने के लिए विजेता टीम के लिए रुपये 50,000, उपविजेता के लिए रुपये 30,000 तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के लिए 20,000 की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

'More Than a Game... It's a Team Spirit!' की थीम पर आधारित यह आयोजन खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ टीमवर्क, खेल भावना और आपसी सौहार्द का अनुभव कराएगा।

द पाल्म्स गोल्फ क्लब का यह आयोजन लखनऊ के गोल्फ कैलेंडर में एक विशेष पहचान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। देशभर के गोल्फ प्रेमियों और खिलाड़ियों की निगाहें अब 14 और 15 नवंबर पर टिकी हैं, जब द पाल्म्स के खूबसूरत गोल्फ कोर्स पर खेल, जुनून और टीम स्पिरिट का शानदार नजारा देखने को मिलेगा।

काजल और नीलम ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल जीते

एजेंसी



नयी दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता पहलवान काजल धोचक के अलावा नीलम सिरोही और अमृता पुजारी ने अगले महीने होने वाली राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। काजल ने हाल में अस्ताना में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन में योगदान दिया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के पोलोकवाने में चार से छह दिसंबर तक होने वाली चैंपियनशिप की महिला 76 किग्रा स्पर्धा में महज 35 सेकेंड में अपना स्थान पक्का कर लिया।

काजल ने वेदिता को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली नीलम सिरोही ने 50 किग्रा भार वर्ग में नेहा चुगाटे को चित करके आसान जीत दर्ज की। अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अमृता पुजारी ने 72 किग्रा वर्ग में अपनी रणनीति से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने पहले मुकाबले में निशा को चित करके जीत हासिल की, लेकिन सेमीफाइनल में प्रियंका के खिलाफ उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को चौंकाकर जीत दर्ज की।

बिपाशा के खिलाफ फाइनल में भी अमृता 1-3 से पीछे थीं, लेकिन मुकाबले के अंतिम क्षणों में उन्होंने आर्म लॉक की स्थिति से प्रतिद्वंद्वी को पलटकर चित कर दिया और खिताब अपने नाम किया। इस बीच सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में मानसी लाठर को एकतरफा अंदाज में हराकर भारतीय टीम में जगह बनाई। महिला 53 किग्रा वर्ग के फाइनल में नीशू ने उम्मीद के मुताबिक स्नेहा को 7-1 से हराया।

पेज एक का शेष

जाकिर नाइक

हैं। ऐसी गतिविधियां देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रतिकूल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि जाकिर नाइक के बयान और भाषण आपत्तिजनक एवं विध्वंसकारी हैं। वह विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच शत्रुता और नफरत फैलाते हैं तथा भारत और विदेशों में एक विशेष धर्म के युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रेरित करते हैं। अधिसूचना के अनुसार, नाइक ने अंतरराष्ट्रीय उपग्रह टीवी नेटवर्क, इंटरनेट, मुद्रित माध्यमों और सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए दुनियाभर के लाखों लोगों तक अपने कट्टरपंथी विचार और भाषण पहुंचाए हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि यदि आईआरएफ की गैरकानूनी गतिविधियों पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो संगठन अपनी विध्वंसकारी गतिविधियां जारी रखेगा। साथ ही, वह अपने फरार कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करेगा, लोगों के मन में कट्टरपंथी विचार भरकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ेगा और देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को नुकसान पहुंचाते हुए राष्ट्रविरोधी भावनाओं का प्रचार करेगा।

राष्ट्रपति से

लालरेमसियामी ने कहा कि एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के बाद टीम की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। वह एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य थीं। उन्होंने कहा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद चुनौती और बढ़ गई है। हमें लगातार कड़ी मेहनत करनी होगी क्योंकि अपने प्रदर्शन के स्तर को बनाए रखना जरूरी है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता नेहा चव्हाण ने कहा कि विश्व कप और महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद बड़े बहु-खेल आयोजनों में भारतीय निशानेबाजों के स्वर्ण पदक से चूकने को नाकामी नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि निशानेबाज इस तरह से चूकते हैं। खासकर व्यक्तिगत खेल में मुकाबले के दौरान हर धड़कन मायने रखती है। मैं हर पदक को एक अवसर के रूप में देखती हूं। हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक होता है, लेकिन कभी-कभी रजत या कांस्य पदक भी स्वर्ण से ज्यादा अहमियत रखता है। राष्ट्रीय मुक्केबाजी शिविर से जुड़े रहे और दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रहे छोटे लाल यादव ने भी इस मौके को खास बताया। उन्होंने द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता धर्मेंद्र यादव के साथ यह सम्मान साझा किया। अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज नरेंद्र बरवाल भी समारोह में मौजूद थे। छोटे लाल ने कहा, इस पुरस्कार से मुझे काफी प्रेरणा मिली है।।

यूपी में

पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने का अंतिम महत्वपूर्ण अवसर है। हर कार्यकर्ता गंभीरता से प्रयास करे कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल हों और इसमें कोई विसंगति न हो। उन्होंने विश्वास जताया कि कोई भी ताकत यूपी में भाजपा को हैट्रिक लगाने से नहीं रोक सकती। महिला और युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या कम होने की एक वजह विवाह के बाद महिलाओं का मायके से ससुराल चले जाना है। कई मामलों में लड़की का मायके से नाम कट गया, लेकिन ससुराल में नाम दर्ज नहीं हो पाया। इसे दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाना होगा। इसी तरह 1 जनवरी, 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम भी अभी से जुड़वाने की तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रवासी श्रमिकों और कामगारों की समस्या भी उठाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई विधानसभा क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में नोएडा, दिल्ली और दूसरे राज्यों में काम करते हैं। ऐसे सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में होने चाहिए। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि दूसरे राज्यों और दूसरे जनपदों में काम कर रहे प्रवासी अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों और कामगारों से संवाद स्थापित किया जाए। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो इसे शामिल कराने के लिए उनके परिजनों की मदद लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता मतदाता सूची में संभावित फर्जीवाड़े और दोहरे नामों की विसंगतियों की पहचान करें। ऐसी विसंगतियां कई विधानसभा क्षेत्रों में हो सकती हैं। कार्यकर्ताओं को इनकी पहचान कर नियमानुसार सुधार के लिए आवेदन करना चाहिए। प्रत्येक भारतीय वयस्क नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए, लेकिन जो भारत का नागरिक नहीं है, जो वयस्क नहीं है अथवा जिसका नाम पहले से एक स्थान पर दर्ज है, उसका नाम दूसरी जगह भी नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फर्जी नामों और दोहरे पंजीकरण की पहचान के साथ ही यह भी जरूरी है कि पात्र मतदाताओं के नाम किसी भी स्थिति में छूटने न पाएं। समस्त प्रक्रिया निर्वाचन आयोग की निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप अपनाई जानी चाहिए। फॉर्म व्यक्तिगत रूप से भरे होने चाहिए, जिस पर संबंधित मतदाता का हस्ताक्षर हो। पार्टी कार्यकर्ता बीएलओ के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें।

ओडीओपी की

तमाम संस्कृतियां मिट गईं लेकिन तलवार और मानसिक गुलामी भी भारत की संस्कृति को नहीं मिटा सकी। हमारी लोक परंपराओं ने ही भारत की सांस्कृतिक आत्मा और आत्मसम्मान को पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रखा है। हालांकि आजादी के बाद हमारी अनेक लोक कलाएं और वाद्ययंत्र उपेक्षित रहे। संस्कृति की उपेक्षा का अर्थ केवल कला का लुप्त होना नहीं बल्कि पहचान के महत्वपूर्ण अध्यायों का समाप्त होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए अपनी विरासत पर गर्व करना आवश्यक है। आज राज्य सरकार काशी, अयोध्या, मथुरा और ब्रज क्षेत्र के सांस्कृतिक केंद्रों को पुनर्स्थापित कर रही है और दीपोत्सव व देव दीपावली जैसे आयोजन दुनिया को आकर्षित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का ओडीओपी आज धूम मचा रहा है और राज्य का निर्यात दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इसी तरह वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन में भी अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग और सभी अकादमियों को निर्देश दिया कि प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट वन आर्ट कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जाए। प्रदेश भर के कलाकारों को मंच दिया जाए और हर जिले की अपनी विशिष्ट कला को आगे बढ़ाया जाए। कलाकार चौराहों पर अपनी प्रस्तुति दें जिससे सड़क जाम न हो और लोगों को भारतीय संगीत की आध्यात्मिक शक्ति का अहसास हो। युवा कलाकारों को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है। युवा टेक्नोलॉजी, डिजिटल माध्यम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग करें और नए प्रयोग कर दुनिया के सामने जाएं लेकिन अपनी माटी की सुगंध, लोक धुन, गुरु की सीख और सांस्कृतिक जड़ों को कभी न भूलें। तकनीक जीवन की सहजता के लिए है, सांस्कृतिक जड़ों और संबंधों को तोड़ने के लिए नहीं।

अब अग्निवीरों

के 316 नाविक शामिल हैं। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख मुख्य अतिथि और परेड के निरीक्षण अधिकारी थे। एडमिरल ने कहा, याद रखें, आप उन चुनिंदा लोगों में शामिल हैं जिन्हें यह वर्दी पहनने का गौरव हासिल हुआ है। आवेदन करने वाले लाखों युवाओं में से केवल लगभग 1.5 प्रतिशत ही चयनित हो पाए। आप उनमें से हैं। आपने बेहद प्रतिस्पर्धी चयन प्रक्रिया के जरिए अपना स्थान हासिल किया है। और आप ऐसे समय में नौसेना में शामिल हो रहे हैं, जो इसके लिए विशेष रूप से अनुकूल है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि वह यह भी बताना चाहते हैं कि आईएनएस चिल्का में अग्निवीरों के प्रशिक्षण के दौरान अग्निपथ योजना में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा, अब आपके पास नियमित नाविक बनने और भारतीय नौसेना में लंबा तथा संतोषजनक करियर बनाने का एक अतिरिक्त अवसर है। मैं आप सभी को इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करने और नौसेना में सेवाकाल पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। सैन्य भर्ती योजना में बड़े बदलाव के तहत सरकार ने चार नवंबर को घोषणा की थी कि चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर सेवा से बाहर होने वाले अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार दिया जाएगा। इसके बाद निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर उन्हें स्थायी रूप से भर्ती किया जाएगा। जून 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना के तहत सैनिकों की भर्ती चार साल के कार्यकाल के लिए की जाती थी। इसमें प्रावधान था कि उनमें से केवल 25 प्रतिशत को ही नियमित सेवा में बनाए रखा जाएगा।

मिनी बस

पहले, गोलाघाट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वप्ननील डेका ने पीटीआई-भाषा को बताया कि राहत एवं बचाव अभियान में जुटे लोगों की मदद के लिए सभी वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा था कि बस में सवार लोगों की सही संख्या का तत्काल पता नहीं चल पाया है। असम के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं स्थानीय विधायक अतुल बोरा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। बोरा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से दुर्घटना के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, कल दिन में गोलाघाट के शहीद कुशल कोंवर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा इससे पहले आई खबरों में कहा गया था कि पोस्टमार्टम रात में किया जा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल अधिकतर लोगों को बोकाखाट और गोलाघाट के सरकारी अस्पतालों तथा जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने कहा, उद्यान के पास लागू गति प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए बस बहुत तेज गति से जा रही थी। हमारा मानना है कि यह दुर्घटना तब हुई, जब मिनीबस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वह कंटेनर ट्रक से जा टकराई। मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि काजीरंगा में हुए इस हादसे से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, इस हादसे में हुए भारी नुकसान से हम सभी दुखी हैं और जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। कोई भी शब्द उनके दर्द को कम नहीं कर सकता, लेकिन मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि वे अकेले नहीं हैं। दुख की इस घड़ी में पूरा असम उनके साथ खड़ा है।


राजनाथ ने

चाहिए। छोटे मन का कोई बड़ा नहीं हो सकता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं हो सकता। मन जितना विशाल होगा, व्यक्ति को उतना ही आनंद और सुख प्राप्त होगा। आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए भी मन का विशाल होना आवश्यक है। ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी बहनों और भाइयों के चेहरों पर दिखाई देने वाली दिव्य आभा उनके समर्पण, विशाल हृदय और आध्यात्मिक चेतना का परिचायक है। उन्होंने कहा कि आज 21वीं सदी के भारत में आध्यात्मिकता का महत्व और अधिक बढ़ गया है। एक ओर भारत अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर हमें अपने मन और विचारों की दुनिया को भी मजबूत बनाना होगा। ऐसा नहीं होना चाहिए कि हम बाहरी दुनिया को जीतते हुए अपनी आंतरिक दुनिया में हार जाएं। आध्यात्मिकता हमें स्वयं को पहचानने, मन को स्थिर रखने और जीवन में संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि सच्चा आ

राष्ट्रपति ने खेल पुरस्कार से खिलाड़ियों को किया सम्मानित



यूपी के बुलंदशहर के खबरा गांव निवासी ओलंपियन रोइंग खिलाड़ी अरविंद सिंह को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के तहत अर्जुन अवॉर्ड से किया गया सम्मानित



'खेल और साहसिक पुरस्कार 2025' समारोह के दौरान, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बॉक्सिंग कोच धर्मेंद्र सिंह यादव को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया



नई दिल्ली में खेल और साहसिक पुरस्कार 2025 के दौरान बॉक्सिंग कोच छोटे लाल यादव को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया

भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता साथ-साथ चलते हैं: प्रधानमंत्री मोदी

मैसुरु (कर्नाटक)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता साथ-साथ चलते हैं और भारतीय युवा खगोल भौतिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहे हैं। मोदी ने मैसुरु विश्वविद्यालय की स्थापना करने और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के लिए जमीन दान देकर देश में विज्ञान को बढ़ावा देने के मैसुरु के शाही परिवार के प्रयासों की भी सराहना की।

वह यहां चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में मैसुरु विश्वविद्यालय परिसर में देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा, भारत में आध्यात्मिकता और विज्ञान साथ-साथ चलते हैं। आधुनिक उपकरणों के अभाव के बावजूद हमारे पूर्वजों ने ब्रह्मांड और ग्रहों की गति का



बहुत बारीकी से अध्ययन किया था। हमारे प्राचीन खगोलविदों ने ब्रह्मांड का अध्ययन करने के लिए जटिल गणितीय गणनाएं की थीं। उन्होंने याद दिलाया कि चंद्रयान-3 के जरिये चांद पर पहुंचकर भारत चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हुआ और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना। मोदी ने यह भी कहा कि भारत ने अंतरिक्ष में उपग्रहों की सफलतापूर्वक डॉकिंग और अनडॉकिंग की तथा पिछले साल एक भारतीय शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजा। उपग्रहों को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया को डॉकिंग और उन्हें अलग करने की प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहा जाता है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय युवाओं ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी के अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पदक जीते। सरकार की नीति के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोल दिया, जिससे उन्हें अपने रॉकेट प्रक्षेपित करने का मौका मिला। मोदी ने कहा कि भारत के अंतरिक्ष मिशनों का उद्देश्य मानवता का कल्याण है। उन्होंने कहा कि हमारे उपग्रह मछुआरों की मदद करते हैं।

संक्षेप

निहार शांति मजबूती की पाठशाला का अनावरण

नई दिल्ली। मैरिको लिमिटेड ने अपनी प्रमुख शिक्षा-केंद्रित सीएसआर पहल को नई पहचान देने की घोषणा की। इसके तहत निहार शांति पाठशाला फनवाला अब निहार शांति मजबूती की पाठशाला के नाम से जानी जाएगी। यह परिवर्तन निहार शांति के बदलते उद्देश्य के अनुरूप है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें ऐसे मजबूत फैसले लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। विभिन्न पहलों के माध्यम से इस कार्यक्रम ने अब तक 1.26 लाख से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है और लगभग 12.69 लाख विद्यार्थियों को लाभ पहुँचाया है।

डेटॉल ने पेश किया नया डेटॉल ओरिजिनल फोमिंग हैंडवॉश

नई दिल्ली। डेटॉल ने आज नए डेटॉल ओरिजिनल फोमिंग हैंडवॉश को लॉन्च करने की घोषणा की। पिछले कई दशकों से डेटॉल विज्ञान आधारित नवाचार और कीटाणुओं से भरोसेमंद सुरक्षा के जरिए भारत में हाथों की स्वच्छता से जुड़ी आदतों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब डेटॉल का ओरिजिनल हैंडवॉश एडवांस्ड फोमिंग फॉर्मेट में उपलब्ध होगा। डेटॉल फोमिंग हैंडवॉश की रेंज में डेटॉल ओरिजिनल की खास और लोकप्रिय खुशबू भी शामिल हो गई है। पीढ़ियों से परिवार कीटाणुओं से भरोसेमंद सुरक्षा के लिए डेटॉल ओरिजिनल पर भरोसा करते आए हैं।

यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 12 प्रतिशत बढ़कर 5.19 लाख इकाई

नयी दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 5.19 लाख इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने यह जानकारी दी। अक्टूबर 2025 में यह आंकड़ा 4.62 लाख इकाई था।

यात्री वाहन खंड ने अक्टूबर में अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और मासिक बिक्री में पांच लाख इकाइयों का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया। दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 16.1 प्रतिशत बढ़कर 25.78 लाख इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 22.20 लाख इकाई थी। तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री 25.7 प्रतिशत बढ़कर 1.03 लाख इकाई रही, जो एक साल पहले 82,190 इकाई थी। ग्रामीण और शहरी, दोनों बाजारों में ऋण की बेहतर उपलब्धता तथा पुराने वाहनों को बदलने की मांग से दोपहिया वाहनों की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि तिपहिया वाहनों के मामले में अंतिम छोर तक आवागमन की जरूरतें और लोगों का तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख करना क्षेत्र की वृद्धि के प्रमुख कारक बने हुए हैं। अक्टूबर में कुल घरेलू वाहन थोक बिक्री 15.7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 31.26 लाख इकाई रही।

भारत का कुल निर्यात अक्टूबर में रिकॉर्ड 89.99 अरब डॉलर, कम हुआ व्यापार घाटा

नयी दिल्ली। भारत का वस्तुओं और सेवाओं सहित कुल निर्यात अक्टूबर में 29.9 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 89.99 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया जबकि व्यापार घाटा कम होकर 20.09 अरब डॉलर रह गया।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को अक्टूबर महीने के ये व्यापार आंकड़े जारी किए। देश का वस्तुओं एवं सेवाओं सहित कुल निर्यात पिछले साल इसी महीने में 69.27 अरब डॉलर रहा था। अक्टूबर 2025 में भारत का व्यापार घाटा 25.15 अरब डॉलर था। भारत का आयात अक्टूबर में



बढ़कर 110.07 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 94.42 अरब डॉलर था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में वस्तुओं का निर्यात बढ़कर 49.47 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 34.11 अरब डॉलर था। वहीं, सेवाओं का निर्यात भी अक्टूबर 2025 के 35.17 अरब डॉलर से बढ़कर 40.51 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि अक्टूबर में वस्तुओं के निर्यात ने 49.47 अरब डॉलर का नया उच्च स्तर हासिल किया। यह अब तक का सबसे अधिक मासिक वस्तु निर्यात मूल्य है। साथ ही, पिछले पांच वर्षों में 45.06 प्रतिशत की सबसे अधिक मासिक वृद्धि भी दर्ज की गई। अक्टूबर 2026 में देश का कुल निर्यात भी 89.99 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

पुतिन से मुलाकात के बाद जेलेंस्की से मिलने अमेरिकी दूत डबलिन रवाना हुए

मॉस्को। अमेरिकी दूतों ने बृहस्पतिवार को केमलिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत करने के लिए आयरलैंड रवाना हो गए।

केमलिन रूस में सत्ता का केंद्र है। अमेरिका दोनों देशों के बीच के युद्ध को समाप्त के लिए अपने शांति प्रयासों को नयी गति देने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर ने इस सप्ताह रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत कराई। संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में हुई इस बैठक में नौ महीने बाद पहली बार यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधियों के बीच सीधी बातचीत हुई। इससे पहले, युद्ध के समाधान की कोशिशें ठहर गई थीं। बुधवार को संपन्न हुई इस वार्ता में बड़ी संख्या में युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमति बनी। हालांकि, अदला-बदली किए जाने वाले कैदियों की सटीक संख्या पर अभी सहमति नहीं बन पाई है। कुशनर और विटकॉफ ने पुतिन के साथ करीब दो घंटे तक बैठक की। इसके बाद वे जेलेंस्की के साथ बातचीत के लिए डबलिन रवाना हो गए। इस संघर्ष के पांच साल पूरे होने वाले हैं।


बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने किया बंधन लाइफ आईगारंटी चाइल्ड अश्योर लॉन्च

नईदिल्ली। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने बंधन लाइफ आईगारंटी चाइल्ड अश्योर लॉन्च किया है। यह एक बचत बीमा योजना है, जो माता-पिता को कोचिंग कक्षाओं और कॉलेज की फीस से लेकर करियर की शुरूआत तक, अपने बच्चे के सपनों और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार होने में मदद करती है। यह योजना गारंटीकृत वार्षिक आय प्रदान करती है, जिसके बाद आय अवधि के अंत में एकमुश्त करियरस्टार्ट बेनिफिट मिलता है। इससे माता-पिता को अपने बच्चे की शिक्षा और करियर के लक्ष्यों के लिए बचत करने में मदद मिलती है। माता-पिता अपनी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार 8, 10 या 12 वर्ष की प्रीमियम भुगतान अवधि चुन सकते हैं और बच्चे की पात्र आयु जन्म से 21 वर्ष तक हो सकती है। भविष्य के प्रीमियम की छूट और इंटरनेशनल सेकंड मेडिकल ओपिनियन सेवा जैसी कई सुविधाओं से युक्त यह योजना माता-पिता को अपने बच्चे के भविष्य की तैयारी अधिक आत्मविश्वास और मानसिक शांति के साथ करने में मदद करती है। हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा पूरे आत्मविश्वास और आजादी के साथ अपने सपने पूरे करे। उस भविष्य की तैयारी में वर्षों की बचत लगती है।

सेंसेक्स में 318 अंकों की गिरावट

मुंबई। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति के 6.09 प्रतिशत पर पहुंचने के बाद नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि की आशंका के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी थम गई। सेंसेक्स 318 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 155 अंक की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 318.56 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 81,592.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.26 अंक यानी 0.75 प्रतिशत तक लुढ़क कर 81,288.75 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50



शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 155.05 अंक यानी 0.61 प्रतिशत टूटकर 25,144.30 पर बंद हुआ। इस महीने दोनों मानक सूचकांकों में आई यह पहली बड़ी गिरावट है। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो दो साल में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक के ऊपरी संतोषजनक स्तर (छह प्रतिशत) से अधिक है। महंगाई के आरबीआई की सहनशील सीमा से बाहर निकलने के साथ ही मौद्रिक नीति में फिलहाल राहत नहीं मिलने वाली है, जिससे बाजार में टिकाऊ सुधार की गुंजाइश सीमित हो जाएगी। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सिलेक्ट सूचकांक में 0.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक में 0.02 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों बात करें तो रियल्टी में 1.70 प्रतिशत, वाहन में 1.19 प्रतिशत, जिंस में 1.11 प्रतिशत, धातु में 0.93 प्रतिशत, तेल एवं गैस में 0.76 प्रतिशत, निजी बैंक सूचकांक में 0.68 प्रतिशत, बीमा में 0.67 प्रतिशत और बैंकेक्स में 0.64 प्रतिशत की गिरावट आई।

रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 94.20 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को रुपया आठ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.20 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका में महंगाई के उम्मीद से अधिक रहने, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की सख्त मौद्रिक नीति संबंधी टिप्पणियों से डॉलर मजबूत हुआ है। इससे ब्याज दरों में आगे और बढ़ोतरी की आशंका मजबूत हुई है। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में अधिक बढ़ोतरी की संभावना से रुपये पर दबाव बना रह सकता है। इसके अलावा, डॉलर की मजबूती और अमेरिकी परिसंपत्तियों का अधिक आकर्षक होना उभरते बाजारों से विदेशी पूंजी की नई निकासी का कारण बन सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.07 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.05 के उच्चस्तर तक गया और 94.28 के निचले स्तर तक आया। कारोबार के अंत में यह 94.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को 41 पैसे टूटकर 94.12 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये में गिरावट आई और यह लगभग 0.22 प्रतिशत टूटकर 94.23 के स्तर पर आ गया।

इंटरटेनमेंट...

अंकिता भंडारी हत्याकांड: अभिनेत्री उर्मिला सनावर का नार्को, पॉलीग्राफ टेस्ट गुजरात के गांधीनगर में होगा

देहरादून। उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी की भूमिका की जांच के सिलसिले में टेलीविजन अभिनेत्री उर्मिला सनावर शुक्रवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अदालत में पेश हुईं।

अदालत में उर्मिला के नार्को एनालिसिस और पॉलीग्राफ टेस्ट गुजरात के गांधीनगर में कराने का फैसला लिया गया। हालांकि, उर्मिला की वकील शिवानी तोमर ने बताया कि अदालत ने अब तक परीक्षण की तारीख तय नहीं की। शिवानी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अदालत में नार्को एनालिसिस और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए सहमति दी गई तथा उर्मिला सनावर के बयान भी दर्ज किए गए। यह तय हुआ है कि दोनों टेस्ट गांधीनगर में होंगे लेकिन अब तक तारीख निर्धारित नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि नवंबर के तीसरे सप्ताह तक उर्मिला का चिकित्सकीय परीक्षण होने की संभावना है और इसके बाद नार्को एनालिसिस की तारीख तय की जा सकती है। इससे पहले 26 अक्टूबर को



उर्मिला सनावर की अदालत में पेशी होनी थी लेकिन उससे एक दिन पहले ही पुलिस ने उन्हें उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया था। उर्मिला के खिलाफ हरिद्वार में जबरन वसूली का एक अन्य मामला दर्ज है। पिछले सप्ताह हरिद्वार की एक अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। ऋषिकेश के पास स्थित वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करने वाली 19 वर्षीय अंकिता की 18 सितंबर 2022 को हत्या कर दी गई थी। रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने अपने दो कर्मचारियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। हालांकि, पिछले साल दिसंबर में सोशल मीडिया पर हरिद्वार के ज्वालापुर से पूर्व विधायक सुरेश राठौर और खुद को उनकी पत्नी बताने वाली उर्मिला सनावर के बीच कथित बातचीत के ऑडियो वायरल होने के बाद मामला फिर चर्चा में आ गया था। इन ऑडियो में हत्याकांड में एक वीआईपी की भूमिका और उसके नाम का जिक्र होने का दावा किया गया था। कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के दबाव तथा अंकिता के माता-पिता की मांग पर मुख्यमंत्री ने इस साल जनवरी में मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। भाजपा से निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर का भी इस मामले में नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट होना है। वह पहले ही अदालत में इन परीक्षणों के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं।

दिलजीत दोसांझ लैटिन ग्रैमी पुरस्कार समारोह में प्रस्तुति देने वाले पहले भारतीय बने

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंजाबी सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ लैटिन ग्रैमी अवार्ड समारोह में प्रस्तुति देने वाले पहले भारतीय कलाकार बन गए हैं। उन्होंने लास वेगास में 27वें पुरस्कार समारोह में प्यूर्टो रिको के गायक डैडी यांकी के साथ मंच साझा किया।

यह पुरस्कार समारोह 12 नवंबर को एमजीएम ग्रैंड गार्डन एरिना में हुआ, जहां दोनों कलाकारों ने हाल में जारी अपने साझा गीत पोकिटो पर प्रस्तुति दी। इस गीत में पंजाबी और लैटिन संगीत का संगम देखने को मिला। दिलजीत ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया खातों पर इस प्रस्तुति का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा, लैटिन ग्रैमी पुरस्कार समारोह में पंजाबी आ गए, ओए। दुनिया के हर मंच पर पंजाबी बोली जाएगी। बाबा सबका भला करें।



बड़े भाई डैडी यांकी का विशेष आभार। दो संस्कृतियों को एक मंच पर लाने के लिए धन्यवाद। हमें आमंत्रित करने के लिए लैटिन ग्रैमी पुरस्कार समारोह के आयोजकों का भी धन्यवाद। समारोह में बेबी रैक्स, बैड ज्ञाल, डिविनो, डीजे प्रीमियर, ग्रुपो निचे, जे व्हीलर, लिल सुपा, लुइस एनरिके, नैथी पेलुसो और एंजेल कुको पेना समेत कई अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी।

समारोह के दौरान मंच के पीछे डैडी यांकी की मां रोजा रोड्रिगेज से दिलजीत की हुई मुलाकात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। वीडियो में दिलजीत को रोजा रोड्रिगेज से परिचय कराए जाने के बाद सम्मान में उनके पैर छूने के लिए झुकते देखा जा सकता है। इस दौरान डैडी यांकी भी दिलजीत का अभिवादन करते नजर आते हैं। लैटिन ग्रैमी पुरस्कार समारोह में दिलजीत की इस प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी बढ़ती पहचान को और मजबूती मिली है।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com